सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 21 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 107, पेज 12, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 26.76 अंकों की उछाल

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 26.76 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। } 10

## बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा महिला सुरक्षा के लिए दुर्गा स्कवाड का गठन किया जायेगा। } 12



# जम्मू-कश्मीर : खाई में गिरी बस, 21 लोगों की मौत

## प्रधानमंत्री समेत वरिष्ठ नेताओं ने जताया दुख, मृतकों को 2-2 लाख की मदद

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने



दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीद में किसानों को दी बड़ी राहत

## फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे किसान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद में किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने किसानों को हो रही असुविधा के दृष्टिगत बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की कि फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति ही अपना गेहूं बेच सकेंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बेतहाशा गर्मी को देखते हुए सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, पंखा, छाजन समेत सभी मूलभूत



आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक, 20 अप्रैल दोपहर 11 बजे तक 42 हजार से अधिक किसानों से 2.38 लाख मीट्रिक टन से गेहूं खरीद की जा चुकी है। गेहूं बिक्री के लिए अब तक 4.77 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण भी कर लिया है। अब तक प्रदेश में 5400 से अधिक क्रय केंद्र स्थापित कर लिए गए हैं। यूपी सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि किसानों को हो रही असुविधा को देखते हुए यह बड़ा फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कहा है कि अब किसानों को प्रदेश के किसी भी क्रय केंद्र पर अपना गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्री दिखाने की जरूरत नहीं होगी। इस फैसले से छोटे किसानों को फायदा होगा, क्योंकि वे अपना गेहूं सेंटर पर नहीं बेच पाते थे और बिचौलिये इसका फायदा उठाकर कमीशनखोरी करते थे। बता दें कि इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य की गई थी। कई किसानों का पंजीकरण न होने या तकनीकी दिक्कतों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### जेल में ही रहेंगे पूर्व मंत्री आजम खां और अब्दुल्ला

रामपुर (उप्र)। फर्जी पैन कार्ड मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को रामपुर की सांसद (एमपी)। विधायक (एमएलए) सत्र न्यायालय से झटका लगा है। इस अदालत ने दोनों को सुनायी गयी सजा के खिलाफ उनकी अपीलें सोमवार को खारिज कर दीं। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जाली पैन पैनकार्ड बनवाने के मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की अपीलों को आज एमपी।एमएलए सत्र न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर विजय कुमार ने खारिज कर दिया। दोनों ने उन्हें सांसद।विधायक अवर अदालत से नवंबर 2025 में सुनायी गयी सात-सात साल कैद की सजा के खिलाफ ये अपीलें दायर की थीं। सिंह ने बताया कि एमपी।एमएलए सत्र न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला छह अप्रैल को सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया।

### तालाब में डूबने से तीन भाई-बहनों की मौत

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कंधई थानाक्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तालाब में तीन सगे भाई-बहनों की डूबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह ने बताया कि साल्हीपुर कंजास गांव में विजय बहादुर यादव की बेटी रानी (12), बेटे मोहित (नौ) एवं रोहित (छह) घर के निकट ही तालाब में रोज़ की तरह आज दोपहर भी नहाने गए थे, मगर बहुत देर तक घर वापस न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। ऐसे में परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों की तलाश शुरू की गयी, काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चे तालाब से बाहर निकाले गये लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# बंगाल में दीदी का खेला खत्म, अब होगा विकास : योगी

## सैंड-कोल-कैटल माफिया चूस रहे बंगाल, ममता दीदी को जय श्रीराम के नारे से चिढ़

एजेंसी

पश्चिम मेदिनीपुर/पुरुलिया। पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंगला, जॉयपुर और गारबेटा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हो चुके हैं, जबकि ममता बनर्जी की सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया बंगाल को चूस रहे हैं, लेकिन सरकार कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा, शोभायात्रा और धार्मिक आयोजनों पर प्रतिबंध जैसी घटनाएं राज्य की स्थिति को दर्शाती हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार आने से ही बंगाल में विकास की नई शुरूआत होगी।



जॉयपुर की सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की गौरवशाली परंपरा रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और रामकृष्ण परमहंस जैसी विभूतियों से जुड़ी है, लेकिन आज प्रतिभा पलायन कर रही है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं खेला होवे, लेकिन इस बार खेला खत्म होगा और विकास प्रारंभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी मुक्त बंगाल का मतलब है विकास की शुरूआत। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्र सरकार की भेजी गई विकास योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 से पहले यूपी में अराजकता थी, लेकिन अब नो कर्फ्यू-नो दंगा की स्थिति है। उन्होंने कहा कि गरीबों को आवास, राशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिला है और कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का भी जिक्र किया। गारबेटा में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग सड़कों, छतों और वाहनों पर खड़े होकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते नजर आए। यहां उन्होंने कहा कि टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज और करप्शन है। उन्होंने... शेष पृष्ठ 10 पर

### नारी शक्ति मुद्दे पर भाजपा आक्रामक विपक्ष को घेरने के लिए आज पदयात्रा

लखनऊ। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक संसद के विशेष सत्र में पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के खिलाफ आक्रामक रुख अपना लिया है। पार्टी ने प्रदेश स्तर पर इस मुद्दे को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है और कई बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की है। भाजपा का कहना है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित न होने देना विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है। पार्टी अब जनसभाओं, महिला सम्मेलनों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से इस विषय को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रही है।

रणनीति के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव और शहर-शहर जाकर महिलाओं से संवाद करेंगे और विपक्ष को महिला विरोधी बताने का अभियान चलाएंगे। पार्टी का लक्ष्य इस मुद्दे को जनचर्चा का केंद्र बनाना और राजनीतिक स्तर पर विपक्ष को घेरना है। भाजपा की ओर से 21 अप्रैल से राज्य में अभियान... शेष पृष्ठ 10 पर

### राहुल मामले की सुनवाई से अलग हुए न्यायाधीश

लखनऊ। राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता विवाद मामले में सुनवायी कर रहे, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने खुद को इस केस की सुनवाई से अलग कर लिया है।

जस्टिस विद्यार्थी ने मामले के रिकॉर्ड को चीज जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि नये जज को मामले को आवंटित किया जा सके। अपने आदेश में जस्टिस विद्यार्थी ने स्वीकार किया कि राहुल गांधी के खिलाफ गत 17 अप्रैल को खुली अदालत में फैसला लिखाने से पहले उन्हें केस के प्रस्तावित अभियुक्त राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उनका पक्ष सुनना चाहिए था। कोर्ट ने इसके लिए सभी पक्षकारों को आड़े हाथों लिया कि उन्होंने पूंछने के बावजूद कोर्ट को सही कानूनी स्थिति नहीं बतायी जिसके चलते उसके लिए मामले में अप्रिय स्थिाति बन गयी। जस्टिस विद्यार्थी ने इस मामले में सुनवायी पूरी करके 17 अप्रैल को खुली अदालत में अपना फैसला लिखा दिया। किन्तु आदेश के टाइप होने व उस पर हस्ताक्षर करके जारी करने से पहले जस्टिस विद्यार्थी के संज्ञान में इलाहाबाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 10 जिलों के डीएम बदले

## 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले, कल 40 अफसर हुए थे इधर से उधर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए दूसरे दिन कई जिलों में नए जिलाधिकारियों की तैनाती की है। इस बदलाव में अलीगढ़, अयोध्या, बाराबंकी और गाजीपुर समेत कई जिलों में नए डीएम नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार अविनाश कुमार को अलीगढ़, शशांक त्रिपाठी को अयोध्या तथा इशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही शासन स्तर पर भी कई आईएएस अधिकारियों को अहम विभागों में नई जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को 40 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया था। इसके बाद सोमवार को फिर 24 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया। इस क्रम में कुल 10 जिलों के जिलाधिकारियों को बदला गया है। सरकार का मानना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से कामकाज में




तेजी आएगी और व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। अधिकारियों को जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगातार दो दिनों से आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सोमवार को जारी सूची के अनुसार, गाजीपुर के डीएम अविनाश कुमार को अलीगढ़ का डीएम, अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद अरविंद सिंह को एटा का डीएम, विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी अमित आसेरी को बांदा का डीएम, उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण डॉ. अंकुर लाठर को फरूर्खाबाद का डीएम बनाया गया है। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना को हापुड़ का डीएम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया को अम्बेडकरनगर का डीएम, यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर नगर के एसीईओ चर्चित गौड़ को सोनभद्र का डीएम, अम्बेडकरनगर के डीएम अनुपम शुक्ला को गाजीपुर का डीएम, बाराबंकी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप

तोक्यो। उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। एजेंसी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 53 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था।

एजेंसी के अनुसार, कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) उंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) उंची लहर दर्ज की गई। इसने चेतावनी जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों से तत्काल समुद्र तटों और नदियों के किनारों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान-अमेरिका के बीच वार्ता पर संदेह

## होर्मुज जलडमरूमध्य के आस-पास फिर से शुरू हुआ संघर्ष

एजेंसी

इस्लामाबाद। नाजुक युद्धविराम के समाप्त होने के कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान सोमवार को अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता के एक नये दौर की तैयारी में जुट गया, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास फिर से शुरू हुए संघर्ष के कारण यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह बैठक हो भी पाएगी या नहीं।

सप्ताहांत में, अमेरिका ने एक ईरानी ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर हमला किया और उसे जब्त कर लिया। अमेरिका का कहना था कि उसने (मालवाहक जहाज ने) ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश की थी। ईरान के सरकारी मीडिया की खबर है कि तेहरान के



संयुक्त सैन्य कमान ने जवाबी कार्वाई करने का संकल्प लिया और उसके विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष से कहा कि ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर अमेरिकी खतरे नियोजित वार्ता से पहले अमेरिका की कपटता के स्पष्ट संकेत हैं। तनाव बढ़ने और सप्ताह के मध्य में युद्धविराम की समाप्ति के मद्देनजर, पाकिस्तान ने योजनानुसार मंगलवार को फिर से वार्ता करने के उद्देश्य से पिछले 24 घंटों में अमेरिका और ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** हर घर रोशनी की योगी सरकार की नीति को मिली अंतर्राष्ट्रीय मान्यता

# नासा के वर्ल्ड नाइट मैप में चमका यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नासा की ओर से जारी वर्ल्ड नाइट मैप में उत्तर प्रदेश का दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरना प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बनकर सामने आया है। यह केवल रोशनी का दृश्यात्मक आंकलन नहीं, बल्कि योगी सरकार के सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली के संकल्प की वैश्विक पुष्टि है। दरअसल, नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों पर आधारित एक नया ग्लोबल मैप जारी किया है, जिसमें दिखाया गया है कि 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात की रोशनी में कैसे बदलाव आया



है? वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की तस्वीर बनाने के लिए नौ सालों तक हर रात जमा की गई 16 लाख सैटेलाइट तस्वीरों का विश्लेषण किया। नतीजों से पता चला कि शहरी विकास के कारण उत्तरी भारत में, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार में रात की रोशनी का स्तर बढ़ गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में बीते वर्षों में जो संरचनात्मक बदलाव किए हैं, उनका प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी दिखाई दे रहा है। गांव से शहर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने नीति, प्रबंधन और तकनीक के स्तर पर व्यापक सुधार किए हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को नई दिशा मिली है। उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ-साथ ऊर्जा के विविध स्रोतों को मजबूत किया गया है, जिससे बढ़ती... शेष पृष्ठ 10 पर

# आयुष्मान भारत का लाभ देने में यूपी देश में अव्वल

## नेशनल हेल्थ अथॉरिटी ने पुणे में आयोजित शिविर में किया सम्मानित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ अधिकतम लाभार्थियों तक पहुंचाने में देश में अग्रणी स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) ने पुणे में 17 और 18 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ-साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के उत्कृष्ट संचालन के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह



सम्मान स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डिजिटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत करने में किए गए प्रयासों की सराहना के रूप में दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी और साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने और डिजिटल प्लेटफॉर्म के व्यापक उपयोग के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है, जिससे लाभार्थियों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल रहा है। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 6,433 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध हैं, जिनमें 3,521 निजी और 2,912 ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रही सरकार : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं।

सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं। 'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी।



- 'जनता दर्शन' में दर्द लेकर आई, दुआ देकर गई दीप्ति

वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए। सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

## महिला के विकास और उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर की बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश की महिलाओं के लिए उत्थान एवं विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं देने का काम किया है और इन योजनाओं से काफी सुखद अनुभव महिलाओं को हो रहा है। देश की आधी आबादी की दृष्टि से एक नारी शक्ति के लिए महायज्ञ का काम था । नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करना महिलाओं के लिए राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में सभी विपक्षी पार्टी के सांसदों से इस अधिनियम को पास करने के लिए समर्थन एवं सहयोग मांगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारा पोलिटिकल क्रेडिट लेने का कोई उद्देश्य नहीं है हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण करने के लिए प्रतिबद्धता है। भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर में इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था उससे ये विपक्षीय पार्टियों ने समर्थन नहीं किया इस पर विरोध दर्ज करने के लिए मंगलवार को सुबह सड़क पर महिला मतदाता उतरकर आक्रोश दर्ज करेगी। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि मंगलवार को कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास से विशाल आक्रोश रैली में मतदाता महिलाए सड़को पर उतरकर विपक्षीय पार्टियों का विरोध प्रदर्शन करेंगी। रैली मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर विधानसभा तक आयोजित की जाएगी।

## विकास के साथ विरासत का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- सरकार गढ़ रही नए उत्तर प्रदेश की पहचान
- एक्सप्रेस-वे से रश्मिरथी पर्व तक, विकास और संस्कृति का संतुलित मॉडल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ महापुरुषों की विरासत को सम्मान देने की दिशा में योगी सरकार लगातार सकारात्मक पहल कर रही है। प्रदेश में एक ओर जहां एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, स्मार्ट सिटी, निवेश और रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रनायकों, संतों, साहित्यकारों और समाज सुधारकों की स्मृतियों को सहेजने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। यही संतुलित सोच योगी सरकार की कार्यशैली को अलग पहचान दे रही है।

सरकार का कहना है कि केवल भौतिक विकास ही पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, प्रेरणास्रोत महापुरुषों और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत प्रदेश में समय-समय पर महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर बड़े स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वामी विवेकानंद, महाराजा सुहेलदेव, संत रविदास, कबीरदास, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जैसे महान व्यक्तित्वों को सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ह्यरश्मिरथी पर्वह्न आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष (75 वर्ष) पर हो रहे इस आयोजन में साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रचिंतन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि होंगे, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वहीं 24 अप्रैल को रश्मिरथी संवाद स्मारिका का लोकार्पण, राष्ट्रीय परिसंवाद तथा रश्मिरथी नाटक का मंचन होगा। 25 अप्रैल को स्वामी विवेकानंद के सांस्कृतिक भारत निर्माण में योगदान पर परिसंवाद और नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। 26 अप्रैल को लोकमान्य तिलक एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर चर्चा होगी। साथ ही अटल जी की कविताओं पर आधारित संगीतमय नृत्य नाटिका अटल स्वरांजलि तथा लोकमान्य तिलक नाटक मंचित होगा। यूपी में ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, संघर्ष और सामाजिक समरसता की प्रेरणा मिलती है। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई ऊंचाई मिली है। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे स्थलों का व्यापक विकास किया गया है। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान मजबूत हुई है और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

## कुछ राजनीतिक दल स्वार्थ के चलते बिगाड़ रहे सरकार की छवि



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी का एक ही सिद्धांत है कि किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं पहुंचे लेकिन कुछ राजनीतिक दल आपने निजी स्वार्थ के चलते अनाप-शनाप बयान बाजी कर सरकार की छवि को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। यह बात सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नौमेष त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा की भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है जनता का हित ही भाजपा के लिए सर्वोपरि है देश में जब से भाजपा की सरकार आई है पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के नेतृत्व में कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से वंचित हो उन्होंने कहा हमारे लिए राष्ट्र वाद सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बुलंदियों को छू रहा है प्रदेश में सख्त कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों की भावना व्याप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि आज निवेश के नाम पर प्रदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियां आ रही हैं इससे नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा मुद्दा विहीन हो चुकी विपक्ष दल लोकसभा और राज्यसभा लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने दिया इससे यह साफ हो गया है कि यह दल महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर 120 किमी की रफ्तार से फर्राटा भरेंगे वाहन

विशेष संवाददाता (vol)

- एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक सीधा संपर्क स्थापित होगा
- शाहजहांपुर के पास एक्सप्रेसवे पर 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी भी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण प्रस्तावित है। यह परियोजना प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को सीधे जोड़ते हुए आवागमन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली मानी जा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे को 120 किमी/घंटा की स्पीड के अनुसार डिजाइन किया गया है। इसका मतलब है कि मेरठ से प्रयागराज की लंबी दूरी अब पहले के मुकाबले काफी कम समय में तय की जा सकेगी। जहां पहले यह सफर 10-12 घंटे लेता था, अब 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा। इससे आम यात्रियों के साथ-साथ माल ढुलाई करने वाले वाहनों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) के एसीईओ हरि प्रताप शाही के अनुसार, यह एक्सप्रेसवे 6 लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 594 किमी है और राइट ऑफ-वे 120 मीटर चौड़ा रखा गया है, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित रहेगा। परियोजना को 4 समूहों में बांटकर विकसित किया गया है, जिससे निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सका। इसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और उच्च गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

एक्सप्रेसवे पर 2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज) के साथ 19 रैम्प टोल प्लाजा बनाए गए हैं। इससे वाहन चालकों को विभिन्न कट्स पर एंट्री और एग्जिट में आसानी होगी और जाम की स्थिति कम होगी। इसके अलावा यात्रियों के लिए 9 जन-सुविधा परिसरों का निर्माण किया गया है, जहां ईंधन, खानपान, शौचालय और विश्राम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बन सकेगी। इस परियोजना में गंगा नदी पर लगभग 960 मीटर लंबा और रामगंगा नदी पर करीब 720 मीटर लंबा पुल बनाया गया है। ये पुल न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि बाढ़ और जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक डिजाइन पर आधारित हैं। शाहजहांपुर के पास लगभग 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है, जो इस एक्सप्रेसवे की खास पहचान बन चुकी है। यहां इंडियन एयर फोर्स द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग का सफल परीक्षण किया जा चुका है। यह सुविधा किसी भी आपात स्थिति जैसे प्राकृतिक आपदा या सैन्य जरूरत में बेहद उपयोगी साबित होगी, जिससे एक्सप्रेसवे की सामरिक महत्ता भी बढ़ जाती है। गंगा एक्सप्रेसवे के चालू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र और पूर्वी यूपी के कृषि प्रधान क्षेत्रों के बीच सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी। उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पाद के परिवहन में समय और लागत की बचत होगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, खासकर धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यह एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का इंजन है। बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश आकर्षित होगा, नए रोजगार सृजित होंगे और प्रदेश ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में और मजबूत होगा।

## पीड़ित परिवारों की हर संभव करेंगे सहायता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को विकास नगर क्षेत्र स्थित टेढ़ी पुलिया पहुंचकर हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। श्री राय ने कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े, खाने पीने की राहत सामग्री भी वितरित की तथा उनके पुनर्वास की दिशा में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डा. शहजाद आलम, आसिफ रिजवी रिंकू, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डा. अमित राय, अरशद खुर्शीद, कै. वंशीधर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, हम्माम वहीद, आर्यन मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## लगातार बढ़ रही है बेतहासा बेरोजगारी : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई और उनके संगी-साथी साजिशों से बाज नहीं आएंगे। अब नकली विरोध की शूटिंग कराई जा रही है, । इसमें शामिल युवक-युवतियों का हम कोई दोष नहीं मानते हैं क्योंकि बेतहाशा बेरोजगारी के इस भाजपाई दौर में मजबूर होकर दो पैसों की उम्मीद में लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। भाजपा पहले गरीबी-मजबूरी पैदा करती है, फिर उन बेबस लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें अपने गंदे इरादों के लिए इस्तेमाल करती है। बंद कमरों में गुप्त योजना बनानेवाले ये भूमिगत लोग अपनी ह्यकाली करतूतोंह्न के कारण दुनिया के काले इतिहास में काली स्याही से लिखे जाएंगे। ये छल, धोखे और कपट का अंडरग्राउंड गैंग है।

## मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट मतदाता: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि 166 दिनों तक चलाई गई एसआईआर प्रक्रिया के बाद भी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट मतदाता व एक मतदाता का नाम चार-चार बार दर्ज होना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता व त्रुटि रहित बनाने के दावे पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे है। समाजवादी पार्टी की माँग है कि प्रदेश की सभी 403 विधान सभाओं में डुप्लीकेट व मल्टीपल इन्टरीज (दोहरी व बहुप्रविष्ट) मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाकर चिन्हित कर के डुप्लीकेट व चार-चार बार दर्ज मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा कर मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाया जाये जिससे कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2027 स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन्न हो सके। रायबरेली, 180-रायबरेली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पोलिंग बूथ संख्या (भाग संख्या) 111 में मतदाता मो0 राशिद पिता का नाम मो0 याकूब का नाम चार जगह दर्ज है, तथा चारो जगह इपिक नम्बर अलग-अलग है।

## स्कूल चलो अभियान से लाखों बच्चों की वापसी, सरकारी स्कूलों पर बढ़ा भरोसा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग ने पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव दर्ज किए हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में 13.22 लाख और 2025-26 में 15.84 लाख बच्चों का नामांकन हुआ। चालू सत्र में 20 अप्रैल तक मात्र 20 दिनों में 8.79 लाख से अधिक नए बच्चों का पंजीकरण दर्ज किया गया है।

आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सर्वे आधारित रणनीति अपनाई गई। वर्ष 2024-25 में 7.73 लाख बच्चों की पहचान कर उनमें से 2.69 लाख को कक्षा-1 में सीधे प्रवेश दिया गया, जबकि 5.04 लाख बच्चों को विशेष प्रशिक्षण के जरिए विद्यालयों से जोड़ा गया। आर्थिक बाधाओं को कम करने के लिए 1.30 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र की सहायता दी जा रही है। कक्षा 1 से 8 तक निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.32 लाख से अधिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं विकसित की गईं। वर्ष 2017-18 में जहां 36 प्रतिशत विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त थे, वहीं अब यह आंकड़ा 96.30 प्रतिशत तक पहुंच गया है। प्रदेश के 75 जनपदों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हजारों स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। 2.61 लाख शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए गए हैं और बड़ी संख्या में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के माध्यम से बालिका शिक्षा को मजबूती मिली है। वहीं पीएम पोषण योजना के तहत 1.52 करोड़ विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने शिक्षा कर्मियों के हित में 1.68 लाख शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि भी की है।

- ऑपरेशन कायाकल्प व स्मार्ट क्लास से मजबूत हुई शिक्षा व्यवस्था

## मोदी तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे क्या कहें : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो मीडिया के समक्ष दिखाया, जिसमें वह वर्ष 2023 में समस्त विपक्ष को महिला आरक्षण बिल पास होने की बधाई दे रहे हैं। फिर वर्ष 2026 में उनका राष्ट्र के नाम संबोधन दिखा रहे हैं, जिसमें वह कांग्रेस को बिल ना पास होने देने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। श्री राय ने कहा कि मोदी तय नहीं कर पा रहे हैं कि वो क्या कहें, क्या इल्जाम लगाए, सच तो यह है कि वह अपने जाल में स्वयं फंस गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बडी ही कुटिल तरीके से महिलाओं के आरक्षण को (जिस पर पहले ही निर्णय हो चुका था) परिसीमन के साथ जोड़ने का कुत्सित प्रसास किया। समूचे विपक्ष ने उनकी इस चाल को समझ लिया और उनके इस चालाकी भरे प्रयास को निर्णायक रूप से पराजित कर दिया। यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, हमारे संघीय ढाँचे और संविधान की जीत है। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला हितों के लिए समर्पित दल रहा है। हमारी सोच आजादी के नायकों द्वारा रखी गई नींव से प्रभावित है, हमने पहली महिला के रूप में एनी बेसेंट को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया था, आजादी के बाद पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में सुचेता कृपलानी, पहली महिला के रूप में इंदिरा गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री, पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती प्रतिभा पाटिल तथा पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष के रूप में मीरा कुमार के रूप नारी शक्ति के रूप में सशक्त बनाया।

## समाजवादी सरकार बनने पर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्तः अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता स्वास्थ्य सेवाओं की बबादी, खाद की कमी से जूझ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। श्री यादव सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में बुन्देल खण्ड सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर चल रही बिजली की ठगी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की जनता के गुस्से का मीटर हाई है, क्योंकि उसे पता चल गया है कि बेवजह जरूरत से ज्यादा मीटर रीडिंग आने और बिजली का खर्चा बेतहाशा बढ़ने का असली कारण भाजपा का भ्रष्टाचार है। भाजपा के बिजली मीटर भी, ईवीएम मशीन की तरह हेराफेरी करते हैं।

श्री यादव ने कहा है कि भाजपा झूठे आरोप लगाकर समाजवादियों को बदनाम करने की कोशिश करती है। भाजपा चाहे जितना भ्रामक प्रचार कर ले, उसकी एक भी चालाकी नहीं चल पाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकताओं को एकजुटता और आपसी तालमेल करके भाजपा को 2027 के विधानसभा चुनाव में पराजित करना है।

# रेलवे तीन महीनों में देशभर में संचालित करेगा 18,262 विशेष ट्रेन ट्रिप

## 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक 908 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



- यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ग्रीष्म ऋतु के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेलवे ने देश भर में बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन सेवाओं को मंजूरी देकर गर्मी के चरम मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 15 अप्रैल से 15 जुलाई, 2026 तक की अवधि के लिए कुल 908 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों को मंजूरी दी गई है, जो बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 18,262 ट्रिप संचालित करेंगी, इनमें से 660 ट्रेनों को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है, जिनमें 11,294 यात्राएं शामिल हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि नियोजित सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा यात्रियों के लिए बुकिंग और यात्रा योजना बनाने के लिए काफी पहले से ही उपलब्ध है।

**सभी प्रमुख जोनों में ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन :** दक्षिण मध्य रेलवे 124 ट्रेनों (1,184 ट्रिप) की मंजूरी और 76 ट्रेनों (324 ट्रिप) की अधिसूचना के साथ सबसे आगे है। पश्चिमी रेलवे ने 106 ट्रेनों (2,078 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 92 ट्रेनों (1,667 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर पश्चिमी रेलवे ने 76 ट्रेनों (2,245 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है और 62 ट्रेनों (1,878 ट्रिप) को अधिसूचित कर दिया है। उत्तरी रेलवे ने 76 ट्रेनों (2,090 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 56 ट्रेनों (1,535 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। सेंट्रल रेलवे ने 74 ट्रेनों (3,082 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 70 ट्रेनों (2,238 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिणी रेलवे ने 72 ट्रेनों (558 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 38 ट्रेनों (133 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 64 ट्रेनों (2,711 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 38 ट्रेनों (1,060 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे ने 54 ट्रेनों (1,163 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 46 ट्रेनों (688 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। उत्तर पूर्वी रेलवे ने 52 ट्रेनों (814 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 34 ट्रेनों (477 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 28 ट्रेनों (410 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (88 ट्रिप) की सूचना जारी कर दी गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने 28 ट्रेनों (408 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (192 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। पूर्वी रेलवे ने 24 ट्रेनों (392 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 10 ट्रेनों (276 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे ने 24 ट्रेनों (220 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 20 ट्रेनों (141 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पूर्वी रेलवे ने 20 ट्रेनों (276 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 18 ट्रेनों (250 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 10 ट्रेनों (122 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 8 ट्रेनों (70 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पश्चिमी रेलवे ने 76 ट्रेनों (509 ट्रिप) को मंजूरी दे दी है, जिनमें से 56 ट्रेनों (277 ट्रिप) को अधिसूचित किया गया है।

## जीवन को सत्य और सदाचार से जोड़ता है श्रीमद्भागवत

### धामी ने यमकेश्वर के वानप्रस्थ आश्रम में कथा श्रवण कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की

**यमकेश्वर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जनपद के यमकेश्वर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के साथ कथा श्रवण किया। मुख्यमंत्री धामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को प्रकाशमान करने वाला दिव्य ज्ञान है। यह मनुष्य में सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करती है।



उन्होंने कहा कि भागवत कथा भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों की अमूल्य धरोहर है। इसके श्रवण से व्यक्ति के भीतर आत्मिक शांति, संयम, करुणा, सेवा भाव और नैतिक चेतना का जागरण होता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि ये समाज को संस्कारों और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जहां आस्था, अध्यात्म और संस्कृति हर कण में बसती है। राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। चारधाम यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनी है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसी उद्देश्य से धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कालसी-हरीपुर क्षेत्र में यमुना तट पर घाट निर्माण, शारदा कॉरिडोर परियोजना, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर तथा दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज जैसे कार्य प्रदेश के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा देंगे। इन परियोजनाओं से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से यमकेश्वर क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और पर्यटन से जुड़े विकास कार्यों को नई गति मिली है। इसका प्रत्यक्ष लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है।

## संक्षेप

### मारपीट की घटना में पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में पुलिस द्वारा दोनों पक्ष के खिलाफ दर्ज किये गये मुकदमे को लेकर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के घरौरा गांव की नूरजहां पत्नी मुस्ताक का आरोप है कि बीती सत्रह अप्रैल को बकरी के विवाद में पडोसी ने उसे मारापीटा था। मामले में दरोगा ने तहरीर देकर दोनों पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि बीती उन्नीस अप्रैल को भी आरोपियों ने घर आकर एकराय होकर उसे फिर मारापीटा। मामले की शिकायत करने पर दरोगा ने अभद्रता करते हुए उसे भगा दिया। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है।

### मारपीट व धमकी को लेकर चार पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे मादी ननौती गांव की मीरा देवी पत्नी स्व0 रामबली मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस अप्रैल को सुबह करीब साढ़े दस बजे रंजिशन किरन पत्नी पिंटू मिश्र, बाबूराम पत्नी रवि मिश्र, माता बदल पुत्र रामजग मिश्र तथा पिंटू पुत्र रामजग ने एकराय होकर पीड़िता व उसकी पुत्री प्रिया को लाठी डंडे से मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### घर से निकला किशोर गायब, अज्ञात पर केस

प्रतापगढ़। किशोर के घर से गायब होने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के नागपुर तिलौरी गांव निवासी इन्सानुल पुत्र मो0 ऐनुल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अठारह अप्रैल को रात करीब आठ बजे उसका तेरह वर्षीय पुत्र बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चल सका। मामले को लेकर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### छः सौ सतहत्तर मतदाता चुनेंगे नयी कार्यकारिणी

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस बार छः सौ सतहत्तर अधिवक्ता कार्यकारिणी के गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकेंगे। कई दिनों के अंतिम सूची को लेकर गहन परीक्षण और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए चुनाव समिति की सोमवार को हुई बैठक में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अंतिम सूची के प्रकाशन की घोषणा की। बैठक में अगले चुनाव कार्यक्रम विशेषकर नामांकन प्रक्रिया को लेकर भी समिति ने विचारविमर्श किया। पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 2024 तक के संघ एवं बार काउन्सिल में पंजीकृत अधिवक्ताओं की मतदाता सूची में सतहत्तर नामों की वृद्धि हुई है। पिछली मतदाता सूची से कई नाम जांच प्रक्रिया के तहत पृथक भी हुए है। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया। चुनाव समिति की बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, रामलगन यादव, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय भी मौजूद रहे।

### चोरों ने वृद्धा की गला दबाकर की हत्या

प्रतापगढ़। जिले के हथिगवां थानाक्षेत्र में कथित तौर पर अज्ञात चोर एक वृद्ध महिला की हत्या कर उसके आभूषण लेकर फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय ने सोमवार को बताया कि हथिगवां थाना क्षेत्र के भोला का पुरवा (बरना) में अपने घर में अकेली रह रहीं फुल्लझरिया देवी (85) की अज्ञात चोरों ने रविवार रात गला दबाकर हत्या कर दी और उनके पहने हुए चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। राय ने बताया कि इस घटना के संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध हत्या एवं अन्य अपराधों की लेकर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पति भगवत प्रसाद की मौत के बाद फुल्लझरिया देवी अपने बच्चों से अलग इस घर में रहती थीं। उन्होंने बताया कि छानबीन से ऐसा प्रतीत होता है कि रात अज्ञात चोर घर में घुसे तथा विरोध करने पर उन्होंने गला दबाकर फुल्लझरिया देवी की हत्या कर दी एवं उनके पहने हुए चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस घटना पर पहुंची तो उसने देखा घर का सामान बिखरा पड़ा था।

# कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण

## कुल 25 कर्मियों के एक दिन का वेतन कटा, मांगा स्पष्टीकरण



सिद्धार्थनगर- ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने गत सोमवार, को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर लापरवाही, अनुपस्थिति व अव्यवस्था पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कुल 25 अधिकारी-कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार, प्रोबेशन, भूलेख, कोषागार, उपजिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सहित कई शाखाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, उपस्थिति पंजिका और साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया।निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय बंद पाया गया, जबकि कई विभागों में अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित थे। संयुक्त कार्यालय के 13, भूलेख के 3, कोषागार के 6, आबकारी विभाग के 2 और प्रोबेशन विभाग के 1 कर्मचारी सहित कुल 25 कर्मियों की अनुपस्थिति पाई गई। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए इन सभी का एक दिन का वेतन काटने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासनहीनता, समयपालन में लापरवाही और जनता के कार्यों में बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि कार्यालयों में स्वच्छता, अनुशासन और पारदर्शिता प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई /कार्य शिथिलता स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

# दो मेडिकल छात्रों की डूबने से मौत

- बुढ़ी राप्ती नदी में हादसा, एक-दूसरे को बचाने में गई जान; दो साथी किनारे से लगाते रहे गुहार

सिद्धार्थनगर- जोगिया क्षेत्र में बुढ़ी राप्ती नदी में नहाने गए मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा सोमवार शाम करीब 4 बजे को योग माया मंदिर के पास हुआ, जहां चार छात्र नदी में उतरे थे। मृतकों की पहचान सचिन और सत्यम के रूप में हुई है ।जानकारी के अनुसार, चारों छात्र अपनी कार से बंधे तक पहुंचे और वहां से नदी किनारे नहाने गए। नहाने के दौरान सचिन और सत्यम अचानक गहरे पानी में चले गए। बताया



जा रहा है कि नदी के उस हिस्से में मोड़ होने के कारण पानी काफी गहरा है, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सत्यम को डूबता देख सचिन उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में चला गया। कुछ ही पलों में दोनों पानी में समा गए। दोनों के साथ मौजूद विनीत और नितेश किनारे से मदद के लिए चिल्लाते रहे। शोर सुनकर पास के चरवाहे भी पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दोनों छात्र नजरों से ओझल हो चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने गोताखोरों की मदद से दोनों को बाहर निकलवाया। मौके पर पहुंचे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। हादसे के बाद मौके पर प्रशासनिक टीम भी पहुंची। तहसील स्तर से विजय श्रीवास्तव सहित अधिकारी मौजूद रहे। छात्रों की मौत की खबर से मेडिकल कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के संबंध में कोतवाली जोगिया उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि चार छात्र नदी में नहाने आए थे, जिनमें से दो की डूबने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय स्तर पर तत्काल गोताखोरों को बुलाया गया और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, मामले में आवश्यक विधिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# ग्राम सचिव अंकित कुमार ने ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज की




बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनफेरवा बुजुर्ग में तैनात ग्राम पंचायत सचिव अंकित कुमार विकास कार्यों को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। उनके प्रयासों से सरकारी योजनाओं को गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है, वहीं स्वच्छता अभियान को भी गति मिली है। ग्राम पंचायत में नाली व खड़ंजा सड़क निर्माण कार्य कराकर आम नागरिकों को बड़ी राहत दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि साफ-सफाई व्यवस्था में भी सुधार आया है। सचिव अंकित कुमार की कार्यशैली से क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है।

## अस्थायी गोआश्रयों से 209 गोवंश होंगे स्थानांतरित



सिद्धार्थनगर- प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में अस्थाई गोआश्रय स्थलों से निराश्रित गोवंश को बड़े एवं सुविधायुक्त वृहद गो संरक्षण केंद्रों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन के आदेश के अनुपालन में नौगढ़ विकास खंड के तीन अस्थाई गोआश्रय स्थलों से कुल 209 गोवंश को महरिया स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र भेजा जाएगा। पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास की ओर से जारी पत्र के अनुसार, यह निर्णय प्रदेश में संचालित छोटे गोआश्रय स्थलों पर भार कम करने और गोवंशों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके तहत, महादेवा लाला अस्थाई गोआश्रय स्थल से 65, धेसा नानकार से 54 और रामगढ़ से 90 गोवंश स्थानांतरित किए जाएंगे। प्रशासन ने बताया कि गोवंशों का स्थानांतरण एक साथ न होकर चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा, जिससे पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानांतरण से पहले संबंधित गोआश्रय स्थलों का जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा। साथ ही, जिन वृहद संरक्षण केंद्रों में गोवंश भेजे जाएंगे, वहां उपलब्ध स्थान, चारा, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं का भी सत्यापन कराया जाएगा। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि कई छोटे गोआश्रय स्थलों पर 100 से कम गोवंश संरक्षित हैं, जबकि कई बड़े संरक्षण केंद्रों में पर्याप्त क्षमता खाली है। इसी के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने अस्थाई गोआश्रयों से गोवंशों को बड़े केंद्रों में स्थानांतरित करने की कार्ययोजना लागू की है। पत्र के मुताबिक, प्रदेश में वर्तमान समय में 469 वृहद गो संरक्षण केंद्र संचालित हैं। इसके अतिरिक्त, आगामी तीन माह में 50 से अधिक नए वृहद केंद्रों का निर्माण पूरा कर उन्हें संचालन के लिए हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि बीडीओ नौगढ़ की ओर से संबंधित ग्राम पंचायतों महादेवा लाला, धेसा नानकार और रामगढ़ के ग्राम प्रधानों व सचिवों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासन ने इस अभियान को 10 मई 2026 तक पूरा कर रिपोर्ट निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद ने भी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

# गांव में उद्योग लगाकर युवा बनें आत्मनिर्भर

## दस लाख तक ऋण, बेरोजगार युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशनलाल पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को अपने ही गांव में उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत पॉलिटेक्निक, आईटीआई उत्तीर्ण, तकनीकी रूप से प्रशिक्षित अभ्यर्थी, पारंपरिक कारीगर, व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले इच्छुक नवयुवक-नवयुवतियां आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।



योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजना स्वीकृत की जा सकती है। सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान देना होगा, जबकि टर्म लोन पर मात्र 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी द्वारा वहन किया जाएगा और शेष ब्याज शासन द्वारा वहन किया जाएगा। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक तथा सभी वर्ग की महिलाओं के लिए केवल 5 प्रतिशत अंशदान का प्रावधान है और टर्म लोन पर पूरा ब्याज शासन द्वारा वहन किया जाएगा। जनपद में योजना के तहत 20 प्रतिशत महिलाओं, 3 प्रतिशत दिव्यांगजनों तथा 20 प्रतिशत अल्पसंख्यकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी खनिज, वन, कृषि आधारित खाद्य उद्योग, रसायन, इंजीनियरिंग, ऊर्जा तथा वस्त्र उद्योग (खादी को छोड़कर) में अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। आवेदन हेतु अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के ई-पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा, जिसमें फोटो, शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाणित कार्यस्थल प्रमाण-पत्र (चौहद्दी सहित), प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, श्रावस्ती से संपर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्रों की जांच के बाद पात्र अभ्यर्थियों के ऋण प्रकरण बैंकों को अग्रसारित किए जाएंगे।

# इकौना पुलिस की तत्परता से आधे घंटे में मिला लापता बालक



श्रावस्ती। थाना इकौना पुलिस की तत्परता और सक्रियता के चलते एक 4 वर्षीय बालक को महज आधे घंटे के भीतर सकुशल खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवांश पाठक (4 वर्ष), पुत्र राधा रमन पाठक, निवासी महंगीलाल पुरवा, पोस्ट बालापुर, थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच, प्रतिदिन की तरह विद्यालय सनशाइन में पढ़ने गया था। विद्यालय की छुट्टी के बाद वह घर जाने वाले वाहन में न बैठकर खेलते-कूदते हुए कहीं भटक गया। बालक के लापता होने की सूचना मिलते ही थाना इकौना पुलिस तुरंत हरकत में आई। उपनिरीक्षक विशाल यादव, उपनिरीक्षक रामदुलारे यादव एवं पुलिस टीम ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश अभियान चलाया। पुलिस के अथक प्रयासों का परिणाम यह रहा कि कुछ ही समय में बालक शिवांश पाठक तहसील इकौना के पास भटकता हुआ सुरक्षित मिल गया। पुलिस टीम ने बालक को अपने संरक्षण में लेकर तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के लगभग आधे घंटे के भीतर ही बालक को उसके पिता राधा रमन पाठक एवं माता मानसी पाठक को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने थाना इकौना पुलिस की त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया।

# पंचायतों में प्रशासनिक हलचल तेज, 25 मई तक विकास कार्य पूरे करने के निर्देश



सिद्धार्थनगर- ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए पंचायतों में अधूरे विकास कार्य, लंबित भुगतान और संभावित वित्तीय विवादों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों और संबंधित अधिकारियों को 25 मई तक स्वीकृत विकास कार्य पूर्ण कराने तथा भुगतान संबंधी मामलों का समय रहते निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने स्पष्ट किया है कि ग्राम पंचायतों में केवल वही कार्य कराए जाएं, जिनके लिए पंचायत खातों में धनराशि उपलब्ध है। बिना बजट अथवा उपलब्ध राशि से अधिक कार्य कराए जाने की स्थिति में उत्पन्न होने वाले विवादों की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों पर तय की जाएगी। प्रशासन ने भुगतान विवादों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। डीपीआरओ ने चेतावनी दी है कि यदि ग्राम पंचायत खाते में उपलब्ध धनराशि से अधिक कार्य कराया गया या भुगतान को लेकर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हुआ तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इसे लेकर पंचायत स्तर पर वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। निर्देशों में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और संबंधित कर्मचारियों के समन्वय से लंबित कार्यों और अभिलेखों के निस्तारण पर भी बल दिया गया है, ताकि कार्यकाल समाप्ति के बाद शिकायत, बकाया भुगतान या विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासनिक सख्ती के बाद जनपद की पंचायतों में हलचल तेज हो गई है। कई ग्राम पंचायतों में अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराने और लंबित भुगतान निपटाने की कवायद शुरू हो गई है। सचिवों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बैठकों का दौर भी तेज हो गया है, जिससे कार्यकाल समाप्ति से पहले सभी विकास कार्य, भुगतान प्रक्रिया और अभिलेखीय औपचारिकताएं पूरी की जा सकें।

# डायट इकौना में भावपूर्ण विदाई समारोह संपन्न



इकौना श्रावस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, इकौना में वर्ष 2023 बैच के प्रशिक्षुओं के लिए एक सादगीपूर्ण, गरिमामय और भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रवक्ता गिरीश प्रसाद मिश्रा ने की। समारोह में आत्मीयता, सम्मान और स्नेह का वातावरण देखने को मिला।

अपने संबोधन में गिरीश प्रसाद मिश्रा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों का सच्चा मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और जीवन को दिशा देने वाला होता है। उन्होंने कहा कि विदाई का यह क्षण भावुक जरूर होता है, लेकिन यह नए अवसरों की शुरूआत भी करता है। प्रवक्ता ओपी यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में मिलना और बिछड़ना स्वाभाविक है, लेकिन साथ बिताए गए पल हमेशा यादों में जीवित रहते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल, सफल और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवक्ता अमित पाठक, दिव्य प्रताप सिंह, सरोज यादव सहित अन्य शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया। यह समारोह सभी के लिए यादगार और प्रेरणादायक बन गया।

# माला शर्मा सहित श्रावस्ती के दो पैरा लीगल वालंटियर्स सम्मानित

बस्ती/श्रावस्ती। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती द्वारा द्वितीय चरण के अंतर्गत क्लस्टर जनपद–गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच एवं बस्ती के पैरा लीगल वालंटियर्स हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई परीक्षा गृह, बस्ती में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बस्ती शमशुल हक, नोडल अधिकारी एवं अपर जिला जज प्रमोद कुमार गिरि तथा सचिव (पूर्णकालिक) देवेंद्र कुमार-1 द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में अपर जिला जज प्रमोद कुमार गिरि ने विधिक सेवाओं की सुलभता, आमजन की न्याय तक सहज पहुंच तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाते हैं और उनकी सक्रियता से समाज में विधिक जागरूकता का प्रसार होता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने भी जनकल्याणकारी योजनाओं, विधिक जागरूकता अभियानों एवं उनमें वालंटियर्स की सहभागिता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दौरान वालंटियर्स को जनसंपर्क की प्रभावी तकनीक, जमीनी स्तर पर कार्य करने की प्रक्रिया तथा समस्याओं के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान के उपायों से अवगत कराया गया।



कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पैरा लीगल वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में श्रावस्ती जनपद की माला शर्मा एवं हामिद हुसैन खां को ह्लबेस्ट पीएलवीह्व प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद माला शर्मा ने कहा, ह्लयह सम्मान मेरे लिए प्रेरणास्रोत है। मैं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर समर्पित रहूंगी।

इस उपलब्धि से श्रावस्ती जनपद में हर्ष का वातावरण है तथा अन्य वालंटियर्स को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के वालंटियर्स,डीएलएसए श्रावस्ती सचिव अनुप्रिया न्यायिक अधिकारीगण एवं विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मोना के जन्मदिन पर सशक्तीकरण की मजबूती का संकल्प

- बाबा धाम में हवन पूजन के साथ केक काटकर समर्थकों ने साझा की खुशियां





प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर क्षेत्र भर में विविध आयोजन हुए। मुख्य समारोह बाबा घुइसरनाथ धाम में जन्मदिन पर नारी सशक्तीकरण सम्मान 2026 में कांग्रेसियों व समर्थकों ने केक काटकर विधायक मोना के जन्मदिन की खुशियां साझा की। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख पुष्पा देवी, गीता देवी साहू, प्रेमा देवी, सुमन गुप्ता, कलावती, मोनी, व पूजा को सामाजिक सरोकार के लिए आयोजन समिति द्वारा बाबा घुइसरनाथ जी का चित्र व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रातः आयोजकों द्वारा बाबा घुइसरनाथ जी का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन व विशिष्ट अभिषेक कर विधायक मोना के सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना भी की गयी। धाम स्थित सांस्कृतिक मंच पर विधायक के जन्मदिन पर सशक्तीकरण एवं सुयशपूर्ण विकास के वातावरण के सृजन का सामूहिक संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी व विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी रहे। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विधायक आराधना मिश्रा के विधायी ज्ञान व उत्कृष्ट जनसेवा की सफलताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी व संचालन संयोजक अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने किया। समारोह में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, जिपंस रघुनाथ सरोज व लालजी यादव तथा लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, प्राचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ला, अधिवक्ता विकास मिश्र, छोटे लाल सरोज, पवन शुक्ला, पप्पू तिवारी ने विधायक आराधना मिश्रा मोना के जनोपयोगी कार्य संस्कृति का बखान किया। जन्मदिन पर कार्यकताओं ने केक काटकर खुशियां भी साझा की। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी हुआ। स्वागत पूर्व प्रधान आशुतोष मिश्र व आभार प्रदर्शन पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने किया। इस मौके पर आशीष तिवारी, इंद्रसेन सिंह, बृजकिशोर तिवारी, विनोद परिहार, त्रिभु तिवारी, चंदन पाण्डेय, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, पवन पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, शुभम श्रीवास्तव, सुमित त्रिपाठी, अतुल सिंह, आलोक सिंह, अतुल मिश्र, राकेश चतुर्वेदी, त्रिभु तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, दिनेश सिंह, आदि रहे। वहीं तहसील में अधिवक्ता शेड में गीता सिंह के संयोजन में भी विधायक मोना के जन्मदिन पर अधिवक्ताओं द्वारा सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना हुई। सांगीपुर के दलापटटी में डॉ0 अलका नारी शक्ति केंद्र पर रोहिणी मिश्रा के संयोजन में समूह की महिलाओं द्वारा विधायक मोना के जन्मदिन पर केक काटा गया। इस मौके पर रीता, सीता वर्मा, आशा सरोज, फूलकुमारी आदि रहीं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां और मासूम बेटे की मौत

औरैया। जिले के ऐरवाकटरा थाना क्षेत्र में सोमवार को बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मां और उसके तीन वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और पांच माह की मासूम बच्ची बाल-बाल बच गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कन्नौज जिले के ग्राम शिवसिंहपुर निवासी शिवम अपनी पत्नी शिवानी, तीन वर्षीय बेटे पुष्पम और पांच माह की बेटी सिद्धी के साथ बाइक पर सवार होकर सहायल क्षेत्र के पूरा कला गांव स्थित अपने मामा के घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ऐरवा बस स्टैंड के पास पहुंची, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## ससुर ने साथियों के साथ मिलकर दामाद को पीट-पीटकर मार डाला

कौशांबी। जिले के करारी थाना क्षेत्र के छोटा अड़हरा गांव में आठ साल पुरानी रंजिश के चलते 30 वर्षीय एक युवक की उसके ससुर और उसके साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान भरत यादव के रूप में हुई है, जिसने आठ वर्ष पहले अशोक पांडेय की बेटी के साथ उनकी मर्जी के खिलाफ विवाह किया था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच रंजिश थी। उन्होंने बताया कि भरत के पिता छोटे लाल के अनुसार, उनका बेटा हाल में गांव लौटा था। रविवार रात अशोक पांडेय अपने तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने देसी तमंचे की बट से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही हैं। गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# सीएम के विजन का कमाल

## कूड़े के पहाड़ को बना दिया पर्यटन स्थल



घनश्याम कुमार

गोरखपुर। नजर बदलने से नजारा कैसे बदलता है, इसका जीवंत उदाहरण राप्ती नदी का एकला बंधा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे ईको पार्क का लोकार्पण**

विजन से जो एकला बंधा कूड़े का पहाड़ बन गया था, वह अब शहर के एक नए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो गया है। लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर एकला बंधा पर नगर निगम ने ईको पार्क बना दिया है। इसके सामने की सड़क को भी फोरलेन बना दिया गया है। इस ईको पार्क और इसके सामने से बाघागाड़ा तक जाने वाली फोरलेन सड़क को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल (गुरुवार) को लोकार्पित करेंगे। इस समग्र परियोजना पर 41.50 करोड़ रुपये की लागत आई है। राप्ती नदी पर राजघाट पुल के समीप एकला बंधा पर कूड़े का विशाल ढेर पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन गया था। इस लिगेसी वेस्ट में मीथेन गैस उत्सजर्न के कारण कई बार स्वतः आग भी लग जाती थी। दुर्गंध और वायु प्रदूषण आसपास की आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ था। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल बताते हैं कि दशकों से इकट्ठा कूड़े के निस्तारण के लिए सीएम योगी के मार्गदर्शन में नगर निगम ने एक कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया और सुखद परिणाम आज सामने है।

नगर आयुक्त के अनुसार बायो रेमेडिएशन के माध्यम से नगर निगम ने 2.26 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कराकर 40 एकड़ भूमि को मुक्त कराया। इतने बड़े क्षेत्रफल में जमीन कूड़ामुक्त हुई तो इसे सिटी फॉरेस्ट और ईको पार्क के रूप में विकसित किया गया। अब लोग यहां प्राकृतिक एवं स्वच्छ वातावरण में पिकनिक मनाने आ सकेंगे। यहां वाकिंग ट्रैक और फुटपाथ बनाए गए हैं, जहां लोग मॉर्निंग और इवनिंग वाक कर सकेंगे। योग और ध्यान के लिए अलग स्थान हैं। बच्चों के लिए भी सुरक्षित किड्स जोन का विकास किया गया है। इसके अलावा नगर निगम ने ईको पार्क के सामने से होकर बाघागाड़ा तक जाने वाले 2.90 किमी लंबे मार्ग पर फोरलेन सड़क बनवा दिया है। इस फोरलेन सड़क के डिवाइडर पर ग्रीन बेल्ट भी विकसित किया गया है। लिगेसी वेस्ट के निस्तारण, ईको पार्क के विकास और फोरलेन सड़क निर्माण पर नगर निगम ने कुल 41.50 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विशाल कूड़े के ढेर को निस्तारित करने में 9 करोड़ रुपये जबकि ईको पार्क बनाने में 4.50 करोड़ रुपये की लागत आई। फोरलेन सड़क बनाने में 28 करोड़ रुपये व्यय हुए हैं। ईको पार्क एवं फोरलेन सड़क के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। यह अभियान, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सिटी लीडरशिप का विशेष कार्यक्रम है। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव का कहना है कि स्वच्छ स्कूल अभियान केवल स्वच्छता का कार्यक्रम मात्र नहीं है बल्कि यह आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी माध्यम है। स्वच्छ स्कूल अभियान के जरिये स्थायी व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता एवं सफाई, रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल, मासिक धर्म स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इस अभियान में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वार्ड, जोन और नगर स्तर पर वेस्ट टू आर्ट, निबंध, क्विज, रील्स जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल स्टार रेटिंग प्रणाली के माध्यम से स्कूलों को 1 स्टार, 3 स्टार या 5 स्टार स्वच्छ स्कूल का दर्जा प्रदान किया जाएगा।

# वाई मॉडल ओवरब्रिज बना तो उजड़ जाएगा तीन सौ परिवार, विधायक से लगायी गुहार

## निर्माणाधीन ओवरब्रिज को स्मारक से बाल बुजुर्ग रोड में जोड़ने का किया मांग

चौरीचौरा, गोरखपुर। मुंडेरा बाजार-भोपा बाजार के बीच स्थित रेलवे गेट संख्या 147 बी पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस ओवरब्रिज पर भोपा बाजार के चमड़ा मंडी से उठकर शहीद स्मारक की ओर जाने वाला सिरे का निर्माण हो रहा है। रेलवे क्रासिंग के ऊपर बन रहा ओवरब्रिज चमड़ा मंडी से शुरू होकर एक सिरा शहीद स्मारक की ओर तो दूसरा सिरा मुंडेरा बाजार में गिरेगा फिलहाल शहीद स्मारक की ओर ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। इसी बीच कुछ लोग ओवरब्रिज को वाई मॉडल में बनाने की मांग कर रहे है। अगर ओवरब्रिज वाई मॉडल में बना तो रेलवे क्रासिंग से लेकर दानी भवानी पोखरे तक के सैकड़ो दुकानदार इसकी चपेट में आकर उजड़ जाएंगे और भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे। क्षेत्र के भोपा बाजार निवासी पूर्व प्रधान प्रेम कुमार निषाद के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने चौरीचौरा विधायक इंजीनियर सरवन निषाद से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाई। प्रेम कुमार निषाद ने विधायक को बताया कि अगर ओवरब्रिज मुंडेरा बाजार की ओर बना तो विकास नहीं सैकड़ों लोगो का विनाश हो जाएगा। नगर के वरिष्ठ सामजसेवी राजेंद्र बरनवाल बताया कि मुंडेरा बाजार में दर्जनों स्कूल व कोचिंग सेंटर है। यहां दूर गांव से भी बच्चे पढ़ने आते है। अगर ओवरब्रिज का निर्माण हुआ तो एक किलोमीटर मीटर लंबा पुल पर आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहेंगी। विधायक सरवन निषाद ने लोगों से कहा कि ओवरब्रिज विकास के लिए बनेगा न कि किसी को उजाड़ने के लिये। उक्त अवसर पर राजेंद्र बरनवाल, दीपक जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, भवानी शंकर, जय गोविंद, अतुल गुप्ता, अवधेश त्रिपाठी, भरत लाल जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# सफारी पार्क में वन्यजीवों के लिए विशेष तैयारियां : निदेशक



इटावा। यमुना और चंबल के बीहड़ों में गर्मी का असर काफी ज्यादा महसूस होता है। बीहड़ों में पानी की कमी के साथ ही जीव जंतुओं को धूप से बचाव हेतु छाया की भी भारी कमी हो जाती है। उक्त के क्रम में इटावा सफारी पार्क में वास कर रहे वन्य जीवों को गर्मी तथा लू से बचाने के लिए हर वर्ष कुछ विशेष तैयारियों की आवश्यकता पड़ती है। जिसके अंतर्गत सफारी क्षेत्र में फूस के छप्पर लगाना तथा पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना है। साथ ही सभी नाईट सेल के तापमान को नियंत्रित करने के लिये खिड़कियों एवं दरवाजों में खस की चटाई लगाकर पानी से लगातार गीला रखा जाता है एवं डेजर्ट कूलर भी लगाये जाते है। उक्त के अतिरिक्त ब्रीडिंग सेंटर एवं पार्चुरिशन हाउस में एसी लगाए गए है जिससे कि शेरनी और उनके नवजात शावकों को बेहतर और ध्वनिरहित वातावरण मिल सके। सफारी पार्क निदेशक डा. अनिल पटेल व वन क्षेत्राधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में ब्रीडिंग सेंटर में पेड़ पौधों की छाया काफी बेहतर हो गई है जो बब्बर शेरों को प्राकृतिक वातावरण प्रदान कर रहा है। सफारी क्षेत्र तथा क्राल में भी फोगर लगाये गए है जिससे लॉयन सफारी क्षेत्र एवं क्राल को ठंडा रखा जा सके। भालू और लेपर्ड हाउस में कूलर और खस की चटाई लगाकर नाईट सेल को ठंडा रखा जा रहा है। इसी प्रकार डियर और एंटीलोप सफारी में तालाबों में लगातार ट्यूबवेल से पानी भरने की कार्यवाही की जा रही है ताकि सांभर और बारहसिंघा प्रजाति के हिरणों को अपना तापमान नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त स्थान मिल सके। लगर्मी के मौसम और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए सफारी पार्क के खुलने के समय में भी परिवर्तन किया गया है और 1 अप्रैल से सुबह 6.30 बजे से सफारी पार्क पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है क्योंकि सुबह और देर शाम के समय वन्य जीवों में सक्रियता काफी अधिक दिखाई देती है।

# गाजे -बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

गोरखपुर। बेलघाट कस्बा स्थित मिश्रौलिया गांव में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ में सोमवार को सनातनी जयकारों के घोस व गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमे क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि सहित ग्राम वासियों ने पित वस्त्र धारण कर बढ़ चढ़कर किया सहभाग। क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी व महाराष्ट्र में जी एस कंप्यूटर सर्विस के प्रबंधक व समाज सेवी अनुप मिश्रा की माता चंपा मिश्रा व पिता गौरीशंकर मिश्र द्वारा आयोजित आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ दिवस पर सोमवार को गाजे बाजे के साथ भव्यकलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित गांव की कन्याएं महिलाओं के साथ ही ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर सहभाग किया। कलश यात्रा का शुभारम्भ राष्ट्रीय कथा वाचक विधान्शु जी महाराज अयोध्या धाम एवं यज्ञाचार्य पवन के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन कर निकाली गई कलश यात्रा यज्ञ स्थल से गांव की परिक्रमा करते हुये गांव स्थित मुनि बाबा कुटी से सरयू नदी के कम्हरिया घाट पर पुनः यज्ञाचार्यो द्वारा मां सरयू के तट पर घटो मे जल भरने के उपरांत पुनः कथा स्थल वैदिक मंत्रोचार के साथ घट स्थापना की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजक परिवार के अमित मिश्र सतीश मिश्र योगेश मिश्र जवाहरलाल मिश्र अवधेश मिश्र विजय शंकर मिश्र निलेश मिश्र जय प्रकाश मिश्र संतोष मिश्र गिरजाशंकर मिश्र बाबूराम मिश्र दिवाकर मिश्र जनार्दन मिश्र सीताराम मिश्र गौरव मिश्र प्रदीप तिवारी सुरेश तिवारी जितेंद्र तिवारी रमेश तिवारी गुंजा बाबा नागेन्द्र प्रसाद मिश्र विरेन्द्र मिश्र गिरजेश मिश्र अभिषेक मिश्र मनोज मिश्र रवि मिश्र दिपक मिश्र बलवंत मिश्र मण्डल अध्यक्ष बजरंगी सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष तारकेश्वर मिश्र मदन सिंह विक्की सिंह वरिष्ठ पत्रकार अनुप सिंह आदि सहित सैकडो ग्रामीण व क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर हुआ भव्य समारोह

## देर रात तक गूंजे धर्म व एकजुटता के स्वर

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के बेवरी चौराहा स्थित नारायण रिसार्ट में रविवार की देर शाम परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम के अवतरण दिवस को भव्य समारोह के साथ मनाया गया। अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। देर रात तक चले समारोह में धर्म व एकजुटता के स्वर गूंजते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रृंजय मिश्र व मदरिया हनुमान मंदिर के महंत श्रीश दास ने कहा कि आज ब्राह्मणों को सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने महर्षि दधीचि का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने समाज की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उन्होंने ब्राह्मण समाज से शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष अवनीश मणि ने कहा कि भगवान परशुराम ने किसी जाति विशेष का नहीं, बल्कि दुराचारियों और स्वेच्छाचारियों का नाश किया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र मिश्र ने कहा कि ब्राह्मण समाज किसी का पिछलग्गू नहीं होता है। पूर्व प्राचार्य डॉ. फूलचंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम राजाओं के प्रमाद का दमन करने वाले थे और जहां प्रमाद हो, उसका दमन होना चाहिए। अधिवक्ता रविंद्र दुबे ने यूजीसी के विरोध में एकजुट होने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल, प्राचार्य डॉ. चंद्रभान मिश्र, उनवल के चेयरमैन महेश दूबे, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. प्रवीण तिवारी, साहिल विक्रम तिवारी, लल्लन दुबे, कांग्रेसी नेता सुभाष दास समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. विजयानंद तिवारी ने की, जबकि संचालन रंजीत तिवारी ने किया।



अंत में समिति के अध्यक्ष शार्दुल विक्रम तिवारी व शाहिल विक्रम तिवारी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष संपूर्णानंद शुक्ला, पूर्व जिपंस घनानंद यादव, ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सुनील तिवारी, डॉ अनूप तिवारी, पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव, सौरभ राय, नन्हे दुबे, हरिशंकर गुप्ता, सच्चितानंद राय, सत्यपाल पांडेय, संतोष तिवारी अमित दुबे, पंकज गुप्ता, निशीथ राय, गुड्डू राय, अनिल मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी, बंशीधर दुबे, देवेश शुक्ल, टिक्कू राय, सुराली प्रसाद, सहित अधिक संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शफी अहमद बालक उर्दू मोहल्ला वार्ड के निर्विरोध सभासद निर्वाचित



इटावा। नगर पालिका परिषद के उर्दू मोहल्ला वार्ड में सभासद की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में पूर्व सभासद का समर्थन मिलने और नामांकन वापस लेने से पूर्व सभासद शफी अहमद बालक वार्ड के निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। एडीएम आफिस में रिटर्निंग आफिसर सन्दीप कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। उर्दू मोहल्ला वार्ड के उपचुनाव में मृतक जावेद हुसैन सभासद की पत्नी शादमा भी प्रत्याशी बनना चाहती थीं लेकिन वह अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया में आठ मिनट की देरी से पहुंचीं जिसके चलते वह अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकीं। इस कारण चुनावी मैदान में मुकाबला सीमित हो गया और अन्य संभावनाएं खत्म हो गईं। रविवार देर शाम पूर्व सभासद शफीक मस्त खां ने शफी अहमद को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। इस फैसले के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई। शफीक मस्त खां द्वारा अपना नामांकन वापस लेने से शफी अहमद बालक निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 10 से 16 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए गए, 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच हुई और आज शफीक मस्त खां के नाम वापसी के बाद शफी अहमद बालक निर्विरोध सभासद चुन लिए गए। नवनिर्वाचित सभासद शफी अहमद बालक इससे पूर्व भी सभासद पद पर रहते अपने वार्ड का विकास कराने के साथ वार्ड के लोगों के दुख सुख में भागीदार रहते थे। नवनिर्वाचित सभासद बालक ने कहा कि हमें बहुत कम कार्यकाल मिल रहा है फिर भी हम उर्दू मोहल्ला वार्ड के विकास और वार्ड वासियों की समस्याओं का निराकरण कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कचहरी में शिवशंकर गुप्ता एड., मोहसिन अली एड., नदीम अहमद एड., खान अनवर फय्याज, बॉबी जावेद अख्तर, सना उल्ला बेग, अब्दुल जब्बार, राहत हुसैन रिजवी, इंतजार मेव, जफर अली, मुन्ना देवा, इरफान अहमद आदि ने शफी अहमद का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

# उन्नाव डीएम बने घनश्याम मीणा, गौरांग राठी को झांसी की कमान

उन्नाव। प्रशासनिक फेरबदल में उन्नाव डीएम गौरांग राठी का तबादला कर दिया गया है। उन्हें झांसी की कमान सौंपी गयी है। हमीरपुर के जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को उन्नाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्नाव में गौरांग राठी का करीब दो वर्षों तक चला कार्यकाल समाप्त हो गया है। गौरांग राठी का कार्यकाल जनहितकारी कार्यों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ विकास कार्यों को भी गति दी। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी डीएम राठी ने कई सराहनीय प्रयास किए। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण अभियान चलाए गए। स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष अभियान संचालित किए गए। विशेष रूप से अवैध खनन, अतिक्रमण और भू-माफियाओं के खिलाफ चलाए गए अभियानों ने उनके कडे रुख व अनुशासन को दशार्ने का काम किया। उनके नेतृत्व में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में बहुत सुधार हुआ। लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आई। नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीणा भी अपनी बेहतर प्रशासनिक सेवा के लिए जाने जाते है। राजस्व प्राप्ति के मामले में उनके जिले को प्रथम स्थान मिल चुका है।

# 6.13 लाख रुपये की रिकवरी

जिला संवाददाता

**उन्नाव।** बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक सहायक शिक्षक ने विभागीय अधिकारियों पर मनमानी, वेतन रोकने और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर शिक्षक द्वारा उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता शिक्षक गोपाल बाबू के अनुसार, विभाग द्वारा 6,13,111 रुपए की रिकवरी बिना स्पष्ट गणना (कैलकुलेशन) दिए निकाल दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार मांग करने के बावजूद संबंधित अधिकारियों बीएसए, वित्त एवं लेखाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अब तक कोई स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे रिकवरी की वैधता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिक्षक का कहना है कि पिछले लगभग 14 माह से उनका वेतन भी जारी नहीं किया गया है,

- **14 माह से वेतन रुका, शिक्षक ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया**

जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिना किसी ठोस कारण और सूचना के उनके वेतन खाते पर रोक (फ्रीज) लगा दी गई, जबकि विभागीय रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2021 का रिकवरी नोटिस वर्ष 2026 में जारी किया गया, जो विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। शिक्षक का आरोप है कि लगातार दबाव बनाकर और रिकवरी नोटिस जारी कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित शिक्षक ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो वह कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने सक्षम अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। इस प्रकरण में शिकायत की प्रतिलिपि बेसिक शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है, जिससे मामले ने प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल मचा दी है।

# वरिष्ठ नागरिकों को परशुराम सम्मान से सम्मानित किया



इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर एक विचार गोष्ठी व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह माँ जगदम्बा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया गया जो देर शाम तक चला। अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता संरक्षक पं.रामप्रकाश चैधरी ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में परशुराम समिति द्वारा 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ अभिषेक शुक्ला का लेखा परीक्षक के रूप में चयन होने पर व शिवेंद्र मिश्रा को सभासद मनोनीत किये जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने समिति के कार्यक्रमों बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि परशुराम सेवा समिति वरिष्ठ लोगों के अलावा मेधावियों को भी सम्मानित करती है। उन्होंने कहा कि समिति शीघ्र ही स्कूलों में संस्कारशाला का आयोजन करेगी। इस मौके पर संरक्षक हरसहाय पाठक, श्रीमती उषा अरविन्द, गीता दीक्षित, राजेश कुमार मिश्रा, अरविन्द तिवारी, गोविन्द त्रिपाठी, लालजी प्रसाद दुबे, रज्जन तिवारी, जगत नारायण दुबे, डॉ.अवधेश मिश्रा, अनिल दुबे, आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, प्रदीप शुक्ला, राजेश दीक्षित, अरुण तिवारी, सर्वेश मिश्रा, कन्हैयालाल पाठक, अशोक चैधरी, अवधेश किशोर तिवारी, शरद शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# भंडारे का आयोजन

पाटन, उन्नाव। तकिया मेला मैदान स्थित महावीर बाबा मंदिर मे सोमवार को राम दरबार एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्वान आचार्यों बाबा विजय दास, आचार्य अनुराग दास, आचार्य आशीष दास, प्रभाकर तथा विनोद शास्त्री द्वारा सनातन धर्म के अनुसार कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर प्राण प्रतिष्ठा के गवाह बने।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत हरैया विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/ राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 24.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हरैया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 24.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हरैया के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हरैया कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत हरैया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **राम कृष्ण यादव** | **श्री सुशील कुमार यादव** |
| **प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत हरैया** | **ग्राम पंचायत हरैया** |
| **सिद्धार्थनगर।** | **सिद्धार्थनगर।** |

# जुर्माने के बावजूद नहीं सुधर रहे इंडियन गैस एजेंसी संचालक

## छुट्टी के दिन कर्मचारी का सिलेंण्डर निकालते नया वीडियो सामने आया

उन्नाव। प्रशासनिक स्तर पर लगातार दावे किए जा रहे है कि गैस की आपूर्ति लोगो को सुलभता से हो रही है। तरह तरह के टोल फ्री नंबर भी जारी किए जा रहे है। इतना ही नही समाजिक संस्थान भी गैस की किल्लत को लेकर पूर्ति विभाग में शिकायत कर चुके है। बावजूद इसके एक गैस एजेंसी की कालाबाजारी थमने का नाम नही ले रही है। तकी नगर स्थिति इंडियन गैस एजेंसी में गैस लेने वालों की भीड नियमित बढती ही जा रही है। एजेंसी संचालक आपूर्ति कर पाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे है। वहीं एक वीडियों में देखा जा रहा है कि इंडियन गैस एजेंसी के दही चैकी क्षेत्र में स्थित गोदाम से छुट्टी वाले दिन यानी रविवार को बाइक में गैस सिलेण्डर लादकर ले जा रहे है। वही आम लोगो के लिए जब सिलेंडर की आपूर्ति के लिए वहां मौजूद कर्मियों से बात की गई तो वह लोग कहते नजर आए कि आवास विकास वाले गोदाम से कल मिलेंगे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि खास लोगो के लिए जहां सिलेण्डर की कोई दिक्कतें सामने नही आ रही है वहीं आम लोग सिलेण्डर की लाइनों में कई कई दिन लगकर



मायूस होकर माथे पर सर रखकर स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे है। आम लोगों की सुनवाई एजेंसी संचालक करते नही है वहीं अधिकारी भी व्यवस्था ठीक बताकर पल्ला झाड लेते है। एक तरफ चिलचिलाती धूप में अधिकारी आफिस से बाहर नही निकलते है वहीं आम आदमी लाइनों में खडा रहता है। कभी कभी चक्कर आने पर गस खाकर गिर भी जाता है। शहर के आवास विकास निवासी दिवाकर ने बताया कि 19 अप्रैल को सिलेण्डर की बुकिंग हो गयी थी। उसके बाद डीएसी नंबर जारी हो गया। 15 दिन बाद जब होल डिलिवरी नही पहुंची तब उपभोक्ता एजेंसी आया। उसे बताया गया कि आपकी बुकिंग कैसिंल हो गयी है। ऐसे मे गैस न होने पर उपभोक्ता कितनी तरह की परेशानियों से जूझता है यह एजेंसी संचालक नही समझते है। छवि कही न कही स्थानीय प्रशासन की खराब होती है। वहीं बुजुर्ग किला क्षेत्र के रहने वाले नफीस खां ने बताया कि रसीद कटने के तीन दिन बाद तक चक्कर लगाने पडे। लेकिन इस कडी धूप में खाली हाथ ही वापस लौटना पडा। वहीं एबी नगर निवासी मोहन वर्मा ने बताया कि उनको भी गैस के लिए काफी दिन किल्लत उठानी पडी। दोस्ती नगर निवासिनी माधुरी ने बताया कि बीती 17 अप्रैल को सिलेण्डर बुक हुआ था। जब डीएसी नंबर जारी नही हुआ तो महिला तकी नगर स्थित इंडियन गैस एजेंसी पहुंची। कई घंटे लाइन में लगने के बाद उनको यह कहकर लौटा दिया गया कि तुम 28 के बाद आना। उसके पहले बुकिंग नही होगी। ऐसे मे जब बुकिंग ही नही होगी तो आगे सिलेण्डर पाने की उम्मीद पहले ही दम तोड रही है। इस समय इंडियन गैस एजेंसी संचालक की मनमानी जोरों पर है। अगर शीघ्र ही इस एजेंसी पर कडी कार्यवाही नही होती है तो आमजनमानस को इसी तरह से समस्या से जूझना पड सकता है। वहीं मामले मे जब जिलापूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह से जब बात की गयी तो उन्होने बताया कि इस एजेंसी पर दो दिन पूर्व अनियमितताएं बरतने पर दस लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जा चुका है। अब ऐसे में एक और नया वीडियों की जानकारी आपसे हुयी है। इसकी जांच की जाएगी।

# हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव धनुआ निवासी युवक द्वारा दस अप्रैल को शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। 19 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक शिवशंकर सिंह हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पाठकपुरा से धनुआ जाने वाले मार्ग पर एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है, जिसके पास अवैध हथियार है। सूचना पर पुलिस ने मौके की घेराबंदी कर तलाश शुरू की। कुछ देर बाद मुखबिर के इशारे पर युवक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर करीब एक किलोमीटर दूर उसे पकड़ लिया।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना: 03/SE(TECH)/JZ/2026-27** | **वि.आ.सं.-967 दिनांक 20.04.2026** |
| कार्य का नाम अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. जानकीपुरम के 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, जी.पी.आर.ए., सहारा स्टेट, जानकीपुरम सेक्टर-6, इन्टीग्रल यूनिवर्सिटी व सृष्टि के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परितर्वकों की ढुलाई व प्रतिस्थापना का कार्य। | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क: रू. 3540.00 | धरोहर राशि: रू. 20000.00 |
| ई-निविदा की अन्तिम तिथि: 04 मई 2026 | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी। | |

# आग से दो दुकानें जलकर खाक, लाखों का नुकसान



सीतापुर। रेउसा के मुख्य चौराहे स्थित बिसवां रोड पर सोमवार सुबह भीषण आग लगने से दो दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, फैजान इलेक्ट्रीशियन ऑटो मोबाइल और सफीक ऑटो मोबाइल शॉप में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने दुकानों से धुआं और तेज लपटें उठती देखीं, जिसके बाद हड़कंप मच गया और लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही रेउसा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो आसपास की कई अन्य दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं और बड़ा नुकसान हो सकता था। प्राथमिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं दुकान स्वामी सफीक ने आरोप लगाया कि उनकी दुकान के पीछे अक्सर कूड़ा डाला जाता है और उसमें आग लगा दी जाती है, संभवतः उसी से आग फैलकर दुकानों तक पहुंची। घटना की सूचना पर रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मधवापुर जलालपुर में घर में लगी आग ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बिसवां/सीतापुर। तहसील क्षेत्र के मधवापुर जलालपुर गांव में सोमवार शाम एक घर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 4:30 बजे मंसूर अली के घर में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। देखते



ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर से धुआं व तेज लपटें उठने लगीं। आग की चपेट में आकर गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया, जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना देर किए आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास और तत्परता के चलते कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। वहीं, क्षेत्रीय लेखपाल ने पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस आगजनी में करीब 15 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

## पॉलीटेक्निक के स्वर्ण जयंती मंच पर बोतल लहराने का वीडियो वायरल

सीतापुर। जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक महमूदाबाद के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मंच पर बोतल लहराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद संस्थान प्रशासन ने इस पर स्पष्टीकरण जारी किया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ सेकेंड की अधूरी क्लिप डालकर संस्थान की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दृश्य पूर्व छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक नाटक का हिस्सा था, जिसमें प्रस्तुति के दौरान पात्र द्वारा हाथ में बोतल पकड़ी गई थी। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस घटना का शराब से कोई संबंध नहीं है और इसे गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। पूर्व छात्रों ने भी इस मामले में अपना स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि यह केवल मंचीय प्रस्तुति का हिस्सा था।संस्थान प्रशासन ने दोहराया कि जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों के शैक्षिक और नैतिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह की भ्रामक खबरों से बचने की अपील की है।

## स्मार्ट मीटर से 800 की जगह 1800 का बिल उपभोक्ता जमा रसीद लेकर भटक रहे



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में लगे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को झटका पर झटका देने लगे हैं उपभोक्ताओ ने आरोप लगाया बिल जमा होने के बाद भी सिस्टम पर बकाया दिखाकर बिजली कट जाने से भीषण गर्मी के बीच रहना पड़ रहा है। सामान्य मीटर में 800 की जगह अब 1800 का बिल आने लगा है। जिसको लेकर उपभोक्ता अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। बिल का भुगतान होने के बाद भी उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो जाने पर जमा रसीद लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, पूजा देवी,रजनी सैनी, अरविंद गौतम,राम प्रसाद समेत तमाम लोग स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता से शिकायत दर्ज कराई बावजूद स्थित जस की तस बनी हुई है जिससे क्षुब्ध होकर बिजली कनेक्शन काटने का प्रार्थना पत्र दिया है। समस्या का निस्तारण न होने के चलते उपभोक्ता चक्कर काटने को मजबूर हैं। भारी भरकम बिल आना और साथ ही बिल जमा होने के बाद भी बिजली कट जाने से पूरी रात सड़क पर जाकर बिताते हैं वहीं बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। वही जिम्मेदार अधिकारी समस्या समाधान को लेकर मेरे हाथ में नहीं यह ऊपर से है कहकर चलता कर देते हैं।

## भीड़ में बिछड़ी मासूम, दो घंटे में परिजनों से मिली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शिव मंदिर छोटी काशी में दर्शन के दौरान भीड़ में बिछड़ी तीन वर्षीय मासूम को पुलिस व स्थानीय लोगों की तत्परता से दो घंटे के भीतर उसके परिजनों से मिलवा दिया गया। सोमवार दोपहर करीब एक बजे एक बच्ची अपने परिवार के साथ मंदिर परिसर में आई थी, जहां भीड़ के दौरान वह अपने परिजनों से बिछड़ गई। बच्ची अपना नाम, पता या परिजनों की जानकारी नहीं बता पा रही थी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान मोहल्ला तीर्थ निवासी विशाल बाजपेई ने बच्ची को सुरक्षित अपने साथ लेकर स्थानीय थाने पहुंचाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ व संपर्क साधकर बच्ची के परिजनों का पता लगाने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची की पहचान स्नेहा (उम्र 3 वर्ष) पुत्री सतीश, निवासी ढका घनश्याम थाना बंडा जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। बच्ची के परिजनों ने पुलिस और सहयोग करने वाले स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

## बस की टक्कर से किशोर की मौत

लखीमपुर खीरी। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के पालिया लखीमपुर मार्ग के दाऊदपुर पेट्रोल पंप के पास भीरा-लखीमपुर राज्यमार्ग पर सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे एक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पलिया से लखनऊ जा रही खैरा ट्रांसपोर्ट की एक निजी बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर लगने से ग्राम-जहानपुर निवासी विशाल गुप्ता (पुत्र दीपक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि विशाल सुबह घर के लिए दाऊदपुर स्थित एक दूध डेयरी से दूध लेने गया था। वापस लौटते समय तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर फूलबेहड़ थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे राज्यमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।थानाध्यक्ष फूलबेहड़ के हस्तक्षेप से छोटे वाहनों के लिए जाम खुलवा दिया गया, हालांकि बड़े वाहन अभी भी फंसे हुए हैं। पुलिस ने शव और बस को कब्जे में ले लिया है। बस चालक की तलाश की जा रही है।

## दो सड़क हादसे में एक की मौके पर मौत, दूसरे ने रास्ते में तोड़ा दम

सीतापुर। जनपद में रविवार देर रात दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। हरगांव थाना क्षेत्र में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कोतवाली देहात इलाके में घायल युवक ने लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हरगांव के नयागांव फिरोजपुर निवासी अनुपम सिंह (38) रविवार देर रात हरगांव-महोली मार्ग पर टहल रहे थे। इसी दौरान फिरोजपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी बलवंत शाही के अनुसार अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं, कोतवाली देहात के मोहिद्दीनपुर निवासी अनूप अपनी कार से एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। सीतापुर-लखीमपुर हाईवे पर शाहमहोली के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर इंटरलॉकिंग के ढेर से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल अनूप को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में मारपीट

हरगांव/सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सरावां गांव के मजरा पंडित पुरवा में रविवार रात एक शादी समारोह के दौरान लतीफ पक्ष और अनीस पक्ष के लोगों के बीच गाली-गलौज व कहासुनी हो गई थी। मौके पर मेवारामनगर चैकी पुलिस भी पहुंची थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि इसी लापरवाही के चलते विवाद ने अगले दिन हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित लतीफ ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि विवाद से नाराज होकर विपक्षी अनीस, मुजाहिम, शरीफ और शकील ने सरावां चैराहे पर उसे लाठी-डंडों व बांके से हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे इस्लाम, बाबू और शफीक को भी हमलावरों ने बुरी तरह पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। मेवारामनगर चौकी प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि पहले कहासुनी हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र ने निवासी पीड़िता की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 16 अप्रैल को करीब दोपहर 12 बजे उसकी नाबालिग पुत्री को रियासत पुत्र कल्लू निवासी दलालपुरखा धोबियाना, थाना कोतवाली सदर बहला-फुसलाकर ले गया। घटना में तौफीक निवासी हाजीपुरवा थाना कोतवाली सदर की भी संलिप्तता बताई गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

पलिया कलां खीरी। श्री गुरु गोविंदसिंह महाराज राजकीय महाविद्यालय पलिया कलां खीरी में 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम, 2023' के प्रचार अभियान के अन्तर्गत प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डा० वसीम खान के निर्देशन में नारी शक्ति से सम्बन्धित ₹मानव श्रंखला एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सूर्य प्रकाश शुक्ल ने दी।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लगुचा निवासी भगवानदीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री बीती 18 अप्रैल की रात घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आरोप है कि शिवपुरी बाना निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर विवाह की नीयत से अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि दोनों के बीच पहले से संपर्क था। परिजनों ने युवती के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जनसेवा केंद्र के सामने खड़ी बाइक चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में जनसेवा केंद्र के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बहेरवा निवासी सर्वेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2 अप्रैल को वह अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक जनसेवा केंद्र करनपुर के पास खड़ी कर लखीमपुर इलाज कराने गया था। शाम करीब पांच बजे उसका भाई बाइक लेने पहुंचा तो वाहन मौके से गायब मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## जनगणना के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरू



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के अटल सभागार में राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना वर्ष 2027 को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तीन चरण में कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

ओएसडी शिवनंदन रस्तोगी और ई ओ मैं संयुक्त रूप से जानकारी देकर बताया जनगणना 2027 को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर और प्रगणक बनाए गए 49 कर्मचारियों में प्रथम चरण 20 अप्रैल सोमवार को तीन कर्मचारी अनुपस्थित रहे उपस्थित रहे कर्मचारियों को आनंद राय और दीपक कुमार द्वारा प्रथम चरण में मकान सूची और गणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं अनुपस्थित रहकर कर्मचारियों के लिए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## होमगार्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



- 16 केंद्रों पर 25 से 27 अप्रैल तक होगी परीक्षा, सीडीओ ने ली बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर 25, 26 एवं 27 अप्रैल को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सोमवार को अटल सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

सीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि परीक्षा संचालन से जुड़े नियमों का सभी अधिकारी गहन अध्ययन कर लें और किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की चूक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, नोडल अधिकारी (पुलिस)/एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, स्टैटिक ओर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए।

## सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में मानसिक स्वास्थ्य पर काउंसलिंग सेशन आयोजित



सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में सोमवार को कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षिक प्रगति एवं भावनात्मक संतुलन को ध्यान में रखते हुए एक काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया।

इस सत्र का संचालन काउंसलर (परामर्शदाता) तारिक सिद्दीकि द्वारा किया गया। काउंसलर ने विद्यार्थियों को तनाव और मानसिक दबाव से बचने के प्रभावी उपाय बताते हुए सकारात्मक सोच अपनाने, समय प्रबंधन करने तथा नियमित दिनचर्या बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर साझा किया, जिनका समाधान भी विशेषज्ञ द्वारा विस्तार से किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## पति ने पत्नी को मारी गोली पड़ोसी पर भी किया फायर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीगंज में सोमवार दोपहर एक अधेड़ ने पत्नी को गोली मार दी। बीच-बचाव करने से इनकार करने पर पड़ोसी युवक पर भी फायर किया गया। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। भवानीगंज निवासी जगत बहादुर सिंह ने विवाद के दौरान अपनी करीब 50 वर्षीय पत्नी को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी।

गोली सिर में लगने से महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। इसके बाद आरोपी ने पड़ोसी के बेटे से महिला को अस्पताल ले जाने में मदद मांगी। मना करने पर उसने उस पर भी फायर कर दिया, जिसमें युवक बाल-बाल बच गया।

लगातार फायरिंग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस और सीओ मौके पर पहुंचे। घायल महिला को सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मौके पर सीओ रमेश तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह सहित पुलिस बल तैनात रहा।

## रोहिला में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प आयोजित, 14 किसानों का हुआ पंजीकरण

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। महोली विकास खण्ड के ग्राम रोहिला में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को योजनाओं से जोड़ने के लिए पंजीकरण कराया गया।

राजस्व निरीक्षक पीयूष पांडेय ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से पंजीकृत किसानों को गेहूं क्रय, दलहनी-तिलहनी फसलों की खरीद, बीज, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन और कृषि यंत्रों सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा। कैम्प के दौरान किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 14 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया। अधिकारियों ने अधिक से अधिक किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## राजेपुर विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन



हरगांव/सीतापुर। हरगांव विकास क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय राजेपुर में शिक्षा चैपाल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं निपुण बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भर उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। इस दौरान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) द्वारा शिक्षकों को आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण विधियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षिका विभा मिश्रा द्वारा अतिथियों का टीका लगाकर स्वागत करने से हुई, जबकि शिक्षक आमोद कुमार राम ने सभी अतिथियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक मदन लाल गौतम ने किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य, एसआरजी आलोक श्रीवास्तव, एआरपी आलोक यादव, ब्रजेश शर्मा, सत्यांश सिंह, नावेद, इन्द्रसेन सहित संकुल के शिक्षक आमोद कुमार राम, वीरेंद्र कुमार, तुषार भारती, विनय दीक्षित, प्रवीण शंकर, सुरेंद्र प्रताप सिंह, हिमांचल प्रताप राजवंशी, प्रमोद कुमार, शैलजा मिश्रा, प्रदीप कुमार, सबा बानो, नीलम देवी, सूरज भार्गव, मो. रिजवान, बसंत त्रिवेदी, मो. सलीम, संगीता सक्सेना, दिनेश राज, सुभाष चौरसिया, बुशरा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

## सीडीओ ने कार्यदायी संस्था के साथ किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। जिला महिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने की लंबे समय से प्रतीक्षित प्रक्रिया अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी बाधा को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही कार्यदायी संस्था को तलबकर लिफ्ट संचालन का ट्रायल अपने समक्ष करवाया तथा तकनीकी खामियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण शिफ्टिंग प्रक्रिया को किसी भी दशा में इस माह के अंत तक पूरा किया जाए।

## भाजपा की बैठक में जन आक्रोश महिला पदयात्रा की तैयारियों पर मंथन



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर लखनऊ में आयोजित होने वाली जन आक्रोश महिला पदयात्रा को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) कमलेश मिश्रा ने की। बैठक के दौरान उन्होंने जिले से पदयात्रा में शामिल होने वाले पदाधिकारियों एवं महिला शक्ति की भागीदारी को लेकर जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने जनपद की कार्ययोजना विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि सीतापुर जनपद पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिला शक्ति लखनऊ पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराएगी।

बताया गया कि मंगलवार सुबह 4:30 बजे विभिन्न स्थानों से बसें लखनऊ के लिए रवाना होंगी। बैठक में विश्राम सागर राठौर, महेश शर्मा, सुधाकर शुक्ला पटेल, रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, जया सिंह, कामेश शुक्ला, सुधीर सिंह, प्रखर जायसवाल, नीरज अवस्थी, रितेश सिंह गौर, महेंद्र वर्मा, आकाश अग्रवाल, सचिन मिश्रा, सावित्री चैधरी, अजय भार्गव, मंजू राजवंशी, कंचन प्रभा पांडे, अमन विक्रम सिंह, कमलेश तिवारी, ललित मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## इंटर के छात्र की मौत

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव में एक 17 वर्षीय छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल यादव पुत्र मुन्नीलाल, जनता इंटर कॉलेज अंबारी में कक्षा 12 का छात्र था। रविवार रात अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे तत्काल फूलपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर हायर सेंटर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार को भेड़िया कुंवर नदी के तट पर छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है। घटना को लेकर कईतरीकी की चर्चाए व्याप्त है।

## अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

आजमगढ़। थाना मुबारकपुर पुलिस ने जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल 2026 को ग्राम सठियांव स्थित त्रिदेव ग्रुप प्लॉटिंग में हिस्सेदारी/निवेश के विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट हुई, जो बाद में उग्र होकर जानलेवा हमले में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें मऊ जनपद निवासी सत्यनन्द चैबे व विकास चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का उपचार जिला अस्पताल आजमगढ़ में चल रहा है। घटना के दौरान अभियुक्त कमलेश्वर दूबे उर्फ गोलू ने अवैध असलहा निकालकर विपक्षी पक्ष पर तानते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 146/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। इसी क्रम में 20 अप्रैल की सुबह लगभग 4:50 बजे उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव मय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दामोदरपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर अभियुक्त कमलेश्वर दूबे (28 वर्ष) पुत्र अरुण दूबे, निवासी दामोदरपुर गजहड़ा, थाना मुबारकपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अदद .315 बोर का तमंचा और दो जिन्दा कारतूस बरामद किए गए। अभियुक्त ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है और रंजिश के चलते अवैध असलहा अपने पास रखता था। घटना के दिन उसी तमंचे से उसने विपक्षी पक्ष को जान से मारने की नीयत से धमकाया था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में भी मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव व थाना मुबारकपुर पुलिस टीम शामिल रही।

## भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की बढ़ी परेशानी

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ के बीच श्रद्धालुओं को कड़ी धूप में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी लाइनों में खड़े भक्तों के पांव गर्म फर्श के कारण जल रहे हैं, जिससे स्थिति और भी कठिन हो गई है। खासकर गेट नंबर 2 और 3 -4 जाने वाले मार्ग पर धूप का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के दौरान गर्म जमीन पर नंगे पैर रहना बेहद तकलीफदेह है। भक्तों ने मंदिर प्रशासन से मांग की है कि छाया की व्यवस्था, मैट बिछाने और पानी के छिड़काव जैसे इंतजाम किए जाएं, ताकि दर्शन के लिए आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## डीएम ने टीबी मरीजों को भेंट किया पोषक पोटली

मीरजापुर। जिले को टीबी मुक्त बनाने के क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से नगर के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट कर योजना पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी से अपने-अपने क्षेत्र में टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने, मरीजों को नियमित दवा सेवन करने के लिए प्रेरित करते हुए जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीबी मरीजों को प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए इससे घबराने नहीं बल्कि समय से व नियमित दवा के सेवन पर जोर दिया।

# गर्मी और हीटवेव से सुरक्षा के लिए जारी किए निर्देश



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में भीषण गर्मी एवं संभावित हीट वेव/लू से जनसामान्य, पशुधन तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। शिक्षा विभाग विद्यालयों के समय में आवश्यक परिवर्तन किया गया है तथा छात्रों हेतु पेयजल, बिजली, पंखे एवं छायादार स्थानों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं विद्यालय भवनों में हीट रेजिस्टेंट उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकाय एवं नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड एवं अस्पताल परिसरों में शीतल पेयजल, छाया एवं कूलिंग सेंटर की व्यवस्था करने, पाइप जलापूर्ति की निगरानी रखने तथा पार्कों में छायादार स्थान विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पंचायती राज एवं ग्राम विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के टैंकर, हैंडपंपों की मरम्मत, पंचायत भवनों में कूलिंग शेल्टर, तालाबों व जल स्रोतों की सफाई एवं संरक्षण तथा मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पेयजल, टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता, पशुशालाओं में कूलिंग व्यवस्था एवं पशुपालकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। वन विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण, जंगलों में आग से बचाव एवं वन्यजीवों के लिए जल स्रोतों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 24 घंण्टे अलर्ट मोड में रखते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी उपकेंद्रों पर त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, खराब लाइनों की समय से मरम्मत तथा आपात स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारियाँ सभी सरकारी अस्पतालों, सीएचसीध्पीएचसी में हीट वेवध्लू वार्ड या अलग बेड की व्यवस्था करना। डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की 24 घंण्टे ड्यूटी सुनिश्चित करना। ओआरएस, ग्लूकोज, दवाइयों और आईवी फ्लूइड की पर्याप्त उपलब्धता रखना। एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड में रखना।

हीट स्ट्रोक के मरीजों का तत्काल उपचार और रेफरल व्यवस्था सुनिश्चित करना। लोगों को लू से बचाव के उपाय (क्या करेंध्क्या न करें) के बारे में जागरूक करना। अन्य विभागों के साथ समन्वय कर मजदूरोंध्मनरेगा श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना। परिवहन विभाग की जिम्मेदारियाँ बस स्टैंड व प्रमुख परिवहन स्थलों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था करना। यात्रियों के लिए शेडध्कूलिंग एरिया उपलब्ध कराना।

## गर्मी बढ़ते ही बाजार में बढ़ी देशी फ्रिज की मांग



दुद्धी, सोनभद्र क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है लोगों की परेशानी भी बढ़ती जा रही है। लोगों का कंठ गर्मी की तपिश से सूखने लगा है लोग अपने-अपने घरों में देसी फ्रिज यानी मिट्टी से बना बर्तन खूब खरीद रहे हैं। मिट्टी से बना मटके का पानी किसी फ्रिज से कम ठंडा नहीं है और पानी का स्वाद भी कई गुना बढ़ा देता है। मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी उत्तम है।

दुद्धी के साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र में बढ़ती प्रचंड गर्मी के मद्देनजर देसी फ्रिज की मांग काफी बढ़ गयी। मिट्टी के घड़े की बढ़ती मांग को देखते हुए बाजार में कुम्हार कई किस्म के मिट्टी के बर्तन बेच रहे हैं कुम्हार ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न प्रकार के घड़ा, सुराही, मटका आदि का निर्माण कर बाजार में बेच रहे हैं। आज भी देसी फ्रिज की मांग समाज के सभी वर्गों में है। खासकर ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जीवन व्यतीत करने वाले आदिवासी जनजाति परिवार इसके कायल हैं। बाजार में छोटे घड़े की कीमत 50 से 60 रुपए तक तथा बड़े घड़े की कीमत 100 से 150 तक में बिक रही है। मिट्टी के घड़े एवं बर्तन कारोबार में जुड़े कुम्हार बताते हैं कि हम लोग वर्षों से इस धंधे से जुड़े हुए हैं। बारहो महीना हमलोग विभिन्न बाजारों में मिट्टी से बने बर्तन बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पिछले पांच वर्षों से मिट्टी के बने बर्तन की बिक्री में कमी आयी है। गर्मी आते ही मिट्टी के बर्तन की बिक्री कुछ हद तक ठीक-ठाक होती है। हालांकि मिट्टी, कोयले आदि की बढ़ती महंगाई से कुम्हार परेशान हैं और उनका कहना है कि मेहनत के हिसाब से मिट्टी के वर्तनों का दाम नही मिल पाती है फिर भी हमलोग पुस्तैनी धंधे को संभाल रखा है।

## मुठभेड़ में एक गौतस्कर घायल, दो घायल



जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र में पुलिस और कथित गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार खुटहन थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि रसूलपुर स्थित रामअधार इंटर कॉलेज के पास जंगल क्षेत्र में कुछ लोग छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर वध के लिए ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने सेवई नाला के आगे रसूलपुर जाने वाले कच्चे मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस का दावा है कि खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मसमर्पण की चेतावनी दिए जाने के बावजूद फायरिंग जारी रही। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।पुलिस के मुताबिक जवाबी फायरिंग में हसनैन उर्फ गज्जू के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी की पहचान हसनैन उर्फ गज्जू पुत्र हद्दीश निवासी बीरी समसुद्दीनपुर थाना खुटहन, हाल निवासी लेदरही थाना खेतासराय के रूप में हुई है।घटना के दौरान इकबाल उर्फ गज्जू निवासी लमहन थाना महाराजगंज और आशिक निवासी बीरी समसुद्दीनपुर थाना खुटहन मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।पुलिस ने मौके से एक देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक अवैध चाकू, रस्सी और एक मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी पर पहले से गोवध निवारण अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट समेत कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

## बीएसएनएल कर्मियो के साथ सरकार कर रही सौतला व्यवहार: आनंद

- ओद्योगिक महंगाई भत्ता को लेकर बीएसएनएल के सभी संगठन हुए मुखर

आजमगढ़। आल यूनियन एंड एसोसिएशन आफ बीएसएनएल दिल्ली के आह्वान पर आजमगढ़ में बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन सहित सभी संगठनों द्वारा सोमवार को सी-डाट कार्यालय के परिसर में कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा लंच के दौरान सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। सरकार विरोधी नारे लगाए गए एवं कर्मचारियों की एकजुटता एवं कड़े संघर्ष का संकल्प लिया गया।

सहायक महासचिव आनंद कुमार सिंह ने कहाकि ने कहाकि यह प्रदर्शन दूरसंचार विभाग द्वारा इस महीने के वेतन के साथ ओद्योगिक महंगाई भत्ता बकाया के भुगतान की फाइल को मंजूरी देने में की जा रही अनावश्यक देरी के विरोध में प्रदर्शन करने को बाध्य है। इस देरी से न केवल बीएसएनएल कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, बल्कि पेंशनभोगी भी प्रभावित हुए हैं। इसे लेकर 16 अप्रैल 2026 को पूरे देश में सभी सीसीए कार्यालयों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किये जा चुके है। वहीं अब, सभी ईकाईयों द्वारा प्रदर्शन कर आवाज उठाई जा रही है। आनंद कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार बीएसएनएल कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अभी हम सातवें वेतन की मांग को लेकर संघर्षरत थे ही उसी में ओद्योगिक महंगाई भत्ता के मामले के जरिये सरकार हम कर्मचारियों को शोषण कर रही है। मांग पूरी होने तक हम पूरी एकजुटता के साथ खड़े रहेंगे।इसके अलावा रामफेर राम जिला सचिव, अभिनव द्विवेदी, हरिद्रश राय आदि ने जमकर सरकार के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली और मांगों को पूर्ण कर बीएसएनएल कर्मियों के साथ न्याय करने की बात कही। सांकेतिक धरने में कुसुमलता, किस्मती, संतोष सिंह, प्रशांत कुमार यादव, सुनील उपाध्याय कतवारु प्रसाद विश्वकर्मा, प्रथमानंद सिंह, विजय कुमार अवधेश तिवारी, अविनाश कुमार मौर्य, सादिक अली, वैष्णो सिंह, रवि प्रकाश देवेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर खुदकुशी करने का किया प्रयास

जौनपुर। नगर पंचायत केराकत के मोहल्ला सिपाह प्रथम वार्ड नम्बर 9 के निवासी 16 वर्षीय समीर कुरैशी उम्र सुकरू कुरैशी ने किसी बात से नाराज होकर फाँसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया ! परिजनों ने देखते ही समीर को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ प्रथम उपचार के बाद हालत बिगड़ती देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।समीर मोहल्ला शेखजादा के रोड पर स्थित एक दुकान पर नानरोटी बनाने का काम करता था ! इस बात की सूचना मिलनें पर मोहल्ले और बाजार क्षेत्र में लोगों द्वारा तरह तरह के चर्चा परिचर्चा का माहौल बना हुआ है ।

## फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के चित्तापुर गांव में विवाहिता 30 वषीर्या लक्ष्मी देवी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।लक्ष्मी देवी की मौत से कुछ समय पहले के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो में विवाहिता रोते हुए कह रही है कि उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे फांसी लगाकर मार डाला। दूसरे वीडियो में वह कहती दिख रही है कि दहेज के लिए ताना देकर उसे मरने पर मजबूर किया गया। सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले, नेवढ़िया थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी पिता शिव अधार पटेल और भाई सचिन पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने नेवढ़िया थाने में तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी बेटी लक्ष्मी पटेल की शादी मई 2019 में अजय पटेल (निवासी चित्तापुर, धनेथु) से हुई थी।तहरीर के अनुसार, शादी में 2 लाख रुपए नकद, एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल, 10 ग्राम सोने की चेन, एक अंगूठी और अन्य घरेलू सामान दिया गया था। इसके बावजूद, पति अजय पटेल, देवर मोहित पटेल, सास सुमित्रा और ससुर लालचंद पटेल संतुष्ट नहीं थे। वे चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर लक्ष्मी देवी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। मृतका की दो नाबालिग बेटियां हैं, नित्या (5 वर्ष) और नव्या (3 वर्ष)। पिता ने आरोप लगाया है कि पति अजय पटेल, ससुर लालचंद पटेल, देवर मोहित पटेल और सास सुमित्रा लगातार दहेज की मांग करते थे और उनकी बेटी को मारते-पीटते थे। उन्होंने जानबूझकर उनकी बेटी की हत्या की है।तहरीर के आधार पर, नेवढ़िया पुलिस ने रविवार रात करीब 10 बजे पति अजय पटेल, देवर मोहित पटेल, सास सुमित्रा और ससुर लालचंद पटेल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भागवत कथा में भक्ति की बहेगी बयार



जौनपुर। उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक धरती और जौनपुर जनपद आगामी 21 अप्रैल से पूरी तरह सनातन धर्म के रंग में रंगने जा रहा है। शहर के प्रतिष्ठित बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक, श्रद्धेय शिवानंद भाई श्री महाराज द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

पत्रकार संघ भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान, सनातन धर्म के ध्वजवाहक और जनमानस के प्रिय शिवानंद महाराज ने इस वृहद आयोजन की रूपरेखा साझा की। प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक।व्यवस्थारू कथा पांडाल में एक साथ 10,000 श्रद्धालुओं के बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है।कथा के प्रत्येक दिन आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का विशेष प्रबंध रहेगा। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। जौनपुर की धर्मपरायण जनता पिछले काफी समय से इस पल की प्रतीक्षा कर रही थी। बीआरपी इंटर कॉलेज का विशाल मैदान अब श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने के लिए तैयार है। प्रशासन और आयोजकों द्वारा सुरक्षा एवं स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। 21 अप्रैल से शुरू होने वाला यह भक्ति का महाकुंभ शहर में आध्यात्मिक चेतना का नया संचार करेगा।

## पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है गौरीशंकर धाम

जिला संवाददाता



शाहगंज, सोनभद्र।जनपद ऐतिहासिक धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से पीछे नहीं है। यहां मौजूद अनमोल प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की जरूरत है। यदि यहाँ की प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों को संरक्षित कर एक धागे में पिरोकर संवारा जाय तो वह दिन दूर नहीं जब औद्योगिक क्षेत्र के रूप में ख्याति प्राप्त करने के बाद सोनभद्र पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान कायम करेगा।

हालांकि शासन-प्रशासन की पहल से इसमें काफी परिवर्तन हुआ है। धार्मिक पर्यटन की लिहाज से देखा जाय तो जनपद मुख्यालय के राबर्ट्सगंज से महज आठ किमी दूरी पर कलवारी-खलियारी स्टेट हाईवे पर सदर ब्लाक के गौरीशंकर स्थित अति प्राचीन मंदिर अपने आप में कई रहस्यों को समेटे हुए है। जहां इस धाम में प्राचीनकाल से अनवरत मेले का आयोजन होता आ रहा है, वहीं मंदिर के निकट बूढ़ा बरगद अपनी कई शाखाओं के साथ अपनी उम्रदराजी को भी बयां करता है। इतना ही नहीं मंदिर में भगवान भोलेनाथ के साथ मां गौरी की सम्मिलित प्रतिमा भी अलौकिक है। इसके अलावां आदि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की भी प्रतिमा अपने आप में लोगों को आकर्षित करती है। बुजूर्ग बताते हैं कि यहां स्थापित शिवलिंग करीब तीन सौ साल पहले डोड़रा नाले से प्राप्त हुई थी। प्रत्येक शिवरात्रि को माँ गौरी और शिवजी का भव्य श्रृंगार होता है। मेले की खास बात यह है कि यहाँ का मेला शिवरात्रि से प्रारम्भ होकर लगभग एक पखवारे तक चलता है। इसके अतिरिक्त बसंत पंचमी को भी एक दिवसीय मेला लगता है। मेले में खाने-पीने के साथ-साथ जीवनोपयोगी तथा घर-गृहस्थी से सम्बंधित सामग्रियों की भी दुकानें लगती है। मेले में आने वाले लोग गुड़हिया जलेकी का स्वाद चखने से भी नहीं चुकते। खाते भी हैं और घर भी ले जाते हैं। पुरुषों के अलावां रंग-बिरंगे परिधानों में संजी-संबरी महिलाओं की भीड़ तो अत्यधिक आकर्षक लगती है। बच्चों और बुजुर्गो की भी भीड़ कम नहीं रहती

### पहले मेले में तय होती थी शादी

गौरीशंकर धाम मेले में पहले बिरादरी के लोग इकट्ठे होते थे। कुशल क्षेम के अलावां शादी-विवाह की भी बातें होती थी। इस दौरान कुछ शादियां तक भी हो जाती थी। प्रेम-व्यवहार एवं भाईचारा का भाव स्पष्ट रूप से दिखता था। लोग अपनी बिरादरी के सम्मानित बड़े बुजुर्गो की बात मानते थे। आसपास के गावों में स्थित अपनी रिश्तेदारी में लोग रूकते थे। इसकी तैयारी पहले से ही पूरी कर ली जाती थी। शादी के पूर्व क्षेत्र के लोग माँ पार्वती के चरणों में सिन्दूर चढ़ाकर उसी का प्रयोग शादी की रस्म के समय करना एक रिवाज सा बन गया हैं। हालांकि यह परम्पराएं अब लगभग समाप्त हो चुकीहै।

### सिमटता जा रहा प्राचीन मेले का आकार

कभी गौरीशंकर मेला क्षेत्र का आकार इतना बड़ा होता था कि बुजुगर्ग और बच्चे घूमते-घूमते थकान महसूस करने लगते थे। हाथी, बाघ, भालु, चीता, आदि जंगली जानवरों कि बुजुर्ग और बच्चे के साथ सर्कस में बड़े बड़े झूले भी आते थे ! इसका मेला में जाने वाला लगभग हर व्यक्ति लुत्फ उठाता था। कठपुतली व नौटंडी पार्टी का भी लोग मनोरंजन करते थे।

हर तरफ रंग-विरंगी परिधानों में सजीं संवरी महिलाएं झूण्ड में भगवान शंकर जी की स्तुति गाती हुई जाती देखी जाती थी। मेले को लेकर बच्चों, युवाओं में खास उत्साह दिखता था। महाशिवरात्रि के दो दिन पहले से ही नंग पांव पैदल कांवर में गंगा का पवित्र जल लेकर जलहरू यहां ह्यबम-बम-बम भोलेह्व के उदघोष के साथ आते थे। जो महाशिवरात्रि के भोर में श्रृंगारोत्सव के बाद आशुतोष भगवान शंकर को जलाभिषेक करते थे। अब इनकी संख्या भी न के बराबर हो गयी है। गौरीशंकर धाम परिक्षेत्र में स्थानीय लोगों की बढ़ती आबादी के करण मेला क्षेत्र के आकार सिमटने का प्रमुख वजह बताया जा रहा है। यदि यहीं हाल रहा तो उक्त अति प्राचीन मेला आने वाली पीढ़ियों के लिए सिर्फ कहानी बनकर रह जायेगी ?

### जरूरत है पर्यटन को बढ़ावा देने की

सोनांचल की वादियों में अवस्थित पर्यटन स्थलों को संरक्षित कर बढ़ावा देने के लिए सभी को पहल करने की आवश्यकता है। जिससे जनपद के गौरवमयी इतिहास को आने वाली पीढ़ी भूला न सके। ऐतिहासिक हो चाहे सांस्कृतिक अथवा प्राकृतिक तथा धार्मिक सभी स्थलों को संरक्षित और सुसज्जित करने में न केवल शासन-प्रशासन बल्कि सोनांचल के सभी रहवासियों का दायित्व है। इससे विश्व के पर्यटक मानचित्र पर जिले की पहचान बढ़ेगी।

## प्रॉपर्टी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में एक धराया

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को ग्राम सठियांव स्थित त्रिदेव ग्रुप प्लॉटिंग में हिस्सेदारी और निवेश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला गाली-गलौज से बढ़कर मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस घटना में मऊ जनपद के सत्यनंद चैबे और विकास चैबे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल आजमगढ़ में चल रहा है। घटना के दौरान कमलेश्वर दूबे उर्फ गोलू ने अवैध तमंचा निकालकर विपक्षी पक्ष को जान से मारने की नीयत से धमकाया। मामले में मुबारकपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने 20 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर दामोदरपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी कमलेश्वर दूबे (28) निवासी गजहड़ा, थाना मुबारकपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से .315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है और रंजिश के चलते अवैध असलहा अपने पास रखता था। घटना के दिन उसी हथियार से उसने विपक्षी पक्ष को धमकाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित मुबारकपुर पुलिस टीम शामिल रही।

## सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण शुरू



जौनपुर। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में एनआईसी कार्यालय वर्षों पुराने भवन में संचालित हो रहा था, जिसकी जर्जर स्थिति के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में छतों से पानी टपकने से तकनीकी उपकरणों, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) में बाधाएं उत्पन्न होती थीं। उक्त समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु क्रिटिकल गैप्स फंड के अंतर्गत इस आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण कराया गया है। नवीन कार्यालय में अत्याधुनिक सर्वर, उच्च गति इंटरनेट सुविधा एवं उन्नत वीसी कक्ष की व्यवस्था की गई है, जिससे शासन एवं जनपद प्रशासन के मध्य निर्बाध संवाद सुनिश्चित होगा। जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं वहां कार्मिकों को परिसर में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अवगत कराया कि द्वितीय चरण में हॉल के निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है, जिसका उपयोग बैठकों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किया जाएगा। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सुनील भारती, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 अरुण यादव, ईडीएम प्रतीक उपाध्याय, कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं एनआईसी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूल में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र



जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र मानशाहपुर स्थित नारायण पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी में मेधावी छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रबंधक राज नारायण सिंह ने मेधावियों को जीवन में ऊंची उड़ान के लिए जोश भरा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। ऐसे आयोजनों से छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के साथ ही उनका मनोबल बढ़ाना है। उन्होंने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाली छात्रा साक्षी पटेल, वंशिका, अदिप्री, सावनी यादव व श्रेया को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता सिंह ने आभार ज्ञापित किया। संचालन शिक्षक रणवीर सिंह ने किया। श्रुति सिंह, गौतम मुनि मिश्रा, अरुण कुमार पटेल, आदित्य सिंह, विवेक पाठक, आशुतोष राय व प्रिया सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय तहसील के हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के पूर्वा औसान सिंह गांव के पास अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे राहगीर तथा बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद राहगीर की गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी राजू (21) अपने पिता सभाजीत (50) को पीछे बैठा कर तिलांव गांव में रिश्तेदार के यहां गया था देर शाम घर वापस लौटते समय जैसे ही हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग के पूर्वा औसान सिंह गांव के पास पहुंचे कि पैदल जा रहे पूर्वा औसान सिंह गांव निवासी देवराज मौर्य (50) को टक्कर मार दिया जिससे गिरकर घायल हो गया। बाइक चालक सहित सवार भी घायल हो गए। चिकित्सक विमल कुमार के द्वारा तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद देवराज मौर्य की गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया ने जनसंपर्क कार्यालय में सुनीं जनसमस्याएं

मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को सरदार पटेल चौराहा स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन, एनडीए के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख लक्ष्य है और जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में एनडीए के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की और उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पराली को छोड़कर जानवरों के प्रति उपकार करें

जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र में इस समय गेहूं की कटाई मड़ाई का काम लगभग समापन की तरफ है। हार्वेस्टर से गेहूं की फसल की कटाई के बाद गेहूं की पराली खेतों में छूटी हुई है।अभी तत्काल इन खेतों में किसानों को किसी फसल की बुआई भी नहीं करनी है और पराली को खेतों में जलाना भी मिट्टी की सेहत के लिए अच्छा भी नहीं है लेकिन कुछ लोगों की आदत ही माचिस मारने की होती है जब तक पराली को आग न लगा दें तब तक कलेजे को ठंडक पहुंचती ही नहीं है।हम इंसानों के घरों में अनाज तो चला गया लेकिन इस पराली पर आश्रित जानवरों का हिस्सा हम भस्म कर देते हैं। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बहुत जगह जली पराली वाले खेत देखने को मिल जायेंगे। भेड़, बकरियां, गाय, भैंस इस पराली से लाभ उठाती हैं।इस सम्बन्ध में क्षेत्र के बामी गांव के किसान रवीन्द्र सिंह कहते हैं कि गेहूं की पराली में गेहूं की गिरी बालियां और दाने होते हैं जो भेड़ बकरियां बीनकर खा जाती हैं तथा मेड़ों पर हल्की हरी घास होती है जो जानवरों को चरने के काम आती है लेकिन आग लगाने से पराली के साथ- साथ घास भी जलकर राख हो जाती है।अभी तत्काल कोई फसल भी नहीं पैदा करनी है ऐसे में पराली को यथास्थिति में छोड़कर हम चरने वाले जानवरों के प्रति उपकार कर सकते हैं।

संक्षेप

## ओडीओपी योजना को लगेंगे पंख

**बहराइच।** प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम अन्तर्गत नवीन योजना वित्तपोषण हेतु सहायता योजना संचालित की गई है जिसके तहत जनपद बहराइच हेतु चिन्हित गेंहू के डण्ठल से निर्मित कलाकृति एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद के अन्तर्गत उद्योग, सेवा तथा व्यवसाय क्षेत्र में बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि योजना अन्तर्गत रू. 25 लाख से रू. 150 लाख तक परियोजनाओं पर 10 से 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी देय होगी। श्री वर्मा ने बताया कि योजना अन्तर्गत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियो को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक, महिला एंव दिव्यांग के लाभार्थियो को 05 प्रतिशत अुशदान के रूप में जमा करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में समंपर्क कर सकते है।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



- सभी चित्सकीय सुविधा है उपलब्ध, बाहर की दवा न लिखें: सीएमओ
- डिजिटल एक्सरे सुविधा चालू कराए जाने की स्टाफ ने की मांग।
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चो का हुआ वैक्सीनेशन

**कुशीनगर।** जिला चिकित्साधिकारी डॉ चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया का निरीक्षण किया और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिखाए जाने को लेकर निर्देशित करते हुए मरीजों के साथ अच्छा व्यहवार की सलाह दी। इसके पश्चात उन्होंने बीआरसी परिसर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में टीकाकरण का फीता काटकर शुभारंभ किया।

सोमवार को सीएचसी कसया पहुंचे सीएमओ डॉ त्रिपाठी ने सर्व प्रथम औषधि विभाग में मुख्य स्टोर की पंजिका और दवाओं का निरीक्षण किया तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी और यहां के चीफ फार्मासिस्ट वसीर अहमद से उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली। सीएमओ ने पूछा कि कितनी दवाएं आई हैं। जो दवा है उनकी एक्सपायरी डेट क्या है। जो दवा जल्द एक्सपायर होने वाली है। उसे पहले निकालें और जो दवा 2027 में एक्सपायर होने वाली है उसे बाद में निकालें। उन्होंने कहा कि यह सीएचसी जनपद में एक नीट एंड क्लिन आइडियल हॉस्पिटल है। सरकार अच्छे डाक्टर, दवा और बिल्डिंग सहित सारी सुविधा मरीजों को दे रही है।

हमारा कर्तव्य बनता है कि हम पूरी आत्मीयता के साथ मरीज से अच्छा व्यवहार करें और उन्हें सभी सुविधा उपलब्ध कराएं जो सरकार दे रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी दवा बाहर से नहीं लिखी जाय।

यहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ चतुर्वेदी, चिकित्साधिकारी संजय कुमार सिंह, आशुतोष मिश्र और स्टाफ ने यहां रखे डिजिटल एक्सरे मशीन संचालित करवाए जाने की मांग की।

जिसपर उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही एक्सरे सुविधा चालू कराई जाएगी।

इसी क्रम में सीएमओ ने नगर स्थित संविलयन में कक्षा 6,7,8 के बच्चो का टीकाकरण कैंप का उद्घाटन किया और कहा कि उन्होंने अपील किया कि अभियान के दौरान स्कूलों में डीपीटी बूस्टर-2 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चे (संभावित कक्षा-1), टी.डी.10 10 वर्ष के बच्चे (सम्भावित कक्षा-4 से 5) टीडी-16 16 वर्ष आयु के बच्चें (सम्भावित कक्षा 10 एवं 11) की अतिरिक्त डोज अपने बच्चों को लगवाने में सहयोग करें जिससे डिप्थीरिया जैसे जानलेवा बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। यहां सभी बच्चों का वैक्सीनेशन चिकित्सा टीम में शामिल डॉ एसके सिंह, एआरओ रत्नेश यादव, एएनएम ममता भारती, फार्मासिस्ट राकेश मणि, हरिवंश गुप्ता, प्रकाश, अमित सिंह आदि ने किया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह, पयोदकांत मिश्रा, शिक्षिका कल्पना सिंह, दुर्गेश यादव सहित बच्चे मौजूद रहे।

## हीटवेव से बचाव के लिए किसानों को अपनाने होंगे जरूरी उपाय



**देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने जनपद के समस्त किसानों को अवगत कराया है कि मौसम का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे कृषि फसलों पर लू (हीटवेव) का प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ गई है। इसको देखते हुए कृषि विभाग द्वारा फसलों की सुरक्षा तथा भूमि में जल एवं नमी संरक्षण हेतु आवश्यक सुझाव जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि फसल कटाई के बाद खेत में पड़े अवशेषों को न जलाएं। खेतों में नमी संरक्षण के लिए मल्चिंग एवं खरपतवार नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा मल्च के रूप में जैव उत्पाद एवं फसल अवशेषों का उपयोग करें। पौध तैयार करते समय भी मल्च का प्रयोग करना लाभकारी रहेगा सिंचाई जल के बेहतर उपयोग के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई पद्धति अपनाने की सलाह दी गई है। खेतों में नियमित अंतराल पर सायंकाल हल्की सिंचाई करें, जिससे नमी बनी रहे और पानी का अपव्यय न हो। साथ ही, अंतःकर्षण क्रियाओं के माध्यम से तैयार मल्च द्वारा भूमि से नमी के वाष्पीकरण को कम किया जा सकता है।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद के प्रयोग की सलाह दी है। अधिक तापमान में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि फसलों की बुवाई पंक्तियों में करें तथा सिंचाई जल के समान वितरण के लिए खेतों को समतल रखें धान की नर्सरी में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए सायंकाल सिंचाई करें। यदि कहीं अधिक पानी जमा हो जाए, तो उसकी निकासी तुरंत कर दें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की माता का निधन

**बरहज, देवरिया।** नगर क्षेत्र के आजाद नगर उत्तरी निवासी ब्लाक कांग्रेस कमेटी बरहज के अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी की माता हबीबुन निशा 90 पत्नी स्वर्गीय अब्दुल मोनाफ का रविवार की सुबह निधन हो गया। हबीबुन निशा काफी समय से बीमार चल रहीं थीं। निधन का समाचार सुनकर कांग्रेसजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके आवास पर शोकाकुल लोगों का तांता लग गया। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिहर तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम सुन्दर जायसवाल, वार्ड सभासद रतन सोनकर, विजय नेता, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष धनन्जय यादव, अब्दुल जब्बार आलम, आलोक त्रिपाठी, दीनदयाल प्रसाद, ग्राम प्रधान गणेश गिरि, विवेक गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अजीत जायसवाल, डा. एस एच लारी, चांद आलम, एडवोकेट राजेश कुमार गोयल, श्री निवास उपाध्याय, बबलू राईन, डा रोहित सिंह, विनोद सोनकर, मनोज गुप्ता, पुरूषोत्तम मद्धेशिया, शिव शंकर जायसवाल, आरिफ भोलू, शब्बीर अहमद शाह, नसीम अहमद, सेराज अंसारी, अनीस मंसूरी, राकेश यादव, संतोष वर्मा, अरविन्द वर्मा, आशुतोष शाह, मोहित राय आदि ने पहुंचकर शोक जताया। रविवार देर शाम स्थानीय पैना रोड स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के माता का निधन, कांग्रेस व अन्य दलों के लोगों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

# आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए गांव-गांव जागरूक करेगी प्रचार वाहिनी



- अपर निदेशक गोरखपुर मंडल ने झंडी दिखाकर ईलीडी प्रचार वाहन को किया रवाना

**देवरिया।** जिले में पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बन सकें, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव प्रचार अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सोमवार अपर निदेशक गोरखपुर मंडल डा. जयंत कुमार ने सीएमओ कार्यालय परिसर से ईलीडी प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहिनी जिले के गली, चौराहों से होते हुए गांव-गांव जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूक करेगी। अपर निदेशक डॉ जयंत कुमार ने कहा कि सभी सीएचओ, एएनएम, आशा वर्कर्स अपने कार्यक्षेत्र के तहत आने वाले गांवों में शिविर लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड सुनिश्चित करें। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा ने कि अब तक जिले में करीब आठ लाख लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और अब भी 6 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के कार्ड बनवाने शेष हैं। ऐसे में इन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकें, इसके लिए प्रचार वाहनों की शुरूआत की गई है। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय ने कहा कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड निशुल्क में बनाए जा रहे हैं। दौरान लाभार्थियों को कोई शुल्क देने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वह अपनी पात्रता की जांच टोल फ्री नंबर-14555/180011565 पर या फिर आयुष्मान भारत की वेबसाइट पर पता कर सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर साल प्रति चयनित परिवार द्वारा पांच लाख रुपये तक का उपचार फ्री में किया जाता है। इसके लिए लाभार्थी के पास आयुष्मान भारत का गोल्डन कार्ड होना अनिवार्य है। लाभार्थी अपना गोल्डन कार्ड दिखाकर पूरे भारतवर्ष में आयुष्मान भारत योजना के पैनल के किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी अस्पताल में भर्ती होने पर फ्री में उपचार करवा सकता है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, डिप्टी डॉ आरपी यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डॉ राकेश पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन शुरू

देवरिया जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया एवं महाराजा अग्रसेन कॉमर्स कॉलेज, देवरिया में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत यू.पी.एस.सी./यू.पी.पी.एस.सी., जे.ई.ई., नीट एवं एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कराई जाती है उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अभ्युदय प्रवेश परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया 20 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा जून माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

प्रवेश परीक्षा का परिणाम, काउंसिलिंग एवं मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जून माह के तृतीय सप्ताह में पूर्ण की जाएगी। कोचिंग कक्षाओं का संचालन 01 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा।

आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन पत्र जनपद स्तर पर महाराजा अग्रसेन कॉमर्स कॉलेज, देवरिया (मुख्यमंत्री अभ्युदय पुस्तकालय, कक्ष संख्या-4) से प्राप्त किए जा सकते हैं योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9140893676 (कोर्स को-ऑर्डिनेटर), 7258826133 एवं 9695925434 पर कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी एक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया एवं कक्षाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं। नीट/जेईई के लिए कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होंगे।

## न्यायालय के आदेश पर चार पर मुकदमा दर्ज

कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के पटहेरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लछिया मुखिया टोला निवासी पीड़ितो की गुहार पर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने चार लोगो पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गयी है। पीड़ित ने अपने पटीदार सहित कुछ अन्य लोगो पर गोरखपुर में जलसाजी के तहत जमीन बेचने और लाखो रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए लिए न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित सुमीरनाथ सिंह द्वारा न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि प्रार्थी का पटीदार राम सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह द्वारा बताया गया कि ग्राम मुंडेरा सुमही खुर्द थाना चौराखास निवासी अजय कुमार सिंह व राजन सिंह पुत्रगण शारदा सिंह व अपने साले अजीत सिंह पुत्र अज्ञात निवासी छठीयाँव, थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर एक सिंडीकेट बनाकर रियल स्टेट का काम गोरखपुर में करते हैं, और इस काम को करने के लिए एक कम्पनी भी बना रखी है। हमें कहा गया कि अगर तुम्हे या किसी को जमीन लेना होगा तो बताना। जिसके बाद उनकी बातो में आकर प्रार्थी और प्रार्थी के भाई राणा प्रताप सिंह की पत्नी रीना देवी ने अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई की सुविधा के लिए थोड़ा -थोड़ा जमीन लेने का विचार कर अपने पटीदार राम सिंह से 1200-1200 वर्ग फिट का प्लाट अ.सं.191(द)1.0300हे.भूमि ग्राम डोगरी, थाना खोराबार, जनपद गोरखपुर में राम सिंह के विश्वास पर लें लिया गया और उन्हें 9,30,000( नौ लाख तीस हजार) रुपए नगद और उनके भाई के खाते में रीना सिंह ने भी रुपए दे दिया। कुछ दिन के हिला हवाली के बाद 2022 को उक्त भूमि का बैनामा भी करा लिया। इसके बाद खारिज दाखिल के लिए 60 हजार रुपए और दे दिया गया, लेकिन आज तक खारिज दाखिल का कागज उनके द्वारा नही दिया गया। बाद में पता चला कि जो जमीन बैनामा कराया गया वह अभी भी उनके सिंडीकेट के द्वारा बनाई गई कम्पनी के नाम पर तहसील के अभिलेखागार में दर्ज नही है। जबकि हमारे नाम जमीन रजिस्ट्री कर दिया गया। इस तरह उनके द्वारा गिरोह बनाकर जमीन हथियाने का काम किया जा रहा है। बार बार इस मामले में हिला हवाली के बाद उनके द्वारा समझौता किया गया कि राम सिंह 10 लाख रुपए हमें वापस कर जमीन की रजिस्ट्री वापस करा लेंगे। जिसके बाद सिंडीकेट के मेंबर अजीत सिंह द्वारा रुपए 1,90,000 खाते में भेज दिया तथा शेष 28 लाख 10 हजार रुपए मई 2025 में देने को कहा, लेकिन उनके द्वारा रुपए वापस नही किया गया। रुपए मांगने पर उक्त के द्वारा जान माल की धमकी दिया जाने लगा। इस संबंध में उक्त लोगो के खिलाफ थाना पटहेरवा और पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देने पर जब कोई कार्यवाही नही हुई तो पीड़ितों ने जिला सत्र न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने उक्त लोगो के खिलाफ थाना पटहेरवा पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया, जिसके बाद पटहेरवा थाने की पुलिस ने राम सिंह निवासी लछिया देवरिया, अजय कुमार सिंह निवासी मुंडेरा सुमही खुर्द, राजन सिंह निवासी उपरोक्त, अजीत सिंह निवासी सठियाँव, पटहेर वा, कुशीनगर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत 318(4), 316(2), 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी

## गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने जिले के अधिकारियों को दिये निर्देश

जिला संवाददता

**बहराइच।** राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण बहराइच को दिये गए निर्देश के क्रम में बढ़ती हुई गर्मी व हीट वेव से बचाव हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा आमजनमानस, पशु-पक्षी आदि सभी को राहत दिये जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्त्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। डीएम ने अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। डीएम ने सभी कार्यालयों में शीतल

पेयजल की व्यवस्था के तहत कम से कम प्राकृतिक फ्रिज (मटके) की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहॉ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं।

# हत्या का मुकदमा दर्ज करने को लेकर हुआ सड़क जाम

जिला संवाददाता

- मुकदमा दर्ज होने के बाद आवागमन हुआ बहाल
- रविवार को शव फन्दे लटका हुआ मिला

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के रामपुर खुरहुरिया निवासी 20 वर्षीय सूरज राजभर के मौत के मामले में हत्या का मुकदमा पुलिस द्वारा दर्ज न करने पर आक्रोशित ग्रामीण शव आने के बाद ही सोमवार को सुबह से वाईपास रेलवे अण्डरपास के पास शव रखकर भरथुआ -भटनी -बनकटाशिव सडक मार्ग को बन्द कर दिया। चार घण्टे बाद चार नामजद व एक अज्ञात युवक पर मुकदमा दर्ज करने के बाद ही ग्रीमीणो सडक से जाम हटाया। तब आवागमन चालू हुआ और अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

बताया गया है कि रविवार के सुबह भटनी वाईपास रोड के जे डी उ मा विद्यालय रामपुर खुरहुरिया के पिछे एक पेड से फन्दे से लटका हुआ शव मिला। जिसकी पहचान रामपुर खुरहुरिया निवासी 22वर्षीय सूरज राजभर पुत्र मधु राजभर के रुप में हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। घटना के बाद से ही परिजन व सूरज का मामा लगातार पुलिस से हत्या की आशंका करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही की माँग करने लगे। पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव गाँव आया तो दाह संस्कार न कर सोमवार के सुबह से ही वाईपास रेलवे लाईन के ग्राम साहोपार के पास भरथुआ-भटनी-बनकटाशिव सडक मार्ग को शव रख कर जाम कर दिया और दुबारा पोस्टमार्टम कराने व मुकदमा दर्ज कराने की माँग करने लगे। सडक जाम की खबर से प्रशासन सतर्क होकर शान्ति बनाये रखने का लगातार प्रयास करते देखा गया लेकिन बात नही बनी ग्रामीण अपने माँग पर अडे रहे। सडक के दोनों तरफ लम्बी कतार लग गयी। मौके पर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय पुलिस क्षेत्राधिकारी रत्नेश तिवारी अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह नायब तहसीलदार हरि प्रसाद पहुंच गये। काफी समझाने का प्रयास करते रहे लेकिन बात नही बन पायी।

अन्त में मृतक का मामा ग्राम ठाकुर कोडरा थाना कोतवाली सलेमपुर निवासी संजय राजभर पुत्र स्व विमल राजभर द्वारा थाने तहरीर में लिखा है कि मेरा भाँन्जा सूरज राजभर मेरे घर रहता था। 18अप्रैल को सायंकाल लगभग पिवकोल से बाजार घर आ रहा था। जब पिवकोल के दुर्गा मंदिर पहुंचा तो मन्दिर के सामने अशोक कुमार यादवपुत्र शंकर यादव ग्राम पिवकोल थाना सलेमपुर कोतवाली बाईक से ठोकर मार दिया। मेरे भाँन्जे के बाईक पर पीछे मुकेश राजभर पुत्र शुदर्शन राजभर व नीरज राजभर पुत्र बहादुर यादव बैठे पीछे गिर गये। तभी अशोक उसका भाई संतोष यादव पुत्रगण शंकर यादव ग्राम पिवकोल थाना सलेमपुर कोतवाली व सच्चितानन्द पुत्र सत्यान्द पुत्रगण सुग्रीव ग्राम मिश्रौली कोईलाड थाना भटनी व 5-6लोग आकर मौके पर गाली देते व मारते पीटते घर में लेकर बन्द कर दिया।

मारने पीटने के बाद वही सूरज की मृत्यु हो गयी और शव को छिपा दिया। सूचना पर हम व रामपुर खुरहुरिया के आधे दर्जन लोग मौके पर गये तो वहां पता चला कि कमरे में बन्द कर सूरज को मारा पीटा गया है। रात भर खोजबीन किया गया लेकिन कहीं पता नही चला।

रविवार को शव फन्दे लटका हुआ मिला। पुलिस तहरीर के आधार पर पुलिस चार नामजद व पाँच अजयत लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

# डीआईओएस श्रवण गुप्त लोकायुक्त जांच के घेरे में

जिला संवाददाता

- लोकायुक्त का शिकंजा: डीआईओएस की घोटालों की परतें खुलने को तैयार, कार्यालय मे मचा हड़कंप
- फाइलों का खेल होगा बेनकाब

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मे भ्रष्टाचार व घोटालो की आंच अब सीधे राजधानी के प्रशासनिक गलियारों में पहुंच चुकी है। मजे की बात यह है कि इस बार डीआईओएस के उपर लगे आरोप सिर्फ आरोपो तक सीमित नही है बल्कि अधिकारिक जांच के घेरे में आ गया है। नियमो को ताक पर रखकर, तथ्य गोपन कर फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले शिक्षको को संरक्षण देने, बिना कार्य किये लाखो रुपये का एरियर भुगतान कराने व पद का दुरुपयोग कर अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोपों से घिरे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त अब लोकायुक्त के जांच के घेरे में आ गये है जिससे बचना अब डीआईओएस के लिए आसान नही होगा। बताया जाता है कि डीआईओएस के खिलाफ जांच के आदेश के बाद कार्यालय सहित फर्जी कार्यो लिप्त शिक्षको व कर्मचारियों की नींद उड़ गयी है। सूत्रो के अनुसार लोकायुक्त कार्यालय से जारी पत्र संख्या 68-2026/06, दिनांक 8 अप्रैल 2026 ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त की नींद उडा दी है। सबब यह है कि इस पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कुशीनगर निवासी परिवादी विरेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत 61 पन्नों के परिवाद और सीडी साक्ष्य के आधार पर पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए। पत्र के मुताबिक जिलाधिकारी कुशीनगर की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की एक त्रिसदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया गया है। इस समिति में एक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा एक शिक्षा विभाग के अधिकारी को शामिल करने की बात कही गई है, ताकि जांच केवल औपचारिक न होकर वित्तीय और प्रशासनिक दोनों पहलुओं से गहराई तक जांच की जा सके।

सबसे अहम निर्देश यह है कि जांच में परिवादी की सहभागिता सुनिश्चित की करने की बात दोहरायी गयी है मतलब यह कि शिकायतकर्ता भी सीधे जांच प्रक्रिया का हिस्सा होगा। साथ ही साथ साफ शब्दों में यह भी कहा गया है कि पूरी जांच आख्या 30 अप्रैल 2026 तक लोकायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जाए। कहना ना होगा कि अब तक जो आरोप फाइलों और चचाओं में सीमित थे, वे अब दस्तावेजी जांच और जवाबदेही के दायरे में आ गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त पर आरोप है कि विभाग में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले शिक्षकों को संरक्षण दिया गया और उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। इसके अलावा जिले के कप्तानगंज स्थित कनोडिया इंटरमीडिएट कालेज के सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय और विरेंद्र पाण्डेय से जुडा एरियर भुगतान कराने व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सखवनिया मे नियम विरुद्ध नियुक्त मृतक आश्रित लिपिक अविनाश गुप्ता का मामला भी चर्चा मे है। आरोप है कि इन शिक्षको द्वारा दो वर्षों तक कार्य न करने के बावजूद करीब दस-दस लाख रुपये का एरियर दिलाया गया, जो सीधे-सीधे वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वेतन निर्धारण, सेवा पुस्तिका में संशोधन, नियुक्तियों की वैधता और स्थानांतरण जैसे मामलों में भी कथित तौर पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गईं। विभाग के भीतर ह्लरेट तयह्व होने और बिना लेन-देन के फाइल आगे न बढान की चर्चा ने इस पूरे सिस्टम को संदेह के घेरे में ला दिया है। डीआईओएस पर सबसे गंभीर आरोप आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का है। शिकायतकर्ता का दावा है कि पद का दुरुपयोग कर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अकूत संपत्ति खड़ी की है, जिसकी जांच अब इस त्रिसदस्यीय समिति के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जांच करने वाली समिति को डीआईओएस सहयोग करते है यह फिर मामले को लीपापोती करने के लिए मैनेज करते है। हालाकि जानकारों का कहना है कि लोकायुक्त के जांच से बचना डीआईओएस के लिए मुश्किल होगा।

## सांसद व विधायक की भाजपा नपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाज़िलनगर के उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सोमवार को क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता शाही के पक्ष में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया।

जनसंपर्क के दौरान वार्ड संख्या 14, गंडक कॉलोनी एवं वार्ड संख्या 1, फाज़िलनगर में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने जनता से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि सुनीता शाही एक समर्पित, ईमानदार और संवेदनशील नेतृत्व की प्रतीक हैं। फाज़िलनगर के समग्र विकास, बेहतर सुविधाओं और जनहित के कार्यों को गति देने के लिए उनका विजयी होना आवश्यक है। श्री मणि ने क्षेत्र की जनता से आग्रह किया कि वे विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सुनीता शाही को अपना आशीर्वाद दें।

विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि यह चुनाव केवल एक पद का चुनाव नहीं, बल्कि फाज़िलनगर के भविष्य का निर्णय है। सुनीता शाही जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाली उम्मीदवार हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भाजपा को मजबूत करें और सुनीता शाही को विजयी बनाएं। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, जिला मंत्री कन्हैया शर्मा, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु जीत शाही, डा कमलेश शाही, डा डीके गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री संतोष दत्त राय, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, राणा प्रताप मिश्र, सभासद विजय शंकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,, शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, कुलदीप उपाध्याय, मनोज चौबे, उमेश गुप्ता, दुर्गेश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औद्योगिक शांति जरूरी

नोएडा में श्रमिकों का जो हिंसक प्रदर्शन हुआ वह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के हित में कदापि नहीं है। कोई भी राज्य औद्योगिक हिंसा के बीच प्रगति नहीं कर सकता। इसलिए सरकार को हिंसा भड़काने वाले तत्वों पर तो कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन इसके साथ ही श्रमिकों की वाजिब समस्याओं पर गंभीर होना चाहिए। आमतौर पर सरकारें पूरा संसाधन सरकारी कर्मचारियों पर बहा देतीं है और जिन श्रमिकों के मेहनत से अर्थव्यवस्था चलती है, उनको जब कुछ देना होता है तों सभी पार्टियों की सरकारें एक जैसी होती हैं। लफ्फाजी लंबी-लंबी करते हैं लेकिन श्रमिकों के लिए कुछ ठोस काम नहीं करते हैं। नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में फैली हिंसा को केवल कानून-व्यवस्था बिगड़ने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह भारत के श्रम बाजार में बढ़ते तनाव को दर्शाती है। यह श्रमिकों की समस्याओं का प्रतिबिंब है। पारिश्रमिक बढ़ाने की मांग से शुरू हुआ था यह आंदोलन। पड़ोसी राज्य हरियाणा के मानेसर में हुए विरोध प्रदर्शनों



के बाद राज्य में न्यूनतम मजदूरी 35 फीसदी बढ़ा दी गई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जैसे एकीकृत श्रम बाजार में इस तरह की असमानताएं अस्वीकार्य हैं। ये तुलना को बढ़ावा देती हैं, शिकायतों को तीव्र करती हैं और राज्य स्तरीय वेतन नीतियों पर दबाव डालती हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण महंगाई का दबाव बढ़ा है जिससे जीवन यापन के खर्चे तेजी से बढ़ गये हैं। खासकर असंगठित बाजारों में रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अब नोएडा और गाजियाबाद में 21 फीसदी की अंतरिम वेतन वृद्धि की घोषणा की है। राज्य के अन्य हिस्सों में वृद्धि अपेक्षाकृत कम है। यह अशांति गहरी संरचनात्मक समस्याओं की ओर इशारा करती है। श्रमिक अनियमित पारिश्रमिक भुगतान और शोषणकारी प्रथाओं का आरोप लगाते हैं। इसका बड़ा कारण ठेकेदारों का व्यापक उपयोग है, जो जवाबदेही को खत्म कर देता है। प्रवर्तन को कमजोर करता है। कई श्रमिकों के लिए यह स्पष्ट नहीं है कि वे किन अधिकारों के हकदार हैं, और यह आश्वासन तो और भी कम है कि उन्हें वे अधिकार प्राप्त होंगे। हाल ही में हुए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े इस असुरक्षा की स्थिति को और पुष्ट करते हैं। भारत में पारिश्रमिक वृद्धि धीमी और असमान रही है, विशेष रूप से आकस्मिक या अस्थायी श्रमिकों के लिए, जो सबसे अधिक जोखिम में हैं। जहां मजदूरी बढ़ी भी है, वह अक्सर महंगाई के साथ तालमेल बिठाने में विफल रही है। रोजगार की संरचना पर करीब से नजर डालने पर किसी भी आशावाद पर पानी फिर जाता है। भारत का अधिकांश कार्यबल स्वरोजगार में है। यह 2025 में 56 फीसदी से अधिक था, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में मामूली रूप से कम है। नियमित वेतनभोगी रोजगार में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन यह किसी सार्थक बदलाव का संकेत देने के लिए पर्याप्त नहीं है। आकस्मिक श्रम कुल रोजगार का लगभग पांचवां हिस्सा है और उसमें नगण्य परिवर्तन हुआ है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो रोजगार की संरचना अभी भी इस प्रकार के कार्यों से प्रभावित है जो आमतौर पर अनौपचारिक और असुरक्षित हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत अपने बढ़ते कार्यबल के लिए पर्याप्त रोजगार सृजित नहीं कर रहा है। संस्थागत प्रतिक्रिया भी अपर्याप्त रही है। न्यूनतम मजदूरी में आवधिक और पूर्वानुमानित संशोधन अक्सर विलंबित होते रहे हैं, जिससे वे स्थिरता के साधन के बजाय प्रतिक्रियात्मक उपाय बनकर रह गये। हाल की घटनाओं से स्पष्ट है कि इस प्रकार की तदर्थ वृद्धि निरंतर वार्ता और विश्वसनीय शिकायत निवारण तंत्र का विकल्प नहीं हो सकती। चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन में देरी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक समान वेतन ढांचा तैयार करना और श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करना था। फिलहाल श्रमिकों की समस्याओं प्रभावी समाधान जरूरी है। इसमें वाजिब वेतन, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार की सुरक्षा के साथ सरकारी और प्राइवेट सभी जगहों से ठेकेदारी प्रथा का पूरी तरह से खत्मा जरूरी है।

# सियासी आक्रामकता के चरम पर चुनाव प्रचार



वीना सुखीजा

> पहले चरण के चुनाव के आखिरी दिनों में जो हालात दिख रहे हैं, वह सौ फीसदी किसी एक के पक्ष में जाते नहीं दिखते। चुनाव रुझान उस मोड़ पर आ पहुंचा है, जहां अंतिम रूप से जिसका प्रचार मतदाताओं पर ज्यादा असर कर गया, उसी के हाथ जीत लग सकती है। यही कारण है कि पहले चरण के चुनाव के आखिरी दिनों में दोनों ही मजबूत दावेदार आक्रामक चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

अब जबकि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए महज तीन दिन बाकी हैं, तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा के बीच पहले चरण का चुनाव प्रचार आक्रामकता के क्लाइमेक्स पर है। जहां पहले दौर के वोटिंग के चार दिन पहले बंगाल में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के छापे पड़े हैं और एक बिजनेसमैन गिरफ्तार हो चुका है, जबकि कोलकाता के डीसीपी शान्तनु सिन्हा विश्वास अपने घर में नहीं मिले, इसलिए उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका। शांतनु सिन्हा विश्वास मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सिक्योरिटी चीफ भी हैं, इसलिए दीदी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह मेरे सिक्योरिटी चीफ को गिरफ्तार करके मेरी हत्या करवाना चाहती है ताकि चुनाव जीत सके।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के सदन में गिर जाने के बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव प्रचार में फोकस कर रहे हैं और गुजरे 19 अप्रैल 2026 को चार चुनावी रैलियों में टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) और ममता बनर्जी पर जमकर बरसे हैं। उन्होंने अपने चुनावी प्रचार में ममता बनर्जी पर जंगलराज का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने कांग्रेस के साथ मिलकर महिला आरक्षण में जो अड़ंगा लगाया है, उसकी सजा पश्चिम बंगाल की महिलाएं टीएमसी को जरूर देंगी। मोदी ने यह भी कहा कि टीएमसी के गुंडे समय रहते सरेंडर कर दें वर्ना 4 मई के बाद बख्से नहीं जाएंगे। इस समय पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रचार का पारा जिस तरह से बढ़ा हुआ है, उसके चलते यह एक उबलता हुआ रण क्षेत्र बन चुका है। जहां शब्द, अब हथियार हैं। मंच, मोर्चा है और हर एक रैली निर्णायक टकराव का ट्रेलर बनती दिखायी दे रही है। दीदी ममता बनर्जी की आवाज में चढ़ती धार और भाजपा की जवाबी हुंकार के बीच 2026 का विधानसभा चुनाव अपने आक्रामक क्लाइमेक्स की ओर बढ़ चला है। यह वह मुकाम है, जहां मुद्दे पीछे छूटते दिख रहे हैं और मुकाबला सीधे इरादों, प्रभाव और वर्चस्व की लड़ाई में बदलता जा रहा है। यह एक ऐसी लड़ाई है, इन दिनों में जिसमें बोला गया हर शब्द



अगले वार की भूमिका लिख रहा है। सवाल है चुनाव प्रचार में ममता बनर्जी जो आक्रामकता दिखा रही हैं, आखिर उसके मायने क्या हैं? क्या यह इस बात का संकेत है कि वह चौथी बार सत्ता में लौट रही हैं या फिर यह महज अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए जानबूझकर दिखायी जा रही आक्रामकता और निडरता है ताकि समय रहते कार्यकर्ताओं को मैसेज दिया जा सके और विपक्ष को बड़ी चुनौती का एहसास कराया जा सके।

**पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा चुनाव**

जब किसी चुनाव में किसी राजनीतिक पक्ष का मुख्य किरदार बेहद आक्रामक हो जाए, तो उसका लक्ष्य सबसे पहले अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना होता है कि हम जीत रहे हैं ताकि चुनाव में कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा बना रहे। पश्चिम बंगाल में वैसे भी चुनाव बेहद संवेदनशील राजनीतिक गतिविधि हैं। यहां की राजनीति में हमेशा हिंसा और दबाव का बोलबाला रहा है। ऐसे में पहले दौर के चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में यदि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी सत्ता के ख्वाब अपने कार्यकर्ताओं को दिखा रही हैं और भाजपा के मुख्य चुनाव प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सब कुछ दांव पर लगाकर आक्रामकता का दामन थाम रहे हैं, तो उसका सीधा सा मतलब है, अपने-अपने कैडर का मनोबल बढ़ाना ताकि वो इस आर-पार की लड़ाई में अपनी सारी ताकत झोंक दें। वास्तव में यह आक्रामकता दोनों तरफ से मौजूदा चुनावों के नैरेटिव को कंट्रोल करने की कोशिश है। क्योंकि आज की राजनीति में वही बाजी मारता है, जो राजनीति में नैरेटिव सेट करता है। ममता बनर्जी जब आक्रामक प्रचार पर उतरती हैं, तो न केवल मीडिया और जनता का बल्कि सबसे ज्यादा अपने समर्पित कार्यकर्ताओं का ध्यान खींचती हैं। इसलिए वे चुनाव के इस स्तर पर पहुंच जाने के बाद 'स्थानीय बनाम बाहरी' और 'बंगाल की अस्मिता' जैसे नैरेटिव को ट्रेंड में ढालने की कोशिश कर रही हैं। क्योंकि यही वह रणनीति थी, जो 2021 के चुनाव में बेहद फायदेमंद साबित हुई थी। लेकिन इस बार जिस तरह यह रणनीति योजनबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही है, उससे यह सिर्फ चुनाव जीतने की गारंटी के रूप में नहीं उभर रही बल्कि छिपे हुए दबाव का संकेत भी बनी दिख रही है। क्योंकि अगर जमीन पर चुनौती बहुत कड़ी न होती, तो शायद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कदर आक्रामक न होतीं।

यही बात भाजपा पर लागू होती है कि अगर उन्हें कांटे की टक्कर से ज्यादा इस कठिनाई का एहसास न हो रहा होता, तो प्रधानमंत्री को दुनियावी संकट के बीच इस तरह एक राज्य विधानसभा चुनाव में अपने को फोकस न करना पड़ता। दरअसल चुनाव प्रचार में आयी आक्रामकता दोनों ही तरफ से अविश्वास और दबाव की बानगी सरीखी दिख रही है। जबकि 2026 के पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा और केंद्रीय सवाल यही है कि क्या दीदी बंगाल में चौथी बार सत्ता में लौट रही हैं और वास्तविकता यही है कि अब जबकि पहले दौर के चुनाव के 72 घंटों से भी कम का समय बचा है, यह तय नहीं दिख रहा कि कोई एक पार्टी या पक्ष सुनिश्चित जीत की तरफ बढ़ रहा है, चाहे वह टीएमसी हो या भाजपा। जहां तक टीएमसी यानी ममता दीदी के पक्ष में जा रही बातों का सवाल है, तो उनकी मजबूत क्षेत्रीय पहचान जो कि दीदी नाम का ब्रांड हो चुकी है, भाजपा पर हर हाल में भारी पड़ रही है। दूसरी महत्वपूर्ण बात मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रदेश में लागू की गई कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनके केंद्र में मतदाता हैं और इन कल्याणकारी योजनाओं के जरिये टीएमसी को लगता है कि वह महिलाओं की पहली पसंद है, जबकि महिलाओं का वोट बैंक प्रतिशत 50 फीसदी से आगे जा चुका है। ममता बनर्जी के पक्ष में इन चुनाव में विपक्ष का बिखराव भी मददगार साबित हो सकता है। ऐसे में ममता बनर्जी कोशिश कर रही हैं कि शायद आक्रामक प्रचार के जरिये उन्हें बंगाली जनभावनाओं का संरक्षण समझा जाये और इस तरह वह इसे चुनावी मत के रूप में भुना लें।

जबकि दूसरी तरफ ठीक इसी समय यह स्थिति उनके विरोध में भी इसलिए जाती दिख रही है कि पन्द्रह साल के शासन के बाद उनकी सत्ता के विरोध में लहर उठ रही है। पिछले दस सालों में पश्चिम बंगाल कई भ्रष्टाचार और प्रशासनिक गड़बड़ियों का शिकार हुआ है, इससे भी उनके खिलाफ आक्रामक चुनाव प्रचार जा सकता है। लब्बोलुआब यह है कि भले पश्चिम बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनो ही यह आभास दे रहे हों कि वह सरकार बनाने जा रहे हैं, लेकिन किसी एक के लिए यह सपना तब तक संभव नहीं लगता, जब तक उनके पास एक सक्षम बूथ मैनेजमेंट न हो। ग्रामीण बनाम शहरी वोटिंग के ट्रेंड की मैज्योरिटी उनके पक्ष में न हो और महिला तथा युवा वोटरों की उसे सहानभूति न हासिल हो। अगर ये तीन जरूरी बातें किसी एक के पक्ष में हों, तो अंतिम रूप से न केवल उसके जीतने की ज्यादा उम्मीदें बंध जाती हैं बल्कि यह भी कहा जा सकता है कि वह पक्ष बाजी पलटने में कामयाब होगा।

## सोशल मीडिया

उधमपुर–रामनगर मार्ग पर एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मृत्यु हो गयी और कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर अत्यधिक दुखद है। राहुल गांधी.



गोमती नगर रेलवे स्टेशन, लखनऊ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोम नाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। केशव प्रसाद मौर्य.



जो बंगाल 'शस्य श्यामलाम मातरम्, वंदे मातरम् की पावन धरा थी, आज अराजकता, गुंडागर्दी, माफियागिरी असुरक्षा, अव्यवस्था व भ्रष्टाचार का गढ़ बन गये हैं। सीएम योगी.



# स्कूलों में अब सिरदर्द बन रहे हैं स्मार्टफोन



शिक्षा

संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने स्कूलों में छात्रों द्वारा स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और दुनियाभर के स्कूलों से स्कूल में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगायी है। हालांकि समाज में पिछले कई सालों से इस विषय पर बहस चल रही है कि बच्चों को स्मार्टफोन के इस्तेमाल की इजाजत देना फायदेमंद है या नुकसानदेह। लेकिन इस गंभीर बहस का कोई परिणाम निकलकर सामने नहीं आ पाता था, बहस बस बहस तक सीमित रहती थी, जिसमें एक पक्ष निःसंदेश यूनेस्को की तरह छोटे बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देने को खराब मानता है, तो एक दूसरा तबका भी है, जो इस सबमें कई तरह के फायदे देखता है। बहरहाल अब इसे नुकसान बताने वालों के पाले में यूनेस्को भी खड़ा हो गया है और उसने साफ साफ दुनियाभर के मां- पिता से कहा है-

- स्कूलों में छोटी कक्षाओं के छात्रों द्वारा मोबाइल इस्तेमाल के कई सारे खतरे उभरकर सामने आये हैं।
- मोबाइल यानी स्मार्टफोन के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के कारण छात्रों के सीखने की गति बहुत कुंद हो रही है, जिससे उनका शैक्षिक स्तर प्रभावित हो रहा है।
- डिजिटल टेक्नोलॉजी एक उपकरण के रूप में काम करे, तब तक तो ठीक है, लेकिन वह अगर ज्ञान, विज्ञान का आधार ही बनने लगे तो यह शिक्षा के लिए घातक है।
- इससे महत्वपूर्ण शैक्षणिक डाटा के भी सार्वजनिक होने का खतरा बढ़ा है। जबकि ज्यादातर देशों में कानून डाटा की निजता के पक्ष में है।

इस तरह देखें तो जुलाई 2023 में यूनेस्को द्वारा पेश शैक्षिक रिपोर्ट में स्मार्टफोन के कक्षाओं में बढ़ते हस्तक्षेप पर चिंता व्यक्त की गई है और दुनिया के सभी देशों से आग्रह किया गया है कि वह ऐसे नियम बनाएं ताकि बच्चे स्मार्टफोन लेकर स्कूल न आएं और सिर्फ स्कूल ही नहीं घर में भी पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें। कोविड-19 के दौरान जरूर डिजिटल शिक्षा पूरी दुनिया में मजबूरी बनकर उभरी थी, लेकिन वास्तविकता यह है कि अब छोटे बच्चों की शिक्षा में डिजिटल माध्यम को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। मालूम हो कि कोविड महामारी के दौरान दुनियाभर के 50 करोड़ से ज्यादा बच्चे ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहे थे। इससे एक तरफ जहां साधन सम्पन्न छात्रों को फायदा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ उन छात्रों का गंभीर नुकसान हुआ है, जो संचार व्यवस्था के आधुनिक और स्मार्ट उपकरणों से वंचित हैं।

डिजिटल शिक्षा व्यवस्था से दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा बेहद असंतुलित बनकर उभरी है। यूरोप और अमेरिका में शानदार ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा है, वहीं एशिया के भी काफी देशों में बेहतर स्थिति है। लेकिन लैटिन अमरीका के करीब आधे से ज्यादा देशों और अफ्रीका के करीब करीब सभी देशों में संचार तकनीक ने भारी भेदभाव पैदा किया है। यूनेस्को का कहना है कि अगर तुरंत रोक नहीं लगायी गई, ऑनलाइन शिक्षा के तौरतरीकों को मुख्य लाइन शिक्षा की रूपरेखा बनने से नहीं रोका गया, तो दुनियाभर के करोड़ों छात्र शिक्षा के मामले में गरीबी के दायरे में फंसकर रह जाएंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि स्मार्टफोन ने बच्चों के जरूरी ज्ञान में तो बहुत मामूली वृद्धि की है, लेकिन उन्हें दुनियाभर के दुगुर्णों से परिचित करा दिया है।

स्मार्टफोन के ज्यादा इस्तेमाल से छोटे बच्चे भी तनाव और भेदभाव का शिकार हो रहे हैं। यूनेस्को ने आग्रह किया है कि दुनिया के शिक्षाशास्त्री और विभिन्न देशों की सरकारें अपने अपने देश में इसके लिए मानक बनाएं और नियम बनाएं कि आखिर पढ़ाई के दौरान स्मार्टफोन के इस्तेमाल की कितनी छूट हो सकती है। यही नहीं यूनेस्को यह भी चाहता है कि हमारे दौर को शिक्षा में डिजिटल क्रांति जैसी जो सहूलियतें हासिल हुई हैं, उन सहूलियतों को सभी वर्ग के छात्रों तक पहुंचाये जाने की व्यवस्था होनी चाहिए, नहीं तो दुनिया के बड़ी संख्या में छात्र डिजिटल भेदभाव का शिकार हो जाएंगे, जिससे समाज के निर्माण में और उसके ऊपर उठाने की कोशिशों में बहुत फर्क आयेगा। आज जिस तरह से शैक्षिक कंटेंट पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं है, वह भी इसका एक खतरनाक पहलू है। यूनेस्को चाहता है कि नये ढंग से और डिजिटल क्रांति की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनायी जानी चाहिए, तभी हम हाल के तमाम आविष्कारों के बेहतर फायदे हासिल कर सकते हैं। अगर इस पर ध्यान न दिया गया तो शिक्षा डिजिटल भेदभाव का जबरदस्त शिकार होने वाली है। **–लोकमित्र.**

# त्याग की प्रतिमूर्ति

अंतर्दृष्टि

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी ! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा ! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा ह्रदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

# सियासी सांडों की नूराकुश्ती

व्यंग्यलोक

जहां जाओ वहां सांडों की लड़ाई जारी है। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखने के लिए कई बैल एकत्र हो जाते हैं और संसद में सांडों की लड़ाई हो जाए तो बैल तक भाग जाते हैं। सांड इतने जोरदार लड़ते हैं कि भीड़ के लोगों को भाड़ में ही जाना पड़ता है। सड़क पर से लेकर संसद तक सांडों का घमासान मचा है। इधर राजनीति में सांडों का जलवा भारी है। केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से लेकर असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तक नाना प्रकार के सांडों की नाना तरह की लड़ाइयां जारी है। राजधानी इंद्रप्रस्थ में होने वाली राजनीतिक सांडों की परंपरागत लड़ाई में घायल हुए एक चमचे का कहना है कि उसके जख्म सम्मान के पदक जैसे हैं। सांडों की इस लड़ाई में घायल होने से गर्व महसूस कर रहे एक दलाल ने मंगलवार को 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल को बताया कि उसे ऐसा लग रहा है, जैसे देश की राजधानी में उसका भव्य स्वागत किया गया हो। जैसे उसे शांति का नोबेल पुरस्कार मिल गया हो। अगर सांड किसी को टक्कर मारता है, तो वह खुद को एक महान सम्राट जैसे महसूस करता है।



रामविलास जॉगिड़

किसी भी पार्टी की सफलता बहुत हद तक उनके सांड प्रबंधन पर निर्भर करती है। हल्का कानूनी व्यायाम सांडों को काफी भारी होने से रोकता है। साड़ों को अलग से निर्मित बंगले में ही रखना चाहिए। इन सांडों के लिए बंगलों में खुले तथा ढके क्षेत्र होने चाहिए। सांडो को आरामदेह और हवादार कोठियों में ही रखना चाहिए। ये कोठियां साफ एवं स्वास्थ्यकर ढंग से प्रबंधित होनी चाहिए। वरिष्ठ सांड को अलग से एक बड़े रिसॉर्ट में अपने वरिष्ठ चमचे के साथ अकेले में रखना ज्यादा उचित होता है। रिसोर्ट की सतह ठोस और फिसलन रहित होनी चाहिए। बारिश, ठंड तथा गर्मी के महीनों में बचाव की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। अनीति जल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। सांडों से जब काम लिया जा रहा हो, तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में भ्रष्टाचार का अनाज अतिरिक्त रूप में दिया जाना चाहिए। सांडों को सीबीआई-ईडी आदि की जांच का लाल कपड़ा दिखा कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इससे वे उल्टा भड़कते दिखाई पड़ते हैं। इनकी आंखों में एक विशिष्ट प्रकार की तीक्ष्ण दृष्टि होती है, जिससे वे अपने मतलब के वोटर को सीधा भांप लेते हैं। चतुर नागरिकों को चाहिए कि वे सांडों की लड़ाई और दौड़ में शामिल न हो। वे अपने घरों में चुपचाप पड़े रहें और कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) जैसे न्यूज चैनलों में बिकनी गर्ल द्वारा दिखाई जाने वाली इनकी लड़ाई और दौड़ के साथ अपनी गरीबी के जमकर मजे लेते रहें।

## विचार

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

–श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा–भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

–माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

–महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक–एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजयपायी जा सकती है।

–कौटिल्य.

## आप की बात

### आतंकवादी की मध्यस्थता

पाकिस्तान आजकल शांति दूत बनने का दिखावा कर रहा है जबकि असलियत यह है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है। पाकिस्तान को मध्यस्थ ट्रंप जैसा अस्थिर और विफल नेता ही बना सकता है। पाकिस्तान एक बात पर पूरी प्रतिबद्धता से कायम रहता है और वह है आतंकवाद। चाहे वह बर्बाद हो जाये, लेकिन आतंकवाद नहीं छोड़ता है। उसके इसी रवैये के चलते आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का शिकार है। भारत से उसके तनावपूर्ण संबंध सिर्फ आतंकवाद के कारण है। अगर पाकिस्तान हाफिज सईद, मसूद अजहर जैसे आतंकियों को सौंप दे तो भारत के साथ उसके संबंध सुधर सकते हैं। इससे पाकिस्तान को बहुत फायदा होगा लेकिन वह सुधरना चाहता ही नहीं है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

### श्रमिकों के साथ अन्याय

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पत्नी के हत्यारे ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के गौरीखानपुर गांव में खेतों में बबूल के पेड़ पर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी अभियुक्त ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरी खानपुर गांव से पूर्वी दिशा की ओर खेतों पर एक बबूल के पेड़ पर सोमवार की सुबह फांसी पर लटकता शव मिला है। जैसे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से व्यक्ति की पहचान 49 वर्षीय मुबीन शेख पुत्र सुबराती निवासी बगेहटा थाना बबेरु के नाम से की। पुलिस ने बताया कि मृतक मुबीन शेख बीते गुरुवार की सुबह अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। तब से पुलिस तलाश कर रही थी। वही आरोपी ने गौरी खानपुर गांव पर पहुंचकर गांव के पूर्वी दिशा की ओर रविवार व सोमवार की मध्य रात्रि खेतों में बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाकर जांच पड़ताल करवाई। उसके बाद शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

## कालेज में टीबी रोग के प्रति किया जागरूक

**बांदा।** सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में कैंप आयोजित हुआ। जागरूकता शिविर में जिला क्षय रोग उन्मूलन केंद्र के गनेश प्रसाद, इंद्र कुमार साहू, इंटर कालेज से शिक्षक गण आदि उपस्थित रहें। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि दो हफ्ते से खांसी आना, मुंह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, लम्बी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की सम्भावना अधिक रहती है। ऐसे व्यक्तियों को जांच कराकर टीबी का इलाज छः माह तक दिया जाता है। दवायें टीबी मरीज के निवास स्थान के पास डाट्स सेन्टर में उपलब्ध करायी जाती है।

## छात्राओं से बदसलूकी पास्को में केस दर्ज

**फतेहपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई रोड पर एक शर्मनाक घटना ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों द्वारा स्कूल जा रही मासूम छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसमें आरोपी लड़कियों के साथ अश्लील टिप्पणियां कर रहे हैं और उनका हाथ पकड़ने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बच्चियां डर के मारे भागने की कोशिश कर रही हैं, जबकि आरोपी बेखौफ होकर बदतमीजी करते हैं।पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को गंभीरता से लिया और तत्काल कार्रवाई की। थाना कोतवाली पुलिस ने पास्को को एक्ट बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की रोकथाम अधिनियम तथा अन्य कठोर धाराओं के तहत दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों आरोपी लड़के हिरासत में ले लिए गए हैं।इसके अलावा, आरोपी के पास मौजूद मोटरसाइकिल को मोटर वाहन एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई नियमानुसार जारी है।एसपी अभिमन्यु मांगलिक की प्रतिक्रिया पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ïऐसी घटनाओं के प्रति पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से हमें सूचना मिलते ही टीम ने फौरन संज्ञान लिया और दोनों आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला गिरजा के पुत्र हीरो 13 मार्च 2026 की शाम करीब 6.30 बजे अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह टेटा जमालपुर के पास एनएच-44 हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर (नंबर एम.पी.32 जेड.बी.5780) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हीरो गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पारदर्शी रुप से हो क्रय केंद्रों का संचालन



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को अमरपुर मण्डी समिति परिसर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा संचालित गेहूँ क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर गेहूँ क्रय, वारदाने की उपलब्धता व भुगतान आदि व्यवस्थाओं जा जायजा लिया। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से केन्द्र का भ्रमण करना सुनिश्चित करेगें तथा विचैलियों पर भी सतर्क दृष्टि रखें जिससे केन्द्रों पर कोई अव्यवस्था या कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों पर निगरानी रखेगें तथा यह सुनिश्चित करेगें कि किसी भी कृषक के नाम से बिचैलिया द्वारा विक्रय का कार्य तो नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक केन्द्रों पर राजस्व कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए बिचैलियों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। क्रय केन्द्रों का संचालन पारदर्शी रूप से हो तथा संदिग्ध व्यक्ति(विचैलियों) पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

- डीएम ने अमरपुर मण्डी स्थित क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं
- क्रय केन्द्रों पर होगी उपजिलाधिकारियों की नजर, बिचैलिये भी रहेंगे रडार पर
- बी-पैक्स रोड़ा केन्द्र में क्रय केन्द्र प्रभारी नशे की हालत में पाया गया

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विपणन शाखा केन्द्र बांसी एट का निरीक्षण किया। डीएम ने इस पर केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि क्रय गेहूँ को समय से गोदामों पर भिजवाएं, साथ ही किसानों का नियमित रूप से भुगतान भी कराना सुनिश्चित करें तथा कृषकों को बैठने, छाया, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।भारतीय खाद्य निगम द्वार संचालित क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी मोहन कुशवाहा ने बताया कि बोरा की उपलब्धता शून्य है और अब तक क्रय केन्द्र पर 5000.00 कुन्तल गेहूँ क्रय किया जा चुका है। यहां पर केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये गए कि वे केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करें तथा ग्रीष्म ऋतु दृष्टिगत क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। पी0सी0एफ0 द्वारा संचालित क्रय-विक्रय सह0समि0 केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी कैलाश चन्द्र जैन ने बताया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 1250.00 कुन्तल गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। इस पर निर्देश दिये गए कि केन्द्र परिसर में आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।पी0सी0एफ0 द्वारा संचालित बी-पैक्स रोड़ा केन्द्र में क्रय केन्द्र प्रभारी जगदीश सिंह नशे की हालत में उपस्थित पाए गए। क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 376.00 कुन्तल की गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। इस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ललितपुर एवं जिला प्रन्धक पी0सी0एफ0 को उक्त स्थिति पर संज्ञान लेते हुए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए, साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को मण्डी परिसर में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों में बोरा(बारदाना) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समस्त केन्द्रों पर नियमित रूप से उठान सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0), जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं जिला प्रबन्धक पी0सी0एस0 उपस्थित रहे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण महामंडल का भव्य आयोजन

ललितपुर। भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) के अवसर पर ब्राह्मण महामंडल द्वारा सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी माता मंदिर गांधीनगर स्थित धर्मशाला परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता ब्राह्मण महामंडल के जिलाध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने की। वहीं सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। शुरूआत सुबह 11 बजे भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने कहा कि ब्राह्मण समाज के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना और एकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। महामंत्री परमानंद तिवारी, डा. एस.पी. पाठक, महेंद्र रावत, डा.दीपक चैबे, राजेश दुबे (डीजीसी), गिरिजा शंकर दुबे, अवध रावत, रामनरेश दुबे, बालकिशन नायक, पवन संज्ञा, बृजेश चतुवेर्दी, महेंद्र अग्निहोत्री, चंद्रशेखर दुबे, जयशंकर आदि उपस्थित रहे।

## बिजली अव्यवस्था से परेशान दूल्हा बारात लेकर पहुंचा कलक्ट्रेट

**बांदा।** जनपद में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक अनोखा मामला सामने आया है। अपनी शादी से पहले बिजली कटने और बढ़े हुए बिल से परेशान एक दूल्हा बारातियों और बैंड-बाजे के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया।दरअसल बरात और बैंड बाजा लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे दूल्हे कुलदीप ने बताया कि आज उसकी बारात महोबा के खन्ना जा रही थी, लेकिन विद्युत विभाग ने उसके घर की बिजली काट दी। कुलदीप के अनुसार, स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिल दोगुना आ रहा है, जिसे चुकाना उसके लिए मुश्किल हो गया है। अपनी समस्या बताते हुए कहा कि घर में रिश्तेदार मौजूद हैं और ऐसे में बिजली न होने से सभी को दिक्कत हो रही है। कुलदीप ने सवाल उठाया कि वह बिना बिजली के घर में दुल्हन को कैसे लाएगा। इसी समस्या को लेकर उसने जिलाधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अध्यक्ष एएस नोमानी ने बताया कि जनपद में जगह-जगह प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रात में बिजली काट दी जाती है और जब लोग बिजली विभाग के कार्यालय जाते हैं, तो उनसे पहले एडवांस बिल भरने को कहा जाता है। नोमानी ने यह भी बताया कि एडवांस बिल भरने के बाद भी कई बार उपभोक्ताओं का अकाउंट माइनस में चला जाता है, जिसके कारण आधी रात में भी बिजली काट दी जाती है। यह समस्या पूरे जिले में व्याप्त है।

## वाहनों से हो रहे ध्वनि प्रदूषण, जांच के बाद लगेगा जुर्माना



**बांदा।** परिवहन आयुक्त के दिये गये निदेर्शों के क्रम में जनपद के समस्त डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों के साथ परिवहन अधिकारियों ने बैठक की। उन्हें विधिक प्रावधानों से अवगत कराया। कहा कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिक्री, लगाने वाले मोटर गैराज वर्कशॉप आदि पर कार्यवाही की जाएगी। इस जुमार्ने के शमन की शक्ति उप परिवहन आयुक्त एवं उनसे ऊपर के अधिकारियों में निहित हैं। संबंधित वाहन स्वामी को ऐसी अवधि के करावास से जो छह माह तक की हो सकेगी, अथवा ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच हजार रुपए तक के जुमार्ने से अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता हैं।

## शिक्षकों ने राहगीरों को बांटे गमछे



**बांदा।** अप्रैल माह में ही 45 डिग्री तापमान के साथ एशिया के सबसे गर्म जिले के रूप में चर्चा में आए बांदा में भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। तपती धूप में राहगीरों, श्रमिकों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ऐसे हालात में शिक्षक अंकित दीक्षित, नीरज द्विवेदी, राहुल साहू ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहगीरों को गर्मी से बचाव के लिए गमछों का वितरण किया। शहर के प्रमुख मार्गों पर चलाए गए इस अभियान के दौरान शिक्षकों ने राह चलते लोगों को गमछे बांटे और उन्हें सिर ढककर चलने, पर्याप्त पानी पीने तथा लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। भीषण गर्मी के बीच यह पहल राहगीरों के लिए राहत लेकर आई। शिक्षक अंकित दीक्षित ने बताया कि इस तरह के जनहित कार्य आगे भी बांदा के अनेक स्थानों पर जारी रहेंगे और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## नियम विरुद्ध चकबंदी प्रक्रियाओं से रोका जाये किसानों का उत्पीड़न

**बांदा।** बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने आयुक्त एवं जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। कहा कि बबेरू विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत अलिहा में पारित प्रस्ताव ग्राम प्रधान सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों ने गुहार लगाई है। ग्राम अलिहा में

- आयुक्त व डीएम से जांच को लिखा विधायक ने पत्र

प्रारम्भ की गई चकबंदी प्रक्रिया में एसीओ बबेरू नीरज कुमार ने नियमावली के नियम-34 (1) (इ) का उल्लंघन करके उनकी कृषक भूमि की बिना गाटा-दर-गाटा मौके पर नाप, बिना मौके पर मैपिंग, सर्वेक्षण के फर्जी तौर पर प्रत्येक गाटा का काफी रकबा कम करके त्रुटिपूर्ण आकार पत्र-5 जारी किया है। संशोधन में दुरूस्ती के कई हजार की संख्या में अनावश्यक विवाद चकबंदी न्यायालयों में दायर करने पड़ेंगे।

इससे किसानों का उत्पीड़न एवं शोषण होगा। उनके अधिकार के अभिलेख 41 व 45 भी स्वतः गलत होने के परिणामस्वरूप वह तबाह हो जायेंगे। उन्होंने मामले की जांच एसडीएम से कराकर दोषियों को दंडित करने की मांग की है।

## नामित सेक्टर मजिस्ट्रेटों में हुआ आंशिक बदलाव

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, जलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, 01 परीक्षा केन्द्र के स्टैटिक मजिस्ट्रेट में बदलाव किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार सरस्वती जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक के स्थान पर तहसीलदार महसी विकास कुमार व वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर के स्थान पर होंगे।

# स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर नदारद आयुक्त ने जतायी नाराजगी





**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार ने तहसील मानिकपुर में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाएं। प्रशासनिक कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से

- गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण, गर्मी से दिलायें राहत

कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बराहमाफी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर केवल फार्मासिस्ट श्यामकरण सिंह ही उपस्थित थे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज कुमार के विगत चार दिनों से अनुपस्थित पाए जाने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उक्त चिकित्सक का उपरोक्त अनुपस्थित दिवसों का वेतन अवरुद्ध करने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। इसके उपरांत आयुक्त ने कृषि उत्पादन मंडी समिति मानिकपुर स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि उनका गेहूं समय से खरीदा जा रहा है। गर्मी के दृष्टिगत आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं विद्यालयों में शीतल पेयजल, छाया एवं प्राथमिक उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हीट वेव से बचाव हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यकतानुसार राहत उपाय तत्काल लागू करने पर भी जोर दिया।

## दंत जागरूकता एवं परीक्षण शिविर लगाया

**ललितपुर।** मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य के निर्देशन में कंपोजिट विद्यालय (नगर संसाधन केंद्र) ललितपुर में आज दंत जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का



आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने छात्रों एवं शिक्षकों को मौखिक स्वच्छता तथा सही ब्रश करने की विधि की जानकारी दी। शिविर के दौरान सभी छात्रों व इच्छुक स्टाफ सदस्यों का दंत परीक्षण किया गया। दांतों में समस्या पाए जाने वाले छात्रों को अस्पताल की ओपीडी में उपचार हेतु आने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मौखिक स्वच्छता से संबंधित पोस्टर प्रदर्शित किए गए तथा जागरूकता पर्चे भी वितरित किए गए। शिविर में सीनियर डेंटल कंसल्टेंट डॉक्टर मनीष माथुर, डॉक्टर हतिक जैन की टीम के साथ वार्ड अटेंडेंट मिस्टर राजेश उपस्थित रहे।

# ब्राह्मणों को एकजुट होने की जरूरत, समाजसेवी और अन्य सम्मानित





**बांदा।** बीते दिवस शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्ल यजुर्वेद रुद्राष्टाध्याई की वेद ध्वनि से हुई। केंद्रीय महासचिव विपिन दीक्षित ने भगवान परशुराम का पूजन किया। पदाधिकारी राजा कृष्णकांत तिवारी ने अतिथियों का अभिनंदन किया। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष द्विवेदी ने की। दयाराम रैकवार एंड कंपनी ने भगवान परशुराम की आरती गाई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने ब्राह्मणों को एकमत होने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रद्युम्न दुबे लालू ने कहा कि ब्राह्मणों को प्रचीन वैदिक संस्कृति के अनुसार न्याय धर्म की रक्षा करनी चाहिए। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि आयोजक राजा कृष्णकांत तिवारी ने सभी समाजों को आमंत्रित किया है क्योंकि ब्राह्मण सभी को साथ लेकर प्राचीन काल से चलता रहा है। ब्राह्मणत्व एक श्रेष्ठ जीवन पद्धति है। अन्य लोग भी उस पद्धति पर चल श्रेष्ठता को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने श्रीमंत पेशवा बाजीराव प्रथम सम्मान 2026 वरिष्ठ अधिवक्ता प्रयागदत्त अवस्थी, किसान नेता बलराम तिवारी, चिकित्सक अनुराग द्विवेदी को प्रदान किया। संगीतकार एवं भाजपा नेता दयाराम रैकवार, एवं चेयरमैन प्रतिनिधि नरैनी हरिश्चंद्र सोनकर को गौ ब्राह्मण रक्षक की उपाधि से सम्मानित किया। ऋषभ देव त्रिपाठी को वेदमार्ग प्रतिष्ठापक की गरिमामय उपाधि से सम्मानित किया गया। राजा कृष्णकांत तिवारी ने एकता पर बल दिया। इस दौरान अनिल मिश्रा, विपिन दीक्षित, प्रधानाचार्य मिथलेश पांडेय, लालू दुबे पनगरा, अशोक पांडे अतर्रा, दिनेश मिश्र, भोलानाथ मिश्रा, केंद्रीय सचिव लक्ष्मीकांत मिश्रा, राजेंद्र मिश्र, विजयशंकर शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# सेमरा-गिल्टोरा के रामगढ़ धाम में गूंजी शहनाइयां



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** कस्बा बालाबेहट के सेमरा-गिल्टोरा में हनुमान जी महाराज रामगढ़ धाम के पावन सानिध्य में सातवां सामूहिक पटेल कुर्मी क्षत्रिय आदर्श कन्या विवाह सम्मेलन अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मांगलिक अवसर पर कुल 12 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के सात फेरे लेकर नव-दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम की

- पटेल समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

गरिमा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के कई दिग्गज राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता जुटे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ अतिथियों ने दिया आशीर्वाद सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के संरक्षक एलपी पटेल, और राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, रामस्वरूप पटेल और देवेंद्र पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में अतिथियों ने सामूहिक विवाह को समाज की कुरीतियों को मिटाने वाला एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अल्हाप्रसाद निरंजन, जेडीयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालनी चोधरी, अपना दल (क) के महेंद्र पटेल और कुर्मी सेना के अध्यक्ष कमल पटेल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल फिजूलखर्ची रुकती है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलती है। सम्मेलन के अंत में अध्यक्ष बाबूलाल लम्बरदार ने सभी अतिथियों, वर एवं वधु पक्ष के परिजनों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। युवा पटेल वाहिनी का रहा विशेष योगदानपूरे कार्यक्रम का सफल संचालन और प्रबंधन युवा पटेल वाहिनी के जिलाध्यक्ष सेठ सुजान पटेल की अध्यक्षता में किया गया। वाहिनी के पदाधिकारियों ने महीनों की मेहनत, तन-मन और धन से इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। युवाओं के इस समर्पण की आए हुए अतिथियों और ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की। आयोजन के दौरान जहाँ युवा पटेल वाहिनी की ओर से प्रत्येक जोड़े को भगवान श्री गणेश का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, वहीं कुर्मी सेना ने भी गृहस्थी शुरू करने के लिए उपहार प्रदान कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान संतोष पटेल सलैया, इंदर पटेल, हरिशंकर पटेल, संजय कुर्मी, नीलेश प्यासा, राहुल पटेल, राजा पटेल सदर, यश पटेल, कल्यान पटेल, जितेंद्र पटेल, शैलेश पटेल, विवेक पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर में शिव मंदिर में रुद्राभिषेक

**फतेहपुर।** हथगांव विकास खंड के ग्राम भैरमपुर मंडा सराय स्थित शिव मंदिर की 35वीं वर्षगांठ एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को प्रातः 8 बजे से विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक एवं पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार व क्षेत्र



की सुख-समृद्धि की कामना की। रुद्राभिषेक के दौरान पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय वातावरण बना रहा।मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।आयोजकों ने बताया कि मंदिर की स्थापना वर्ष 1991 में समाजसेवी स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद तिवारी द्वारा कराई गई थी। तब से प्रतिवर्ष यह आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाता है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

# पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर जनगणना कार्य करें कार्मिक: डीएम

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में जनगणना 2027 को सम्पादित कराने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान

- जनगणना 2027 के लिए जनगणना कार्मिकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ

ललितपुर सदर में दो और तालबेहट नगर पंचायत में एक बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रत्येक बैच में 50 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जाना है।जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने जनगणना कर्मियों से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लेकर जनगणना कार्य को भलीभांति संपन्न कराने एवं प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षुओं के विरुद्ध जनगणना अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।इस अवसर पर गणना प्रभारी द्वारा बताया गया कि बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य होना है और स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई के मध्य होगा, इसके लिए जिले में लगभग 3000 जनगणना कर्मियों को जनगणना कार्य हेतु लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिला अधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार सदरएस तनवीर हसन, जनगणना प्रभारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक, सुरपरवाईजर व अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे

## बिजली विभाग पर गलत बिल देने और उत्पीड़न करने का आरोप

ललितपुर। शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अनुराम सिंह ने बिजली विभाग पर गलत बिल भेजने एवं उत्पीड? करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अनुराग सिंह पुत्र हरदयाल सिंह लोधी ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने पूर्व में जनपदवासियों के साथ मिलकर बिजली विभाग के खिलाफ गलत बिलिंग और स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। साथ ही सोशल मीडिया व समाचार माध्यमों के जरिए भी मुद्दा उठाया था।

इसके बाद से विभागीय कर्मचारी उनसे रंजिश रखने लगे और धमकी देने लगे। पीड़ित के अनुसार 19 अप्रैल 2026 की रात लगभग 9.58 बजे उनके मोबाइल पर संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उनके विद्युत कनेक्शन संख्या 8890411327 पर 81,435.38 रुपये का बकाया दर्शाते हुए जल्द भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई। जबकि वह नियमित रूप से हर माह बिजली बिल जमा करते रहे हैं। अनुराग सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को वह जिला पंचायत स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहां जानकारी करने पर पता चला कि बिल में गलत धनराशि दर्ज की गई है। आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें यह कहकर टाल दिया कि विभाग के खिलाफ आवाज उठाने का परिणाम अब उन्हें भुगतना पड़ेगा और एसडीओ कार्यालय में जाने को कहा। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उनके बिजली बिल को तत्काल संशोधित कर गलत धनराशि निरस्त कराई जाए तथा संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## संक्षेप

### कम वोल्टेज से 50% तक बढ़ सकती है एसी की बिजली खपत

नई दिल्ली। बिजली की बढ़ती कीमतों और मौसम की अनिश्चितता के इस दौर में, वी-गार्ड इंडस्ट्रीज ने बिजली की गुणवत्ता और ऊर्जा दक्षता के बीच छिपे महत्वपूर्ण संबंध पर एक निर्णायक अध्ययन जारी किया है। एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित इस शोध से पता चला है कि खराब वोल्टेज न सिर्फ उपकरणों को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह एक बड़े एफिशिएंसी टैक्स की तरह काम करता है, जो एयर कंडीशनर (एसी) की बिजली खपत को 50% तक बढ़ा सकता है। इस अध्ययन में देश के प्रमुख ब्रांड्स के कई 1.5 टन वाले एसी यूनिट्स का परीक्षण किया गया। नतीजे चौंकाने वाले रहे – जब इनपुट वोल्टेज 140वी से 180वी के बीच गिर जाता है (जो भारत में गर्मियों में पीक टाइम पर आम बात है), तो एसी के कंप्रेसर की थर्मोडायनामिक एफिशिएंसी प्रभावित हो जाती है। इससे एसी को वही ठंडक देने के लिए बहुत ज्यादा समय तक चलना पड़ता है, जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ जाती है।

### निप्पॉन पेंट की प्रीमियम ऑटो-कार रेंज एफएक्स लांच

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने वाहनों के रखरखाव में गर्व करने वाले विवेकी वाहन मालिकों के लिए डिजाइन की गई एक उच्च निष्पादन ऑटोमोटिव केयर रेंज एफएक्स लांच करने की आज घोषणा की। यह लांचिंग ऑटोमोटिव आफ्टरकेयर वर्ग में निप्पॉन पेंट इंडिया की उपस्थिति बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी की योजना एफएक्स रेंज को चरणबद्ध तरीके से चुनिंदा वैश्विक बाजारों में भी ले जाने की है जिसमें ऑटो-केयर सेगमेंट में इसके विस्तार के लिए भारत के प्रमुख लांचपैड के तौर पर काम करेगा। एफएक्स प्रोफेशनल डिटेलिंग और डू-इट-योरसेल्फ के बीच एक सेतु का काम करने को तैयार है जिससे उपभोक्ता न्यूनतम प्रयास में एक बेदाग, शोरूम जैसी फिनिश हासिल करने में समर्थ होंगे।

### प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव ने खोले 100 नये स्टोर

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपने रिटेल सफर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है । कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में देशभर में 100 नए प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव स्टोर सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं । यह विस्तार ब्रांड की हर जगह मौजूदगी को बढ़ाने और प्रमुख बाजारों में ग्राहकों तक अपनी पहुँच आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह विस्तार टीटीके प्रेस्टीज के आधुनिक कुकवेयर और अप्लायंसेज पोर्टफोलियो के साथ पूरी तरह मेल खाता है। इसमें ट्राइ-प्लाई, कास्टलाइट और सिरेमिक जैसे एडवांस कुकवेयर कलेक्शन शामिल हैं। साथ ही, मल्टी-फंक्शनल कुकिंग के लिए एंड्यूरा सीरीज और हेल्दी कुकिंग के लिए न्यूट्रि सीरीज जैसे इनोवेटिव अप्लायंसेज भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं।

### हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च की नयी कैम्पेन

नयी दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया कैम्पेन जारी किया है जो बचपन के शुरूआती दौर पर एक ताजगी भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और माता-पिता को याद दिलाता है कि शिशु होना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। यह उन रोजमर्रा के प्रयासों का उत्सव मनाती है जो शिशु मजबूत बनने के लिए करते हैं, साथ ही दैनिक मालिश को एक पोषणकारी परंपरा के रूप में रेखांकित करती है, जो उनकी ताकत, विकास और समग्र कल्याण का समर्थन करती है।

### हिंदी जी 5 ने की लॉरेंस ऑफ पंजाब की घोषणा

नयी दिल्ली। हिंदी जी 5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज लॉरेंस ऑफ पंजाब का दमदार और रोमांचक ट्रेलर जारी किया है। एक सांस्कृतिक संदर्भ में रची-बसी कहानी, जो दिखाती है कि किन वजहों से किसी व्यक्ति का रुझान अपराध की ओर बनता है। रिवरलैंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और राघव दर्र के निर्देशन में बनी यह सीरीज 27 अप्रैल को प्रीमियर होगी। लॉरेंस ऑफ पंजाब' एक अपराधी की पहचान के सफर को संस्कृति, व्यवस्था और पहचान के नजरिए से प्रस्तुत करता है। यह सीरीज दिखाती है कि कैसे महत्वाकांक्षा, शक्ति और धारणा आपस में मिलकर एक नये दौर के डिजिटल सिंडिकेट को आकार देती हैं।

# सेंसेक्स में 26.76 अंकों की उछाल



मुंबई। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। हालांकि, निवेशक पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम को पूर्ण संघर्ष की शुरुआत के बजाय संभावित वार्ता रणनीति के रूप में देख रहे हैं। संघर्ष विराम समाप्त होने की समयसीमा नजदीक होने से बाजार में सतर्कता बनी हुई है। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 683.20 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। क्षेत्रवार सूचकांकों में बिजली खंड सर्वाधिक 1.24 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि उपयोगिता खंड में 0.88 प्रतिशत, पीएसयू बैंक खंड में 0.70 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.55 प्रतिशत की तेजी रही। इसके उलट, बीएसई फोकस आईटी खंड 0.93 प्रतिशत टूट गया जबकि आईटी खंड में 0.79 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 0.70 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 0.66 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,593 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,810 कंपनियों में तेजी रही और 175 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 93.10 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 19 पैसे टूटकर 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 19 पैसे की कमजोरी दर्शाता है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 28 पैसे मजबूत होकर 92.91 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जबकि उससे एक दिन पहले बृहस्पतिवार को इसमें 19 पैसे की बढ़त दर्ज की गई थी। मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया कमजोर हुआ है। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से निकट अवधि में रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया विनिमय दर 93 से 93.60 प्रति डॉलर के दायरे में रह सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 98.03 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 4.64 प्रतिशत गिरकर 94.57 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# चांदी में 5175 रुपये प्रति किलो की बड़ी गिरावट

नयी दिल्ली। सटोरियों के स्तर पर सौदे कम करने से सोमवार को चांदी का वायदा भाव 5,175 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2,51,967 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया।

मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मई आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध 5,175 रुपये यानी 2.01 प्रतिशत गिरकर 2,51,967 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहे थे। इस दौरान कुल 1,505 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली और अपने सौदे घटाने से चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, न्यूयॉर्क में चांदी 1.54 प्रतिशत गिरकर 79.64 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### सोना 1310 रुपये गिरकर बंद

नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में सोमवार को कमजोर हाजिर मांग के कारण गिरावट दर्ज की गई और यह वायदा कारोबार में 1,310 रुपये गिरकर 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून की आपूर्ति वाले सोने का अनुबंध 1,310 रुपये यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,53,299 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान कुल 1,119 लॉट का कारोबार हुआ।

# डाक विभाग का राजस्व 2025-26 में 16 प्रतिशत बढ़कर 15296 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। डाक विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में 15,296 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो एक साल पहले की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सिंधिया ने डाक विभाग की वार्षिक कारोबारी बैठक के बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विभाग के लिए यह वर्ष ऐतिहासिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में विभाग का राजस्व 13,218 करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर 15,296 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, नए ग्राहकों को जोड़ने और ग्राहकों के साथ सिक्स सिग्मा स्तर के सेवा समझौतों को लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे अगले वित्त वर्ष में और अधिक वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य है। यह विभाग के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा है। हमने इस साल तीन नए उत्पाद भी पेश किए। अब हमारा ध्यान सेवाओं के विस्तार, नए ग्राहकों के अधिग्रहण और सख्त सिक्स सिग्मा सेवा मानकों के अनुरूप प्रदर्शन पर है, ताकि नए वित्त वर्ष में और भी बेहतर वृद्धि दर्ज की जा सके। संचार मंत्री ने कहा कि डाक विभाग ने लंबे समय बाद 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल की है और इस रफ्तार को आगे भी कायम रखने का प्रयास किया जाएगा।

# अमेरिका के साथ आर्थिक संबंध अब कमजोरी, सुधार जरूरी : कार्नी

वैंकूवर। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि अमेरिका के साथ कनाडा के मजबूत आर्थिक संबंध, जो पहले एक ताकत माने जाते थे, अब कमजोरी बन गए हैं और इसमें सुधार की आवश्यकता है।

कार्नी ने 10 मिनट के इस संबोधन में कहा कि सरकार कनाडा की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, नए निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया अधिक असुरक्षित और विभाजित हो गई है। अमेरिका ने व्यापार के प्रति अपना रुख पूरी तरह बदल दिया है और शुल्क बढ़ा दिए हैं, जो महामंदी के समय के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। कार्नी ने कहा कि अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंधों पर आधारित हमारी कई पुरानी ताकतें अब कमजोरियों में बदल गई हैं, जिन्हें हमें सुधारना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क का असर वाहन और इस्पात उद्योग के श्रमिकों पर पड़ा है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि अनिश्चितता के माहौल के कारण कंपनियां निवेश करने से हिचक रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई कनाडाई नागरिक ट्रंप की उस टिप्पणी से नाराज हैं, जिसमें उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का सुझाव दिया था।

# कच्चे तेल का उत्पादन 2000 बैरल प्रतिदिन बढ़ा



जयपुर। वैश्विक तेल बाज़ार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन को बढ़ावा देते हुए राजस्थान के मंगला तेल क्षेत्र से उत्पादन में प्रतिदिन लगभग 2,000 बैरल की वृद्धि हुई है।

इस क्षेत्र का परिचालन करने वाली कपंनी के अधिकारियों के अनुसार कच्चे तेल के उत्पादन में यह बढोतरी तकनीकी नवाचार और रणनीतिक पुनर्विकास योजना के माध्यम से इस पुराने तेल क्षेत्र में होने वाली प्राकृतिक गिरावट को रोककर प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि मंगला तेल क्षेत्र की खोज 2004 में हुई थी और इससे उत्पादन 2009 में शुरू हुआ। मंगला तेल क्षेत्र देश के सबसे बड़े जमीनी (आनशोर) तेल भंडारों में से एक है और इसने राजस्थान को एक प्रमुख कच्चा तेल उत्पादक क्षेत्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, प्राकृतिक रूप से भंडार कम होने के कारण इस क्षेत्र से उत्पादन समय के साथ घट रहा था जिससे परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा हो रही थीं। पुनर्विकास रणनीति के तहत साइडट्रैकिंग जैसी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है-जिसमें मौजूदा कुओं को फिर से व्यवस्थित करके उन भंडारों तक पहुंचा जाता है जिनका पहले दोहन नहीं हुआ था-जिससे लागत और भूमि पर उसके असर, दोनों में कमी आती है। कंपनी ने उत्पादन दर में सुधार करने और लंबे समय तक उत्पादन बनाए रखने के लिए विस्तारित तेल खोज के तरीके भी लागू किए जिनमें पॉलीमर इंजेक्शन और अल्कलाइन-सरफेक्टेंट-पॉलीमर फ्लडिंग शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, पुनर्विकसित कुओं में से केवल एक कुएं से ही शुरुआती चरण में प्रतिदिन लगभग 2,000 बैरल तेल मिलना शुरू हो गया जो इस पहल की सफलता का परिचायक है। पुराने जमीनी (भूस्थित) तेलक्षेत्रों से होने वाली इस तरह की क्रमिक वृद्धि, घरेलू उत्पादन को सहारा देकर, आयात पर निर्भरता कम करके और लागत को नियंत्रित करते हुए देश के लिए व्यावहारिक अल्पकालिक सहारा प्रदान कर सकती है। मंगला तेल क्षेत्र में उत्पादन के रुझान बताते हैं कि शुरुआती वर्षों में इसमें लगातार वृद्धि हुई जिसके बाद धीरे-धीरे गिरावट आई। विशेषज्ञों के अनुसार, पुराने जमीनी तेल क्षेत्रों में ऐसा होता ही है। 2009 में उत्पादन शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र से 50 करोड़ बैरल से अधिक कच्चा तेल निकाला जा चुका है। 2009 और 2014 के बीच उत्पादन काफी मज़बूत रहा और लगभग 2,00,000 बैरल प्रतिदिन के स्तर पर बना रहा। हालांकि, 2015 से उत्पादन में गिरावट आने लगी।

# ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

न्यूयॉर्क। ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बाजार की यह प्रतिक्रिया पिछले दो दिनों से इस जलमार्ग को लेकर बनती-बिगड़ती उम्मीदों के बीच आई। ईरान ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने तट के पास से वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खोल देगा, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण रखता है। हालांकि, शनिवार को तेहरान ने अपना फैसला वापस ले लिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध अब आठवें सप्ताह में है। इस युद्ध ने दशकों में सबसे भीषण वैश्विक ऊर्जा संकटों में से एक को जन्म दिया है। एशिया और यूरोप के वे देश जो पश्चिम एशिया से अपने तेल के एक बड़े हिस्से का आयात करते हैं, आपूर्ति रुकने और उत्पादन में कटौती से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि पेट्रोल की कीमतें अगले साल ही कुछ राहत दे सकती हैं। कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद से लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। संघर्ष से पहले कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जो बाद में बढ़कर 119 अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गई। शुक्रवार को अमेरिकी कच्चा तेल 82.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 90.38 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर भाव पर बंद हुआ।

## पेज एक का शेष

### जम्मू-कश्मीर

संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई। शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बाद में हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्वाई की। उसने कहा मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में हुए बस हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। मैं दुखद घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बस दुर्घटना में हुई लोगों की मौत के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### मुख्यमंत्री ने

कारण वे अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच पा रहे थे। इससे किसानों में नाराजगी थी और उन्हें बिचौलियों को औने-पौने दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा था। किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल हस्तक्षेप किया। नए आदेश के अनुसार अब किसान पूर्व के वर्षों की तरह बिना रजिस्ट्री के भी सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे। सरकार ने इस बार रबी सीजन के लिए गेहूं की खरीद 30 मार्च से ही शुरू कर दी है। प्रदेश में 20 दिन से गेहूं की सरकारी खरीद चल रही है. अभी इन केंद्रों को 15 जून तक जारी रखा जाएगा। इस बार सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी भी बढ़ा दिया है। यह पिछले साल से 160 रुपये ज्यादा बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। अब बिना रजिस्ट्री गेहूं खरीद का आदेश जारी करने से किसानों को और भी राहत मिल गई है।

### बंगाल में

दावा किया कि बंगाल को कांग्रेस, कम्युनिस्ट और टीएमसी ने कंगाल बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और रोजगार के नए अवसर बने हैं और बंगाल में भी यही मॉडल लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कानून व्यवस्था प्रभावित है। चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार आने पर उद्योग-धंधे बढ़ेंगे, किसानों को लाभ मिलेगा और नौजवानों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि बंगाल अराजकता से मुक्त होकर विकास की राह पर आगे बढ़े।

### नारी शक्ति

की शुरूआत होगी। मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे। यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर विधानसभा तक जाएगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं को जुटाने की तैयारी है। लखनऊ और आसपास के जिलों से पार्टी की महिला कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी इस पदयात्रा में मौजूद रहेंगे। इसके बाद 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में एक विशाल महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बरेका मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 50 हजार महिलाओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं और इसे नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में एक बड़ा जनसंदेश देने का मंच बनाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप के अनुसार, संसद में विपक्ष के रवैये को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस विशेष सत्र में नारी वंदन बिल को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही सरकार जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। भाजपा इस पूरे अभियान के जरिए न केवल राजनीतिक बढ़त हासिल करना चाहती है, बल्कि महिला मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ को भी मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सक्रिय भागीदारी से यह साफ है कि पार्टी इस मुद्दे को बड़े स्तर पर जनता के बीच ले जाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।

### राहुल मामले

हाईकोर्ट की एक नजीर आ गयी कि प्रस्तावित अभियुक्त के खिलाफ कोई आदेश देने से पहले उसे सुनना अनिवार्य है। इस केस में राहुल के खिलाफ कोई नोटिस नहीं जारी की गयी थी जिससे उनका पक्ष भी कोर्ट के सामने आता। इस स्थिति में कोर्ट ने जब 18 अप्रैल के अपना आदेश हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया तो खुली अदालत में लिखाया आदेश नहीं अपलोड किया अपितु मामले को आगे की सुनवायी के लिए सोमवार को लगा दिया था। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस विद्यार्थी ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई विवादित पोस्टों का जिक्र किया। उक्त पोस्ट्स में कोर्ट पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, पोस्ट्स में फाउल प्ले, बैक रूम एक्सरसाइज और डीप स्टेट जैसे शब्दों का उपयोग किया गया, जिससे कोर्ट की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा।

जस्टिस विद्यार्थी ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची ने अदालत के प्रति विश्वास खो दिया है और सार्वजनिक रूप से इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। जस्टिस विद्यार्थी ने अपने आदेश में आगे कहा कि इस प्रकार के आरोप न्यायालय के विरुद्ध आक्षेप लगाने के समान हैं और ऐसी स्थिति में उनके लिए इस मामले की सुनवाई जारी रखना उचित नहीं है।

### बड़ा प्रशासनिक

डीएम शशांक त्रिपाठी को अयोध्या का डीएम, मुख्यमंत्री व नागरिक उड्डयन विभाग के विशेष सचिव और निदेशक नागरिक उड्डयन ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को सीएम का विशेष सचिव, एटा के डीएम प्रेम रंजन सिंह को अपर राज्य निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान तथा निदेशक मध्यान्ह भोजन अभिकरण, हापुड़ के डीएम अभिषेक पांडेय को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद, अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन को विशेष सचिव कृषि विभाग, बांदा की डीएम जे रीभा को विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म बनाया गया है। अरुण कुमार विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म और अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म को विशेष सचिव के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। फरूर्खाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी, सोनभद्र के डीएम बद्री नाथ सिंह को विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद की जिम्मेदारी दी गई है। दीक्षा जैन सीडीओ कानपुर नगर से एसीईओ उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर, डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार सीडीओ शाहजहांपुर से उपाध्यक्ष बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण, प्रणता ऐश्वर्या सीडीओ सीतापुर से उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, उत्कर्ष द्विवेदी संयुक्त मजिस्ट्रेट सोनभद्र को सीडीओ शाहजहांपुर, अभिनव जे जैन संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा को सीडीओ कानपुर नगर और दीक्षा जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट मेरठ को सीडीओ सीतापुर बनाया गया है। इससे पहले योगी आदित्यनाथ सरकार ने रविवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया था। 40 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए थे। इनमें 15 जिलों के डीएम को बदल दिया गया था। इनमें से 8 डीएम को एक जिले से हटाकर दूसरे जिले का डीएम बनाया गया था।

### जापान में

पर, विशेषकर उंचाई वाले इलाकों में शरण लेने की अपील की है। साथ ही अलर्ट जारी करके कहा कि आने वाले लगभग एक सप्ताह तक भूकंप के बाद का प्रभाव बना रह सकता है, ऐसे में लोग सतर्क रहें। इवाते प्रांत में प्रशासन ने 11 कस्बों के लोगों को एहतियातन घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में अधिकतम तीन मीटर (करीब 10 फुट) उंची सुनामी लहरें उठ सकती हैं। इवाते और उत्तर में स्थित आओमोरी तथा दक्षिण-पूर्वी होक्काइडो में सुनामी चेतावनी जारी की गई है।

### ईरान-अमेरिका

ईरान के साथ राजनयिक संपर्क तेज कर दिए हैं। तैयारियों में शामिल दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं किये जाने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि वे प्रेस से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को पाकिस्तान की राजधानी के लिए रवाना होंगे, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि अब इन योजनाओं में कोई बदलाव होगा या नहीं।

### नासा के

मांग को संतुलित तरीके से पूरा किया जा रहा है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई का सफल सिंक्रनाइजेशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली में सुधार के तहत नए उपकेंद्र स्थापित किए गए, जर्जर लाइनों का आधुनिकीकरण हुआ और स्मार्ट तकनीकों का उपयोग बढ़ा। इससे बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और निर्बाध हुई है, साथ ही लाइन लॉस में भी उल्लेखनीय कमी आई है। प्रदेश सरकार के कार्यकाल में बिजली क्षेत्र में डिजिटल तकनीकों का व्यापक इस्तेमाल हुआ है।

### आयुष्मान भारत

सरकारी अस्पताल शामिल हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योगी ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए मजबूत नेटवर्क तैयार किया है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि इन अस्पतालों में बड़ी संख्या में ऐसे संस्थान शामिल हैं, जहां एबीडीएम-इनेबेल्ड एचएमआईएस की सुविधा उपलब्ध है, जिससे मरीजों को डिजिटल और पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं। पिछले एक वर्ष में प्रदेश ने उच्च गुणवत्ता वाले अस्पतालों को प्राथमिकता देते हुए सूचीबद्ध करने की नीति अपनाई है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि हाल ही में 100 या उससे अधिक बेड वाले 55 बड़े अस्पतालों को योजना से जोड़ा गया है। इन अस्पतालों के शामिल होने से प्रदेश में द्वितीयक और तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है।




# मुंबई ने गुजरात को दिया 200 रन का लक्ष्य

## आईपीएल में तिलक वर्मा का पहला शतक, 8 चौके और 7 छक्के लगाये

एजेंसी



अहमदाबाद । मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 101 रन की पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रन), क्विंटन डी कॉक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बॉल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की।

इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बॉल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरूआती 3 बॉल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए। 14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बॉल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वॉशिंगटन सुंदर की दूसरी बॉल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बॉल पर एक चौका भी लगा दिया।

सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरूआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरूआती दो बॉल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी कॉक को अपनी ही बॉल पर कैच किया। डी कॉक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है।

उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बॉल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने छइह कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 2 रन दिए। सिराज के ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि पिछले मैच की प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर मुंबई की ओर से दानिश मालेवार और कृष भगत डेब्यू कर रहे हैं। रोहित शर्मा यह मैच भी नहीं खेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है।

उन्होंने सोमवार को यह जानकारी दी। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा जिसमें वह प्रभारी होंगे। किरण ने पीटीआई से कहा, मुझे असम रणजी टीम का कोच नियुक्त किए जाने पर बहुत खुशी है। मैं उनके साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हूं। किरण ने 71 सीनियर स्तर के मुकाबलों (प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए) में लगभग 3500 रन बनाए हैं। किरण ने बताया कि जब वह सीके नायुडू ट्रॉफी के लिए मुंबई की अंडर-23 टीम के साथ आए थे तो वह असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के विज़न से बहुत प्रभावित हुए थे जिसकी वजह से उन्होंने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

### हम एक दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं : कोनोली

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की। कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की।

# दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा हैदराबाद



हैदराबाद। पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैः

सनराइजर्स हैदराबादः ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

## संक्षेप

### एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर : सूरज चंद ने पुरूष एकल खिताब जीता

चेन्नई। भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

### अतिका मीर ने इटली में दूसरा स्थान किया हासिल

लेनाटो (इटली)। भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने यहां साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 खिलाड़ी चुने

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से नौ मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए सोमवार को 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हराया, खिताबी दौड़ रोमांचक

एजेंसी



मैनचेस्टर। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी। हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो लीग में उनका 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की।

# तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, व हरियाणा अंतिम-16 में

एजेंसी

देहरादून। जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में सोमवार को लड़कों की टीम स्पर्धाओं के शुरुआती दो दौर काफी हद तक उम्मीद के मुताबिक रहे, जिसमें खिताब के

- महाराष्ट्र, पीएसपीबीए, दिल्ली एनसीओइ भी शामिल

दावेदार राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने अपना दबदबा कायम रखा। अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, पीएसपीबीए, दिल्ली, एनसीओई और हरियाणा ने एक राउंड शेष रहते ही प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली, जिससे पदक के प्रबल दावेदार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई।



ऐसे में ग्रुप में दूसरा स्थान तय करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होगी।

तमिलनाडु ने ग्रुप ए में पंजाब और चंडीगढ़ को समान रूप से 3-0 से हराया, जबकि ग्रुप बी में बंगाल ने अपने दोनों मैच जीते। टीम ने उत्तर प्रदेश को 3-0 और गुजरात को 3-1 से हराया। ग्रुप सी में जम्मू-कश्मीर ने असम को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। असम ने इसके बाद मणिपुर को 3-0 से हराया, जबकि जम्मू-कश्मीर ने नगालैंड को इसी अंतर से हराया। महाराष्ट्र ने ग्रुप डी में उत्तराखंड और कर्नाटक को 3-0 से हराया। कर्नाटक और उत्तराखंड ने इसके बाद झारखंड पर समान रूप से 3-0 की जीत के साथ अच्छी वापसी की। ग्रुप ई में पीएसपीबीए का दबदबा रहा, जिसने गोवा को 3-1 और राजस्थान को 3-0 से हराया। दिल्ली ने ग्रुप एफ में छत्तीसगढ़ को आसानी से 3-0 से हराया, लेकिन ओडिशा से उसे कड़ी टक्कर मिली।

दिल्ली ने ओडिशा को 3-2 से मात दी। ग्रुप जी में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहाँ हिमाचल प्रदेश ने मध्य प्रदेश को 3-2 से हराया, जबकि एनसीओई से उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। एनसीओई ने पुडुचेरी को 3-0 से मात देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

### डीपी बर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का नूंह में होगा आगाज

नूंह। वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी सोमवार को यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# ईटीपीएल में ग्लास्गो टीम की घोषणा

एजेंसी

मुंबई। पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने सोमवार को स्कॉटलैंड की ग्लास्गो मुगाफियंस फ्रेंचाइजी की घोषणा की जिसमें वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जायेगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जायेंगे। लीग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक ने कहा हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिये सबसे रोमांचक नये क्षेत्रों में से एक है जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनायें हैं। हम इस लीग के माध्यम से नयी प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनायेंगे।

- क्रिस गेल व मुगापी ग्रुप मालिक

वहीं गेल ने कहा, ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी। मुगाफी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ विपुल अग्रवाल ने कहा , दुनिया भर में क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या बढ रही है।

# शिवम साहू बने बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के चेयरमैन

खेल संवाददाता



लखनऊ। उद्यमी व समाज सेवी शिवम विजय साहू को बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ का चेयरमैन सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गत 17 अप्रैल को हुई एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने रखा जिसका सचिव सहदेव सिंह ने समर्थन किया। इस प्रस्ताव को सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। बैठक के बाद अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री व सचिव सहदेव सिंह ने बताया कि शिवम विजय साहू की नियुक्ति से बाक्सिंग खेल को लखनऊ में नया आयाम मिलेगा और लखनऊ के बाक्सरों की सुविधाओं मे बढ़ोत्तरी होगी। मनोनयन के पश्चात नवनिर्वाचित चेयरमैन शिवम विजय साहू ने कहा कि हम बाक्सिंग के लखनऊ में और ज्यादा विस्तार के लिए काम करेंगे। हमारा प्रयास होगा कि लखनऊ के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक एक्सपोजर मिले ताकि शहर के बाक्सर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सके।

### भारत को विश्व एथलेटिक्स ने बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

मोनाको। पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

# 65 किग्रा भार में अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं। सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा, मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं।

इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा।

### प्रणवी उर्स जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से यहां जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता। अगाथे, कर्स्टन और दक्षिण अफ्रीका की कसांड्रा एलेक्जेंडर नियमित खेल के बाद 19 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं।

# आईएसएसएफ विश्व कप में दांव पर दो स्वर्ण

एजेंसी




काहिरा। भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा।

भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे। भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी।

उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी भारत के छह खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और मिश्रित स्पर्धा में 2023 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल भी शामिल है। वह तीन साल के अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। डेफलिम्पिक्स 2025 के चैंपियन अभिनव देशवाल, अभिनव चौधरी, अभय धामा, हिमांशु राणा और 17 वर्षीय चिराग शर्मा अन्य भारतीय निशानेबाज है जो इस स्पर्धा में अपना भाग्य आजमाएंगे। क्वालीफाइंग राउंड के बाद हालांकि किसी एक देश के अधिकतम तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे।

# बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल

## बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वॉयड बनायेगी, सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ



सैंथिया (पश्चिम बंगाल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्काड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं।

राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो 'गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के 'बांग्ला निजेर मेयेकेई चायै का जिक्र करते हुए कहा, आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिएै दुर्गा स्काडै का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा, महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्काड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य मैं भय का माहौलै है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति 'न्याय और मानवता पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर। उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी। बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी।

# अन्नाद्रमुक के नेतृत्व ने भाजपा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया हैः राहुल



कन्याकुमारी (तमिलनाडु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अन्नाद्रमुक का नेतृत्व भ्रष्टाचार के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सामने 'समर्पण कर चुका है।

गांधी ने कहा कि द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक), कांग्रेस और उनके सहयोगी दल तमिल भाषा, संस्कृति और इतिहास की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे (आरएसएस) भी जानते हैं कि तमिल उन्हें चुनौती दे सकते हैं। गांधी ने संघीय सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि हर राज्य की अपनी आवाज और प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा, जनता को अपने राज्य को खुद चलाना चाहिए, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं सोचती वह एक परंपरा, एक भाषा और एक इतिहास में विश्वास करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि तमिलनाडु पर यहां की जनता का शासन होना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर राज्यों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'भाजपा संविधान का पालन नहीं करती वह राज्यों को कमजोर करना चाहता है। मणिपुर में हुए संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, देखिए उन्होंने शांतिपूर्ण राज्य मणिपुर के साथ क्या किया। उसे आग में झोंक दिया गया, सैकड़ों लोग मारे गए और अब भी वहां संघर्ष जारी है। महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर संसद में हुई चर्चा का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का वास्तविक उद्देश्य देश की चुनावी संरचना को बदलना था। उन्होंने कहा, इसके लिए केवल यही कहा जा सकता है कि यह राष्ट्रविरोधी कदम था। गांधी ने कहा, इसीलिए, हमने संसद में उस विधेयक को खारिज किया और हम किसी भी ऐसे विधेयक का विरोध जारी रखेंगे, जो देश में किसी के प्रतिनिधित्व को कम करने की कोशिश करेगा।

## संक्षेप

### कोर्ट ने 20 लोगों को दोषी ठहराया

असम। एक अदालत ने आठ साल पहले भीड़ द्वारा दो व्यक्तियों को बच्चा चोर होने के संदेह में पीटकर मार डालने के मामले में 20 लोगों को सोमवार को दोषी ठहराया और मामले में आरोपी 25 अन्य को बरी कर दिया। जिला सत्र न्यायाधीश डी. जे. महंत ने इस मामले में 45 आरोपियों में से 20 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। इनमें गैरकानूनी सभा के एक या अधिक सदस्यों द्वारा की गई हत्या, दंगा, लोक सेवक को उनके आधिकारिक कर्तव्य का पालन करने से रोकना और स्वेच्छा से चोट पहुंचाना शामिल है। अदालत ने यह भी फैसला सुनाया कि अभियोजन पक्ष इस मामले में गिरफ्तार किए गए 25 अन्य लोगों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में विफल रहा है, जो वर्तमान में जेल में बंद हैं। आरोपियों को सजा 24 अप्रैल को सुनाई जाएगी। अधीक्षक को बरी किए गए व्यक्तियों को रिहा करने का निर्देश दिया, जबकि आरोपियों को उनके वकीलों के साथ 24 अप्रैल को सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में उपस्थित रहना होगा। इस मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन तीन अन्य आरोपी नाबालिग थे और उन्हें वर्तमान में जोरहाट किशोर सुधार गृह में रखा गया है।

# सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश के नौकरशाहों को संबोधित करेंगे।

भारत में हर साल सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, जो सिविल सेवकों को नागरिकों के प्रति स्वयं को समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा व उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर प्रदान करता है। सिविल सेवा दिवस प्रतिवर्ष देशभर के सिविल सेवकों के लिए नागरिकों के हित में स्वयं को समर्पित करने और लोक सेवा तथा अपने कार्य में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का अवसर है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, वर्ष 1947 में इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिविल सेवकों को भारत का मजबूत स्तंभ बताया था। यह अवसर सिविल सेवकों को नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति अपनी दृढ़ता को नवीनीकृत करने का अवसर प्रदान करता है।

# तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध कर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया

एजेंसी



पश्चिम बंगाल। प्रमुख नितिन नवीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध कर उनके (महिलाओं के) साथै विश्वासघातै किया है।

पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामलौ अल्पसंख्यकों के आरक्षणै का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में मीलों पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। भाजपा नेता ने नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयास और तृणमूल द्वारा इसे बाधित करने के बीच के अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेन्द्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। नवीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखालि से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि मां, माटी, मानुष सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। नवीन ने तृणमूल की तुष्टीकरण की राजनीति पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि बंगाल में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान में लोग सनातन विरोधी ताकतों को करारा जवाब देंगे। नवीन ने सिंडिकेट संस्कृति को खत्म करने और योज्ञता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित बंगाल का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# घरेलू उत्पादों के लिए अमेरिका में बाजार का इच्छुक है भारत



नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की बातचीत के लिए वाशिंगटन में मौजूद भारतीय अधिकारियों का एक दल अमेरिका में घरेलू वस्तुओं के लिए तरजीही बाजार पहुंच से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेगा। गोयल ने यहां सवांददाताओं से कहा कि हमने उनके साथ मुक्त व्यापार समझौते को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण है।

उन्होंने कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कौन सी प्रणाली हो सकती है जिसके द्वारा भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अमेरिकी बाजार में तरजीही बाजार पहुंच मिल सके। गोयल ने कहा कि भारतीय टीम वाशिंगटन में रहते हुए इन पहलुओं पर चर्चा करेगी। अमेरिकी अधिकारियों के साथ तीन दिवसीय व्यापार वार्ता के लिए भारतीय अधिकारियों का एक दल वाशिंगटन में हैं। चूंकि अमेरिका में शुल्क परिदृश्य बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार करना चाहेंगे। समझौते की रूपरेखा पर सात फरवरी को संयुक्त बयान जारी किया गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद, ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था। उस रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और शेष शुल्क में कटौती करने वाला था। समझौते के तहत 25 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की दरें तय की गई थीं। लेकिन 20 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुलक लगाने की घोषणा की। इन बदलावों के मद्देनजर, भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों की फरवरी में होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई। उसके बाद वे अब वाशिंगटन में मिल रहे हैं।

# भागवत ने भारत में संस्कृत के अधिक प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में संस्कृत के अधिक प्रचार-प्रसार की सोमवार को पुरजोर वकालत की और कहा कि इसके प्रसार में वृद्धि न केवल अन्य सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध करेगी और उनके बीच एक सेतु का काम करेगी।

बल्कि लोगों को भारत के प्राचीन विचारों और संस्कृति से भी जोड़ेगी। भागवत ने संस्कृत भारती के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत नाम केवल भौगोलिक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक परंपरा है, एक आधार है जिस पर जीवन का प्रवाह निरंतर बना रहता है। यह एक ऐसी परंपरा है जो संपूर्ण ब्रह्मांड में जीवन को बनाए रखती है, जिसमें इसके सभी सजीव और निर्जीव घटक शामिल हैं। विश्व को इस परंपरा की निरंतर आवश्यकता है और इस आवश्यकता को पूरा करना उन लोगों का कर्तव्य है जो स्वयं को भारतीय मानते हैं। भागवत ने कहा कि इसके लिए भारत को जानना और समझना आवश्यक है, साथ ही इसके ज्ञान की संपूर्ण संपदा को भी समझना होगा, ताकि इसे जीवंत रखा जा सके और आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि ये सब करना है, तो भारत को समझने के लिए संस्कृत को समझना अनिवार्य है। भारत में अनेक भाषाएं हैं। भारत की प्रत्येक भाषा अपने आप में एक राष्ट्र भाषा है। लेकिन इन विविध राष्ट्र भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी क्या है? वह है संस्कृत। भागवत ने संस्कृत भारती से देश में संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करने का आह्वान किया और कहा कि इस दिशा में कार्य इतना आगे बढ़ना चाहिए कि भारत का हर व्यक्ति संस्कृत में बातचीत करने में सक्षम हो सके।

## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर 2' ने वर्ल्डवाइड कमाये 1783 करोड़



**मुंबई।** आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड ब्रेकिंग परफॉर्मेंस कर रही है। रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के 32 दिन पूरे कर लिए हैं और अब यह वर्ल्डवाइड 1783 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। फिल्म अपने पांचवें हफ्ते में भी शानदार प्रदर्शन कर रही है और जल्द ही 1800 करोड़ के क्लब में शामिल हो सकती है।

पांचवें वीकेंड में भी शानदार पकड़ फिल्म ने अपने पांचवें वीकेंड (शुक्रवार से रविवार) में कुल 13.50 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है। शुक्रवार (30वें दिन) को फिल्म ने 3 करोड़, शनिवार को 5 करोड़ और रविवार (32वें दिन) को 5.50 करोड़ रुपए कमाए। एक महीना बीत जाने के बाद भी फिल्म की कमाई में तेजी जारी है। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है। भारत में 1153 करोड़ का नेट कलेक्शन 'धुरंधरः द रिवेंज' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक 1153 करोड़ रुपए (नेट) कमा लिए हैं। अगर ग्रॉस कलेक्शन की बात करें तो भारत में यह आंकड़ा 1360 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई 690 करोड़ थी, जिसने एक मजबूत बेस तैयार किया था। इसके बाद दूसरे हफ्ते में 271 करोड़, तीसरे में 120 करोड़ और चौथे हफ्ते में 58 करोड़ रुपए का कलेक्शन रहा। धुरंधर 2 दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म भी बन चुकी है। धुरंधर 2 ने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली-2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है। धुरंधर 2 दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई। धुरंधर 2 ने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया।

अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली-2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन भारत में 4.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,110.47 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,329.31 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म ने 31वें दिन 1.10 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 419.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

# मुझे कोई काम नहीं दे रहा : अर्चना सिंह

**मुंबई।** फिल्म 'निकाह' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अर्चना पूरन सिंह आज 'कपिल शर्मा शो' की जज के तौर पर पहचानी जाती हैं। हालांकि, इसी शोहरत ने उनके एक्टिंग करियर पर ब्रेक लगा दिया है। एक इंटरव्यू में अर्चना ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि कपिल के शो की व्यस्तता के कारण उन्होंने इतने प्रोजेक्ट्स को मना किया कि अब मेकर्स ने उन्हें काम ऑफर करना ही बंद कर दिया है। स्कॉटलैंड में 25 दिन की शूटिंग छोड़नी पड़ी शोशा को दिए इंटरव्यू में अर्चना ने बताया कि कुछ साल पहले उन्हें एक फिल्म के लिए स्कॉटलैंड में 25 दिनों के शूट का ऑफर मिला था। उस वक्त 'द कपिल शर्मा शो' टीवी पर आता था और साल में करीब 100 एपिसोड शूट होते थे। शो की टाइट डेट्स के कारण उनके पास किसी और फिल्म के लिए समय नहीं बचता था।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन के अप्रूवर बनने पर विवाद



**मुंबई।** 200 करोड़ रुपए के हाई-प्रोफाइल मनी लॉन्ड्रिंग केस में नया कानूनी मोड़ आया है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी देकर खुद को अप्रूवर यानी सरकारी गवाह बनाने की मांग की है। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है,

जिस पर करोड़ों की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार जैकलीन की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में आपत्ति जताई है। एऊ ने कोर्ट से कहा कि याचिका अस्पष्ट और अधूरी है, इसलिए जवाब के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने ईडी की बात मानते हुए उसे जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकलीन ने कोर्ट में कहा कि वह जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहती हैं।

# सलमान खान की फिल्म 'राजा शिवाजी' में एंट्री कन्फर्म



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान की एंट्री कन्फर्म कर दी है। रितेश देशमुख ने यह घोषणा हाल ही में 'बिग बॉस मराठी सीजन 6' के दौरान की। उन्होंने साफ कहा कि सलमान खान इस फिल्म में एक बड़ा और अहम रोल निभाने वाले हैं। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है और फैंस अब सलमान के किरदार को लेकर कयास लगा रहे हैं। हालांकि, फिल्म में सलमान खान किस भूमिका में नजर आएंगे, इस पर अभी सस्पेंस बरकरार है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह छत्रपति शिवाजी महाराज के करीबी सहयोगी जीवा महाला का किरदार निभा सकते हैं, लेकिन मेकर्स ने इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। 'राजा शिवाजी' एक भव्य ऐतिहासिक फिल्म है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, वीरता और नेतृत्व पर आधारित है।

इस फिल्म में रितेश देशमुख खुद शिवाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी दमदार है। इसमें अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, विद्या बालन और जेनेलिया देशमुख समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। सलमान खान के जुड़ने से फिल्म का स्केल और भी बड़ा हो गया है, जिससे इसे पैन-इंडिया स्तर पर जबरदस्त फायदा मिलने की उम्मीद है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com